दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 129 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 17 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया





किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# एआई इम्पैक्ट समिट 2026 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महाकुंभ': जितिन प्रसाद

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारतीय वाणिज्य एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पांच दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का "महाकुंभ" बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का विशाल स्तर और भारी भागीदारी भारत की डिजिटल यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है।

नवाचार और उद्यमिता पर जोर

'फ्रॉम एआई यूजर टू क्रिएटर' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने नवाचारकों और उद्यमियों से एआई को तेजी से अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एआई के जरिए विकसित नए समाधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक नेतृत्व की




दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### भारत की बदलती तकनीकी पहचान

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब केवल एआई का उपयोग करने वाला देश नहीं रहा, बल्कि एआई विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक तकनीक और व्यापार देश की आर्थिक प्रगति के दो प्रमुख इंजन बनकर उभर रहे हैं।

### कौशल विकास और क्षेत्रीय जरूरतों पर फोकस

मंत्री ने जोर देकर कहा कि एआई केवल अकादमिक विषय न रहकर युवाओं के कौशल विकास का मजबूत माध्यम बने। उन्होंने सुझाव दिया कि एआई का उपयोग राज्यों और क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार किया जाए और चर्चा को केवल बड़े भाषा मॉडल तक सीमित न रखा जाए।

### ग्लोबल साउथ के लिए व्यावहारिक समाधान

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अब सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि ऐसे एआई समाधान चाहते हैं जो आम लोगों के जीवन पर सीधा असर डालें और कारोबार व जीवन को आसान बनाएं। उन्नत तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए।

### डेटा है एआई इकोसिस्टम का ईंधन

डेटा को एआई इकोसिस्टम का "ईंधन" बताते हुए मंत्री ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि तकनीक वास्तव में जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सके।

### वैश्विक साझेदारियों पर नजर

'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' में 2.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन का उद्देश्य वैश्विक एआई क्षेत्र में नई स-झेदारियां और व्यापार के अवसर पैदा करना है। (इनपुटः आईएएनएस)

## तेजी से बदलती तकनीक के साथ तालमेल जरूरी

जितिन प्रसाद ने चेतावनी दी कि जो सरकारें तेजी से बदलती तकनीक के साथ खुद को नहीं ढालेंगी, वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की 'टैलेंट कैपिटल' है, लेकिन भविष्य की तकनीकों को निरंतर अपनाते रहना अनिवार्य है।

## भारत से हार पर पाकिस्तान में 'गृहयुद्ध'

भारत से पाकिस्तान हारा क्या,



वहां बवाल मच गया. जिन खिलाड़ियों को सिर माथे पर बिठाए पाकिस्तानी घूम रहे थे, अब उन्हें कोसने लगे हैं. लेकिन सबसे बड़ा बवाल तो सरकार में मचा हुआ है. सूत्रों का कहना है कि मैच में हार से पाकिस्तानी आर्मी चीफ का माथा गरम हो गया है. पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी के साथ उनकी ठन गई है.

टी20 वर्ल्ड कप मैच में भारत के हाथों मिली करारी हार ने न केवल क्रिकेट प्रेमियों का दिल तोड़ा है, बल्कि सरकार में भी एक बड़ी दरार पैदा कर दी है. जो शुरू में केवल एक खेल की हार लग रही थी, वह अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बीच एक विवाद में बदल गई है.

## कश्मीर में 'जेल ब्रेक', पाकिस्तानी कैदियों का तांडव

जम्मू-कश्मीर में दो पाकिस्तानी समेत तीन कैदी जेल ब्रेक करके



फरार हो गए. आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन होम (बाल सुधार केंद्र) में सोमवार की शाम सजा काट रहे तीन नाबालिग कैदियों ने फिल्मी अंदाज में फरारी की वारदात को अंजाम दिया. सोमवार शाम करीब 17:05 बजे हुई इस घटना में आरोपियों ने न केवल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया, बल्कि अंधाधुंध फायरिंग भी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

प्राप्त सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि फरार होने वाले तीन कैदियों में से दो पाकिस्तानी नागरिक हैं और तीसरा आरोपी लोकल अपाधी है. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक कैदी गैलरी में खड़े पुलिसकर्मियों गोली चलाता है. एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बचते हुए दिख रहा है. गोलीबारी के बाद जुवेनाइल सेंटर से फरार हो जाते हैं.

## कुट्टू का आटा खाने से 40 से अधिक लोग बीमार

ग्रेटर नोएडा वेस्ट। महाशिवरात्रि के अवसर पर कुट्टू का आटा खाने के बाद सुपरटेक इको विलेज 3 और हिमालय प्राइड सोसायटी के 40 से अधिक लोगों के बीमार पड़ने की खबर सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्रत के दौरान कुट्टू से बने खाद्य पदार्थों का सेवन करने के बाद कई लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद प्रभावित लोगों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सभी मरीजों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि कुट्टू के आटे में मिलावट या खराब गुणवत्ता के कारण फूड प्वाइजनिंग की स्थिति बनी।

# बैंकिंग शेयरों की खरीदारी से सेंसेक्स-निफ्टी में तेजी, दो दिन की गिरावट टूटी

**समाज जागरण**

मुंबई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी दर्ज की गई। बैंकिंग और फाइनेंशियल स्टॉक्स में मजबूत खरीदारी के दम पर दो दिन से जारी गिरावट थम गई और प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए।



30 शेयरों वाला BSE Sensex 650.39 अंक यानी 0.79% चढ़कर 83,277.15 पर बंद हुआ। वहीं Nifty 50 211.65 अंक या 0.83% बढ़कर 25,682.75 पर पहुंच गया।

### टेक्निकल आउटलुक

विशेषज्ञों के अनुसार, जब तक निफ्टी 25,500-25,400 के सपोर्ट जोन के ऊपर बना रहता है, तब तक बाजार का बड़ा स्ट्रक्चर सकारात्मक रहेगा।

ऊपर की ओर 25,700-25,800 का बैंड तत्काल रेजिस्टेंस माना जा रहा है। इस दायरे के ऊपर ब्रेकआउट मिलने पर निफ्टी 25,900-26,000 की ओर तेजी दिखा सकता है।

### बैंकिंग शेयरों ने संभाली कमान

सेशन के दूसरे हाफ में बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स पैक में Power Grid Corporation of India, HDFC Bank, Axis Bank, NTPC, ITC Limited और Asian Paints में करीब 4.5% तक की तेजी रही।

वहीं Tech Mahindra, Maruti Suzuki, Bajaj Finance, Mahindra & Mahindra और Trent Limitedमें 1.3% तक की गिरावट दर्ज हुई।

### रेगुलेटरी बदलाव का असर

Reserve Bank of Indiaद्वारा कैपिटल मार्केट एक्सपोजर नियमों में बदलाव के बाद इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों पर दबाव दिखा। सेशन के दौरान BSE Limited, Angel One और Multi Commodity Exchange of Indiaके शेयरों में करीब 10% तक गिरावट आई।

### मिडकैप-स्मॉलकैप में हल्की बढ़त

*बड़े बाजार के मुकाबले व्यापक बाजार में सीमित तेजी रही।*

निफ्टी मिडकैप इंडेक्सः +0.48%

निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्सः +0.11%

सेक्टोरल स्तर पर रियल्टी, ढरव बैंक, प्राइवेट बैंक और फार्मा शेयरों में खरीदारी रही, जबकि ऑटो और मेटल सेक्टर दबाव में रहे।

### रुपया लगभग स्थिर

रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 90.62 के आसपास फ्लैट ट्रेड करता दिखा। विशेषज्ञों के मुताबिक निकट अवधि में 90.25 के आसपास रेजिस्टेंस और 90.90 के पास सपोर्ट देखा जा रहा है।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और रेगुलेटरी बदलावों के बावजूद घरेलू खरीदारी के दम पर बैंकिंग शेयरों ने बाजार को संभाला और सूचकांक दिन के अंत में मजबूती के साथ बंद हुए। (इनपुटः आईएएनएस)

# बिहार में खुले में मांस बिक्री बैन, शव वाहन पर टैक्स खत्म, विजय सिन्हा का सदन में बड़ा ऐलान



बिहार की राजनीति में नए फैसलों को लेकर हलचल तेज है. बिहार विधान परिषद में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने घोषणा की कि राज्य में शव वाहन पर कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा. साथ ही पूरे राज्य में खुले में मांस बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लागू किया जाएगा. विजय सिन्हा ने कहा कि किसी की भावना को आहत नहीं होनी चाहिए.

**समाज जागरण**

पटना. बिहार विधान परिषद में राजस्व और प्रशासन से जुड़े कई अहम फैसलों की घोषणा की गई, जिसने सामाजिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चर्चा तेज कर दी है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य में शव वाहन पर लगने वाले सभी प्रकार के टैक्स को समाप्त करने का ऐलान किया है.

उप मुख्यमंत्री विजय ने सदन में स्पष्ट किया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और नगर विकास विकास शव वाहन पर किसी तरह का टैक्स नहीं लेगा. विजय सिन्हा ने कहा कि इसको लेकर हमने विधान परिषद में घोषणा कर दी है.

### खुले में नहीं बिकेगा मांसः विजय सिन्हा

विजय सिन्हा ने राज्य में खुले में मांस बिक्री को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है. डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सदन में घोषणा की कि पूरे बिहार में अब किसी भी हालत में खुले स्थानों पर मांस की बिक्री नहीं होने दी जाएगी. उन्होंने कहा कि स्वच्छता, स-ार्वजनिक स्वास्थ्य और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फैसला जरूरी है.

किसी की भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा. नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ाई जाए और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए.

# भारतीयों के लिए 'स्कॉलरशिप जिहाद' चला रहा तुर्किये, कश्मीर के बाद अब ढाका में पाकिस्तान ने खोला नया फ्रंट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. दुनिया के सामने पाकिस्तान एक 'विफल राष्ट्र' और तुर्किये 'इस्लामी कट्टरता का नया केंद्र' बनकर उभरे हैं. एक प्रमुख पोर्टल की रिपोर्ट ने दावा किया है कि ये दोनों देश मिलकर भारत के खिलाफ एक खतरनाक 'ग्रे जोन वॉर' छेड़ रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन और कुछ खाड़ी देशों के हाथों का खिलौना बन गया है, जिसका इस्तेमाल भारत को लहूलुहान करने के लिए "जहरीली नोक वाले खंजर" की तरह किया जा रहा है. रिपोर्ट ने बांग्लादेश में हुई हालिया उथल-पुथल में इस्लामाबाद की भूमिका को बेनकाब किया है. रिपोर्ट का दावा है कि पाकिस्तान ने 2024 में बांग्लादेश में हुए छात्र आंदोलन



को परोक्ष रूप से समर्थन दिया, जिसने देश को दो साल तक अराजकता और हिंसा की आग में झोंक दिया. जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के बाद, पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने की कोशिश की ताकि भारत को दो मोर्चों पर घेरा जा सके. भले ही 12 फरवरी 2026 के आम चुनावों के बाद बांग्लादेश में लोकतंत्र पटरी पर लौटता दिख रहा है, लेकिन पाकिस्तान की साजिशें अभी भी जारी हैं.

### तुर्किये का 'स्कॉलरशिप जिहाद' और भारत के लिए सलाह

रिपोर्ट में तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एदोर्गान की नीतियों पर तीखा हमला बोला गया है. तुर्किये को 21वीं सदी में 'कट्टरपंथ का इंजन' बताया गया है. तुर्किये भारतीय मुस्लिम छात्रों को स्कॉलरशिप देता है, लेकिन इसके पीछे का मकसद उन्हें शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन पर अपनी कट्टर विचारधारा थोपना है. वह भारत के 20 करोड़ मुसलमानों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है.

## सूर्य ग्रहण आज ,भारत में कहीं नही दिखेगा

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,16 फरवरी : इस साल का



पहला सूर्य ग्रहण मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजकर 26 मिनट लगेगा जो सायं 7 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। यह जानकारी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य दिवंगत पंडित कल्याण सरूप शास्त्री विद्यालंकार के पुत्र पंडित शिव कुमार शर्मा ने आज जैतो में दी। उन्होंने कहा कि यह ग्रहण अंट-ार्कटिका, दक्षिण अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका आदि में विशेष रूप से दिखाई देगा लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में कहीं दिखाई नहीं देगा जिस लिए इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जिस देश में ग्रहण दिखाई नहीं देता है वहां किसी भी राशि, राजनीतिक,आर्थिक व कारोबार पर तेजी - मंदी का शुभ व अशुभ प्रभाव नही पड़ता है।

## श्याम लाल कॉलेज में नारेबाजी को लेकर माहौल गरम, दूसरे दिन जवाबी प्रदर्शन

नई दिल्ली। राजधानी के श्याम लाल कॉलेज परिसर में नारेबाजी को लेकर माहौल गरमा गया है। सोशल मीडिया पर सामने आई जानकारी के अनुसार, एक दिन पहले जहां 'ब्राह्मणवाद मुदार्बाद' के नारे लगाए गए थे, वहीं अगले दिन जवाबी रूप में 'ब्राह्मणवाद जिंदाबाद' और 'ब्राह्मण एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए गए।

बताया जा रहा है कि यह नारेबाजी यूथ स्टैण्ड फॉर सोसायटी के नेतृत्व में की गई। संगठन से जुड़े लोगों ने इसे प्रतिक्रिया स्वरूप शांतिपूर्ण प्रदर्शन बताया।

# असम से केरल... 4 चुनावी राज्यों में कांग्रेस की फिर वही कहानी

सीट शेयरिंग को लेकर डीएमके के साथ तनाव हो, या असम के वरिष्ठ नेता भूपेन कुमार बोरा का इस्तीफा, या फिर केरल में मणिशंकर अय्यर से जुबानी जंग... कांग्रेस चार चुनावी राज्यों में अजीब से गृहयुद्ध जैसी स्थिति से जूझ रही है. यह ठीक वैसे ही जैसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में देखने को मिला. बीजेपी को इसमें चुटकी लेने का मौका मिल गया है.

बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला



ने एक्स पर लिखा, वे वफादार जिन्होंने अपना पूरा जीवन कांग्रेस में बिताया, अब खुलेआम राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे हैं! जब आपके अपने नेताओं को आपके नेतृत्व पर भरोसा नहीं है, तो अपनी पार्टी की स्थिति की कल्पना कीजिए. मणिशंकर अय्यर कहते हैं, 'मैं एक राजीव-वादी हूं, राहुलवादी नहीं". कांग्रेस बनाम राहुल गांधी! यानी कांग्रेस ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है!" बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कटाक्ष करते हुए लिखा कि कांग्रेस के पुराने वफादार अब राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे हैं. मणिशंकर अय्यर का यह कहना कि वह "राजीववादी हैं, राहुलवादी नहीं", पार्टी के भीतर गहरे असंतोष को दशार्ता है.

# 8 मार्च को जंतर-मंतर पर जुटने की अपील, सम्मान और समान अधिकार की बात

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन समाज और सवर्ण समुदाय के लोगों से 8 मार्च को जंतर-मंतर पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति या संगठन की लड़ाई नहीं, बल्कि सम्मान, समान अधिकार और न्याय से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या



में शामिल होकर आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। अपने संदेश में उन्होंने सरकार से मांग की कि सनातन समाज के खिलाफ कथित भेदभावपूर्ण कानून बनाए जाने की प्रक्रिया को रोका जाए। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट होकर अपनी बात रखना समय की जरूरत है।

अधिवक्ता मिश्रा ने कहा कि एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से रखा जा सकता है।

# संसद के शेष सत्र में हंगामा बनाम हांका




सरकार जब अपनी पर उतर आए तो वो कुछ भी कर सकती है, यहाँ तक कि उसे संसद चलाने के लिए विपक्ष की दरकार भी नहीं है. सरकार ने तय कर लिया है कि विपक्ष के सामने रत्ती भर नहीं झुका जाएगा भले ही संसद को आगे हांके से ही क्यों न चलाना पडे.संसदीय भाषा में हांके को "गिलोटिन" कहते हैं.

आपको बता दें कि सरकार और विपक्ष के बीच तनाव के चलते लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक की नौबत आ चुकी है. विपक्ष के 118 सांसदों ने इस पर दस्तखत किए हैं इस प्रस्ताव पर 9 मार्च को बहस और मतदान के लिए प्रस्तुत होगा. होली अवकाश के बाद बजट सत्र का दूसरा भाग 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले भाग के दौरान किए गए विरोध प्रदर्शनों को जारी रखते हैं तो अंततः ये उनके लिए हानिकारक होगा. विपक्ष के लिए सरकार की ओर से धमकी भी है और आर-पार की लडाई लडने का संकेत भी.

प्रस्ताव पर बहस कम हंगामा ज्यादा होने की संभावना है. लगता है कि सरकार हंगामा कराना चाहती है ताकि उसे गिलोटिन (समूह मतदान) का इस्तेमाल करने का बहाना मिल सके. इस प्रक्रिया में विपक्ष को हासिये पर डालने की व्यवस्था है. जो विपक्ष के लिए नुकसानदेह माना जाता है.दर असल 'गिलोटिन' हर सरकार के लिए सुदर्शन चक्र जैसा हथियार है. इसका इस्तेमाल कांग्रेस ने भी अतीत में किया लेकिन भाजपा सरकार इसका बार -बार इस्तेमाल कर 'गिलोटिन' का दुरुपयोग कर रही है.

गूगोलोजी के मुताबिक "गिलोटिन" फ्रांसीसी क्रांति के समय सिर काटने वाला एक यंत्र था. इसी से यंत्र प्रेरित होकर भारतीय संसद में इसे अपनाया गया.गिलोटिन का मतलब है बजट सत्र के दौरान अनुदान की मांगों और संबंधित वित्तीय व्यवसाय को तेजी से पास करना। जब समय कम होता है, या हंगामा/गतिरोध होता है या सभी मंत्रालयों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो पाती, तो लोकसभा स्पीकर 'गिलोटिन ' लागू करते हैं। इसके बाद बची हुई सभी अनुदान मांगों को एक साथ वोटिंग में डाल दिया जाता है,बिना और बहस के।

यह प्रक्रिया लोकसभा में बजट सत्र के अंत में काफी सामान्य है.मुझे याद है कि 2004-05 में तत्कालीन यूपीए सरकार के समय सभी अनुदान मांगें बिना चर्चा के पास कराई गयी थीं. 2013-14 में भी यूपीए सरकार के समय फिर सभी अनुदान मांगें 'गिलोटिन' के जरिए बिना चर्चा के पास करा दी गई थीं

कांग्रेस से प्रेरित होकर 2018-19 में मोदी सरकार के समय सभी अनुदान मांगें बिना किसी चर्चा के पास हुई और फिर 'गिलोटिन' का इस्तेमाल आम बात हो गई. वर्ष 2020-21 में भी मोदी सरकार ने दिल्ली दंगों के कारण संसद में गतिरोध के चलते 'गिलोटिन' का सहारा लिया और सभी वित्तीय विधेयक/अनुदान बिना चर्चा पास कराए।

संभवतः 2022-23 मार्च 2023 में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 'गिलोटिन' लागू किया, सभी मंत्रालयों की अनुदान मांगें और एप्रोप्रियेशन विधेयक बिना चर्चा वॉइस वोट से पास करा दिया. पिछले साल 2024-25 मे भी लोकसभा स्पीकर ने 'गिलोटिन' का इस्तेमाल किया और विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पास कराया गया।मेरे विचार से 'गिलोटिन' एक हिंसक प्रावधान है.

यह प्रक्रिया हर बजट सत्र में किसी न किसी हद तक इस्तेमाल होती है क्योंकि सभी 100 मंत्रालयों पर विस्तार से चर्चा संभव नहीं हो पाती लेकिन जब पूरी या ज्यादातर मांगें बिना चर्चा पास होती हैं, तो इसे खास तौर पर "गिलोटिन" कहकर हाइलाइट किया जाता है। यह सरकार का वैध संसदीय अधिकार है, पर अक्सर विपक्ष इसे "चर्चा दबाने" का तरीका बताकर विरोध करता है।

सरकार की योजना 'लोकसभा में पांच मंत्रालयों में अनुदान की मांगों पर और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा कराने की है.राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी.'

आपको बता दें कि सरकार की ओर से लोकसभा के 8 सांसदों का निलंबन वापस लेने की वजह से विपक्ष भी आक्रामक है. संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजुजू ने माना कि बजट सत्र का दूसरा भाग रोचक होगा. उन्होने कहा, 'यदि विपक्ष सदन को कार्य करने नहीं देता है तो हम उसे पद से हटा देंगे. ये उनके लिए करारा झटका होगा.'उन्होंने कहा, 'हम कुछ महत्वपूर्ण विधेयक लाएंगे, जिनमें एक बेहद अहम विधेयक भी शामिल है. हम अभी यह खुलासा नहीं करेंगे कि वह विधेयक क्या है? मुमकिन है ये विधेयक' एक देश, एक चुनाव 'को लेकर हो?

उल्लेखनीय है कि सत्र के पहले भाग के दौरान लोकसभा में 2 फरवरी से व्यवधान उत्पन्न हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण के अंशों को उद्धृत करने की अनुमति नहीं दी गई, जिसमें 2020 के भारत-चीन संघर्ष का जिक्र था.गत

4 फरवरी को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब नहीं दे पाए और एक अभूतपूर्व कदम के तहत 5 फरवरी को प्रधानमंत्री के पारंपरिक भाषण के बिना ही धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया. अध्यक्ष ने राष्ट्रपति के संबोधन के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ा और विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया गया.

'@ राकेश अचल

# मणिशंकर अय्यर के बयानों से अब कांग्रेस में हंगामा

केरल चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। शशि थरूर का मामला अभी सुलझा भी नहीं पाया था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने नया विवाद खड़ा कर दिया। अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बारे में ऐसा बयान दिया कि पूरी पार्टी सकते में आ गई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस बयान ने पार्टी में हड़कंप मचा दिया। कांग्रेस ने तुरंत सफाई दी कि अय्यर अब पार्टी के सदस्य नहीं हैं। लेकिन मामला यहीं शांत होने वाला नहीं था। अय्यर ने फिर से एक साक्षात्कार में पार्टी के कई बड़े नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा और शशि थरूर तथा जयराम रमेश पर भी तीखे प्रहार किए। अय्यर का कहना था कि केरल में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत नहीं पाएगी। कारण बताया कि कांग्रेसी नेता कम्युनिस्टों से जितनी नफरत करते हैं, उससे कहीं ज्यादा आपस में नफरत करते हैं। इन बयानों ने पार्टी की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।वैसे अय्यर की नाराजगी पुरानी नहीं है। वे लंबे समय से पार्टी नेतृत्व की आलोचना करते आ रहे हैं। लेकिन इस बार उनके शब्दों ने चुनावी माहौल को गरमा दिया। केरल में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के रूप में उभरना था। माकपा सरकार के खिलाफ लामबंदी करनी थी। लेकिन आंतरिक कलह ने सबकी मुश्किलें बढ़ा दीं। अय्यर ने पिनराई विजयन को मुख्यमंत्री बने रहने का भरोसा जताया तो यह पार्टी के लिए अपमानजनक लगा। विजयन लेफ्ट सरकार के चेहरे हैं और कांग्रेस का मुख्य निशाना। ऐसे में किसी पूर्व नेता का यह बयान तोड़फोड़ जैसा ही था। पार्टी ने कहा कि अय्यर का नाम सदस्य सूची से हटा दिया गया है। फिर भी अय्यर चुप नहीं रहे। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि पवन खेड़ा जैसे नेता सिर्फ उच्च नेतृत्व के इशारे पर बोलते हैं। शशि थरूर को महत्वाकांक्षी बताया और जयराम रमेश पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। इन हमलों ने पार्टी के केरल नेतृत्व को असहज कर दिया।

यह पहली बार नहीं है जब मणिशंकर अय्यर ने विवादास्पद बयान दिए हों। 2017 में उन्होंने पाकिस्तान के एक कार्यक्रम में जाकर नेहरू को गंगा-मैया का पुत्र कहा था। उस समय भी पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। फिर 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीच कहा था। यह बयान सुर्खियों में रहा और पार्टी को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अय्यर ने सफाई दी कि उनका इशारा मोदी की सोच पर था, लेकिन नुकसान हो चुका था। केरल में भी वे कई बार लेफ्ट नेताओं की तारीफ कर चुके हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि पिनराई विजयन अच्छा प्रशासक हैं। ऐसे बयान विपक्षी एकता को कमजोर करते हैं। अब फिर से चुनावी साल में यही गलती दोहराई गई। विश्लेषकों का मानना है कि अय्यर की नाराजगी पार्टी के पुराने नेताओं के साथ उपेक्षा से उपजी है। वे खुद कभी केंद्रीय मंत्री रहे, लेकिन अब हाशिए पर हैं। उनकी बात को युवा नेता नजरअंदाज करते हैं। इससे उनकी भड़ास निकल रही है।कांग्रेस के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। केरल में लेफ्ट और भाजपा दोनों मजबूत हैं। 2021 चुनाव में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार आंतरिक मतभेद साफ दिख रहे हैं। शशि थरूर जैसे नेता अपनी दावेदारी कर रहे हैं। अय्यर ने उनकी आलोचना कर फूट डाली। पार्टी नेतृत्व ने अय्यर से दूरी बनाई, लेकिन उनका प्रभाव अभी भी है। सोशल मीडिया पर उनके बयान वायरल हो रहे हैं। विपक्षी दल इसका फायदा उठा रहे हैं। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस कम्युनिस्टों की कठपुतली है। लेफ्ट का तर्क है कि कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं। अय्यर के बयान ने यह धारणा मजबूत कर दी। पार्टी को अब एकजुट होने की जरूरत है। लेकिन पुराने विवाद फिर ताजा हो गए। अय्यर की नाराजगी बढ़ती जा रही है। वे कहते हैं कि कांग्रेस का वर्तमान स्वरूप बदल गया है। पहले सिद्धांतों पर चलती थी, अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हावी हैं।

इस पूरे घटनाक्रम से केरल कांग्रेस की रणनीति पर असर पड़ेगा। चुनाव में जीत के लिए एकजुटता जरूरी है। लेकिन नेताओं के आपसी हमले मतदाताओं को निराश कर रहे हैं। अय्यर जैसे वरिष्ठ नेता अगर बाहर से ही आलोचना करेंगे तो संगठन कमजोर होगा। पार्टी को चाहिए कि पुराने विवाद सुलझाए। नए नेताओं को साथ ले। केरल मतदाता समझदार हैं। वे आंतरिक कलह देखकर वोट नहीं देंगे। अय्यर को शांत करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन उनका पुराना इतिहास देखें तो मुश्किल लगता है। वे अपनी बात पर अड़े रहते हैं। अब देखना यह है कि पार्टी कैसे इस संकट से उबरती है। चुनाव नजदीक हैं और हर बयान गूंज रहा है। कांग्रेस को मजबूत विपक्ष बनना होगा, वरना लेफ्ट फिर सत्ता में लौट आएगा। अय्यर का सिरदर्द अभी बना रहेगा।केरल चुनाव से पहले कांग्रेस को मणिशंकर अय्यर ने परेशान कर दिया। शशि थरूर का मुद्दा सुलझा नहीं कि अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बने रहने का भरोसा जताया। पार्टी ने कहा, वे अब सदस्य नहीं। फिर साक्षात्कार में अय्यर ने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा, शशि थरूर और जयराम रमेश पर तीखे वार किए। बोले, कांग्रेसी आपस में कम्युनिस्टों से ज्यादा नफरत करते हैं, इसलिए चुनाव हारेंगे। लेकिन अय्यर का इतिहास विवादों से भरा है, खासकर मोदी और भाजपा के खिलाफ।

बहरहाल,अय्यर ने आज भले ही कांग्रेस के खिलाफ हमला बोला हो,लेकिन उनकी असली पहचान मोदी को गाली देने वाली है।अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं। 2019 चुनाव से पहले उन्होंने मोदी को नीच कहा। सफाई दी कि नीच सोच की बात की, लेकिन बवाल मच गया। पार्टी ने निलंबन दिया। 2017 में पाकिस्तान जाकर नेहरू पर टिप्पणी की, जिसे भाजपा ने भुनाया। अय्यर ने भाजपा को सांप्रदायिक बताया। कहा, वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। राम मंदिर पर बोले, भाजपा का ढोंग है। 2024 चुनाव में भी मोदी की आलोचना की, किसान आंदोलन पर समर्थन दिया। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस का असली चेहरा कहा। केरल में लेफ्ट की तारीफ कर भाजपा को निशाना बनाया। अय्यर का मानना है कि भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही,ये बयान कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते हैं। केरल में भाजपा मजबूत हो रही, आंतरिक कलह से फायदा। अय्यर की नाराजगी पुरानी है। पार्टी को एकजुट होना चाहिए। वरना चुनावी हार निश्चित। अय्यर मोदी-भाजपा विरोध में आग उगलते रहेंगे, लेकिन पार्टी का सिरदर्द बढ़ेगा।



अजय कुमार

# परिवर्तन की दहलीज पर बांग्लादेश

दक्षिण एशिया की राजनीति में समय-समय पर ऐसे मोड़ आते रहे हैं जो केवल किसी एक देश के सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे क्षेत्र की कूटनीतिक दिशा और सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करते हैं। बांग्लादेश में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों और उसके बाद तारिक रहमान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। यह घटना केवल एक राजनीतिक दल की जीत या एक नेता के उदय का प्रसंग नहीं है, बल्कि एक ऐसे दौर का संकेत है जिसमें जनता की आकांक्षाएँ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की नई व्याख्या सामने आ सकती है। वर्षों तक राजनीतिक ध्रुवीकरण और सत्ता संघर्ष से गुजरने के बाद यह परिवर्तन उस समाज की बेचैनी और उम्मीदों दोनों को प्रतिबिंबित करता है।

तारिक रहमान का राजनीतिक सफर स्वयं बांग्लादेश के हालिया इतिहास का एक प्रतीकात्मक प्रतिबिंब रहा है। एक ऐसे परिवार में जन्म लेने के कारण जहाँ राजनीति जीवन का स्वाभाविक हिस्सा थी, उन्होंने सत्ता के निकट रहकर अवसर भी देखे और विवादों का सामना भी किया। भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते देश छोड़ना और लंबे समय तक विदेश में रहना उनके जीवन का वह अध्याय रहा जिसने उन्हें आलोचना और सहानुभूति दोनों दिलाई। निर्वासन के वर्षों में उन्होंने पार्टी के भीतर रणनीतिक भूमिका निभाई, जिससे यह धारणा बनी कि वे भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं। जब परिस्थितियाँ बदलीं और वे वापस लौटे, तो उनकी वापसी केवल व्यक्तिगत पुनर्स्थापना नहीं थी, बल्कि उनके समर्थकों के लिए एक प्रतीकात्मक पुनरागमन था – एक ऐसा क्षण जिसमें वे स्वयं को एक वैकल्पिक नेतृत्व के रूप में प्रस्तुत कर सके।

2024 के जनआंदोलन ने बांग्लादेश की राजनीति में जो उथल-पुथल पैदा की, उसने सत्ता संरचना को बदलकर रख दिया। लंबे समय तक प्रभावशाली रही अवामी लीग को सत्ता से हटना पड़ा और इससे राजनीतिक रिक्तता उत्पन्न हुई। इस रिक्तता को भरने के लिए जो चुनाव हुए, उनमें मतदाताओं की भागीदारी और परिणामों ने स्पष्ट संकेत दिया कि जनता परिवर्तन की आकांक्षा रखती है। यह परिवर्तन कितना स्थायी या प्रभावी होगा, यह भविष्य के शासन पर निर्भर करेगा, लेकिन तत्कालीन परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया अभी भी जनता के लिए अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। चुनावों में विपक्ष की अनुपस्थिति या सीमित भागीदारी पर सवाल भी उठे, परंतु इसके बावजूद यह घटना राजनीतिक शक्ति संतुलन में निर्णायक बदलाव के रूप में दर्ज हुई।

तारिक रहमान की जीत के साथ उनके सामने जो जिम्मेदारियाँ आई हैं, वे केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि नैतिक और संस्थागत भी हैं। एक ऐसे देश में जहाँ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अक्सर वैचारिक से अधिक व्यक्तिगत संघर्ष में बदल जाती रही है, वहाँ लोकतांत्रिक विश्वास बहाल करना सबसे बड़ी चुनौती है। कानून-व्यवस्था की मजबूती, न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और आर्थिक स्थिरता को सुनिश्चित करना केवल नीतिगत निर्णयों से नहीं बल्कि शासन की विश्वसनीयता से भी जुड़ा होता है। जनता के लिए परिवर्तन का अर्थ केवल नेतृत्व बदलना नहीं बल्कि जीवन की परिस्थितियों में ठोस सुधार देखना है। यदि नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह सत्ता परिवर्तन इतिहास में सकारात्मक मोड़ के रूप में दर्ज होगा; अन्यथा यह भी अस्थायी राजनीतिक उतार-चढ़ाव की श्रेणी में शामिल हो सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण आयाम भारत-बांग्लादेश संबंधों से भी जुड़ा है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक निकटता, ऐतिहासिक अनुभव और आर्थिक साझेदारी लंबे समय से संबंधों को आकार देते रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि नई सरकार इन संबंधों को किस दिशा में ले जाएगी। भारत द्वारा प्रतिनिधि भेजकर शपथ समारोह में भागीदारी जताना कूटनीतिक निरंतरता का संकेत है, वहीं नई सरकार द्वारा संबंधों को पुनर्परिभाषित करने की इच्छा एक नए संवाद की संभावना खोलती है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे केवल द्विपक्षीय समझौतों का विषय नहीं बल्कि लाखों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न हैं। इसलिए इन पर होने वाला संवाद आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद उत्पन्न राजनीतिक विमर्श भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन के साथ आरोप-प्रत्यारोप और वैचारिक संघर्ष सामने आते हैं, परंतु दीर्घकालीन स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता संस्थागत मयार्दा के भीतर रहे। यदि नई सरकार अपने विरोधियों को केवल राजनीतिक पराजित मानने के बजाय लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा समझे, तो इससे राजनीतिक वातावरण में संतुलन आ सकता है। वहीं यदि प्रतिशोध की भावना हावी होती है, तो इससे सामाजिक विभाजन गहरा सकता है। यह संतुलन साधना किसी भी नए नेतृत्व के लिए सबसे कठिन परीक्षा होती है।

तारिक रहमान का शपथ ग्रहण इस मायने में प्रतीकात्मक भी है कि यह परंपराओं से अलग आयोजन के रूप में सामने आया है। स्थान और स्वरूप में परिवर्तन को केवल औपचारिक बदलाव के रूप में नहीं बल्कि राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा सकता है। ऐसे प्रतीक अक्सर जनता के मन में नए अध्याय की अनुभूति पैदा करते हैं। हालाँकि वास्तविक परिवर्तन प्रतीकों से आगे बढ़कर नीतियों और क्रियान्वयन में दिखाई देता है। इसलिए यह क्षण जितना आशा का है, उतना ही सावधानी से मूल्यांकन का भी है।

दक्षिण एशिया का इतिहास बताता है कि राजनीतिक परिवर्तन अक्सर भावनात्मक ऊर्जा से भरे होते हैं, परंतु उनकी सफलता प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समावेशन पर निर्भर करती है। बांग्लादेश ने आर्थिक विकास, शिक्षा और सामाजिक सूचकांकों में पिछले दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। साथ ही वैश्विक आर्थिक दबाव, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिनसे निपटने के लिए संतुलित कूटनीति और दूरदर्शी नीतियों की आवश्यकता होगी।

अंततः यह कहा जा सकता है कि तारिक रहमान का सत्ता में आगमन केवल एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि एक संभावनाओं से भरा क्षण है। इसमें उम्मीद भी है और अनिश्चितता भी, समर्थन भी है और आलोचना भी। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि वह किसी भी परिवर्तन को अंतिम सत्य नहीं मानता, बल्कि उसे निरंतर संवाद और मूल्यांकन की प्रक्रिया का हिस्सा बनाता है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह नया अध्याय किस दिशा में आगे बढ़ता है, परंतु फिलहाल यह घटना उस क्षेत्रीय राजनीति की धड़कन को सुनने का अवसर देती है जहाँ जनता, नेतृत्व और पड़ोसी देश मिलकर इतिहास की अगली पंक्तियाँ लिखते हैं।



महेन्द्र तिवारी

# स्त्री शिक्षा, उत्थान और सुरक्षा गंभीर विमर्ष और मौजूदा आँकलन

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की प्रगति का आँकलन उसकी आधी आबादी अर्थात स्त्रियों की स्थिति से किया जाता है और यह तथ्य आज केवल विचार नहीं बल्कि वैश्विक विकास सूचकांकों का आधार बन चुका है, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में स्त्री की स्थिति एक ओर उल्लेखनीय प्रगति का संकेत देती है तो दूसरी ओर गंभीर चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करती है।

स्त्री शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का आधार स्तंभ होती है, बीते कुछ दशकों में भारत में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार देखने को मिला है, बालिका नामांकन दर में वृद्धि, माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक अंतर में कमी और उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक संरचना को नया स्वरूप दिया है। विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति यह दशार्ती है कि शिक्षा स्त्री सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है, किंतु यह भी यथार्थ है कि ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में बालिकाओं की शिक्षा अब भी सामाजिक दबाव, घरेलू श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से प्रभावित है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्री की स्थिति आधुनिक भारत की स्त्री आज शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में पहले की तुलना में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है, पंचायत से लेकर संसद तक उसकी भागीदारी बढ़ी है और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसके बावजूद घरेलू स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे अब भी पूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कानूनी अधिकार और सामाजिक स्वीकृति के बीच अभी भी एक स्पष्ट अंतर विद्यमान है।

स्त्रियों के विरुद्ध अपराध चिंता का विषय है हाल के वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के स्वरूप में भी बदलाव आया है, पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध,ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़ी घटनाएँ तेजी से बढ़ी हैं, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित मामले और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि शहरीकरण और तकनीकी प्रगति के बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी गंभीर आत्ममंथन की मांग करती है। कानूनी प्रावधान और प्रशासनिक दायित्व पर एक दृष्टि डालें तो भारत में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए सुदृढ़ कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जिसमें घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून, दहेज निषेध अधिनियम तथा हाल के आपराधिक कानून संशोधन शामिल हैं, किंतु प्रशासनिक दृष्टि से चुनौती इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की है, पुलिस, न्यायपालिका और स्थानीय प्रशासन के समन्वय के बिना केवल कानूनों का अस्तित्व पर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकता। आर्थिक सहभागिता और विकास की अनिवार्यता – स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी को राष्ट्रीय विकास की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया जा चुका है, स्वयं सहायता समूहों, सूक्ष्म वित्त योजनाओं, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान किए हैं, फिर भी श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जिसका कारण सामाजिक जिम्मेदारियों का असमान बोझ, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की अधिकता है। मीडिया और सामाजिक दृष्टिकोण में मीडिया स्त्री की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सकारात्मक उदाहरणों के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि स्त्री को संवेदनशीलता के साथ सम्मानजनक और संतुलित रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिससे समाज में समानता और गरिमा का संदेश सुदृढ़ हो सके। भविष्य की दिशा और नीतिगत अपेक्षाएँ देखीं जाएं तो स्त्री की स्थिति में वास्तविक सुधार के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार को समग्र दृष्टिकोण से जोड़ना होगा, साथ ही सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन के लिए पुरुषों और बालकों को भी लैंगिक समानता के मूल्यों से जोड़ना अनिवार्य होगा, यह केवल महिला केंद्रित योजनाओं से नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक संवेदनशीलता से संभव है। स्त्री की स्थिति किसी एक वर्ग या समुदाय का विषय नहीं बल्कि राष्ट्र की सामाजिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक गुणवत्ता का दर्पण है, जब तक स्त्रियाँ भयमुक्त वातावरण में शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसर प्राप्त नहीं करेंगी तब तक समावेशी विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा, इसलिए स्त्री सशक्तिकरण को नीतिगत प्राथमिकता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में भी स्वीकार किया जाना समय की आवश्यकता है।

संजय ठाकुर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कुट्टू आटा प्रकरण में खाद्य विभाग की त्वरित कार्रवाई, निर्माण इकाई सील

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 फरवरी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू का आटा खाने से लोगों के बीमार होने के मामले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई दुकानों से नमूने लिए और एक निर्माण इकाई को सील कर दिया है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने प्रभावित लोगों से जानकारी जुटाई। जांच में सामने आया कि बीमार हुए लोगों ने एच प्योर ब्रांड का कुट्टू आटा खरीदा था।



### तीन दुकानों से नमूने

टीम ने विकास जनरल स्टोर (इको विलेज-3) अपना स्टोर (हिमालयन प्राइड) प्रशांत स्टोर (रॉयल कोर्ट) से एच प्योर ब्रांड के कुट्टू आटे के एक-एक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए।

जांच के दौरान एक दुकान का खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण नहीं मिलने पर उसे मौके पर ही सील कर दिया गया।

### निमार्ता इकाई पर भी कार्रवाई

दुकानदारों से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने चिपयाना बुजुर्ग स्थित एच डी स्पाइसेज निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। मौके पर कुट्टू आटा या कुट्टू गिरी नहीं मिली, हालांकि हल्दी और मिर्च पाउडर पाए गए, जिनके नमूने भी लिए गए।

अधिकारियों के अनुसार इकाई संचालक विश्वेन्द्र सिंह ने संबंधित आटा सप्लाई करने की बात स्वीकार की। जांच में यह भी पाया गया कि इकाई गौतमबुद्धनगर में संचालित थी, जबकि भ्रामक सूचना देकर गाजियाबाद से खाद्य पंजीकरण लिया गया था। इस पर इकाई को सील कर दिया गया।

### पुलिस में तहरीर, जांच जारी

खाद्य विभाग ने मामले में थाना बिसरख में तहरीर दे दी है। सभी नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# टीएमयू का बड़ा डेलीगेशन दुनिया के एआई शिखर सम्मेलन में करेगा शिरकत

समाज जागरण

दुनिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन - इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की भारत मेजबानी करने का जा रहा है। भारत मंडपम में होने वाले इस समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद भी भाग लेगी,जिसमें डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के नेतृत्व में 109 स्टुडेंट्स जाएंगे। पांच दिनी समिट के लिए टीएमयू का यह बड़ा डेलीगेशन 17 फरवरी की सुबह रवाना होगा। शिखर सम्मेलन में टीएमयू के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के भी एआई सम्मेलन में जाने की प्रबल संभावना है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवम्‌ सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से एआई इंडिया मिशन इस समिट में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत 20 देशों के राष्ट्रध्यक्ष, प्रधानमंत्री के संग- संग 50 से अधिक राष्ट्रीय एवम्‌ अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ भी आ रहे हैं।




इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में 20 सत्र होंगे,जिनमें एक सत्र में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन प्रो. मंजुला जैन भी अपना नजरिया रखेंगी। भारत के शैक्षणिक परिदृश्य में एआई नवाचार के लोकतंत्रीकरण पर केंद्रित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की एक समाधान-उन्मुख पैनल चर्चा सुषमा स्वराज भवन में शाम साढ़े पांच बजे से होगी। टीएमयू बीआईसी के मैनेजर श्री प्रशांत सिंह ने बताया, यूनिवर्सिटी के तीन स्टार्ट्स अप के प्रेजेंटेशन की भी तैयारी है। समिट में दुनिया में नामचीन उद्योगपति- माइक्रोसॉफ्ट से श्री बिल गेट्स, रिलायंस समूह से श्री मुकेश अंबानी,श्री सुंदर पिचई के अलावा टाटा समूह, इन्फोसिस, बायोकॉन, एंथ्रोपिक, एनवीडिया, एक्सेंचर, गूगल समेत दुनिया के 100 दिग्गज आकर्षण के केंद्र होंगे।

# "सूखता पक्का तालाब, बढ़ता पानी का संकट: गाजियाबाद की विरासत और भविष्य दोनों खतरे में हैं"

"इतिहास से कूड़े के ढेर तकः बालूपुरा पक्का तालाब को फिर से शुरू करने के लिए लोगों की उठती आवाज"

स्पेशल न्यूजः रवींद्र आर्य

गाजियाबाद शहरः गाजियाबाद शहर के बालूपुरा में मौजूद ऐतिहासिक पक्का तालाब नजरअंदाज, कब्जे और एडमिनिस्ट्रेटिव लापरवाही की वजह से अपनी पहचान खो रहा है। कभी शहर की पानी की सप्लाई के लिए एक जरूरी सपोर्ट सिस्टम और कल्चरल इवेंट्स का सेंटर रहा यह तालाब अब सूखकर कूड़े का ढेर बन गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर तालाब को साइंटिफिक और सस्टेनेबल तरीके से ठीक किया जाए, तो इससे बालूपुरा, जटवाड़ा, डासना गेट, रमते राम रोड और मालीवाड़ा जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में ग्राउंडवॉटर लेवल सुधरेगा और पानी की कमी की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।




पक्का तालाब सिर्फ. पानी का सोर्स नहीं है, बल्कि शहर की कल्चरल यादों की जीती-जागती निशानी है। एक जमाने में, रामलीला के दौरान, भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के सरयू नदी पार करके जंगल जाने का सीन इसी तालाब में दिखाया जाता था, जिसमें बहुत सारे लोग आते थे। तालाब के सूखने से यह परंपरा भी खत्म हो गई, जिससे शहर की सांस्कृतिक पहचान पर बहुत बुरा असर पड़ा।

तालाब की अभी की हालत बहुत चिंताजनक है। इसके मेन गेट के सामने रोजाना कचरा फेंका जाता है, जिससे यह कूड़े के ढेर जैसा दिखता है। आवारा जानवर जमा हो जाते हैं, और आने-जाने वालों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ता है। बच्चे तालाब के अंदर सूखी जमीन पर गिल्ली-डंडा खेलते हैं, जबकि शाम को कुछ लोग इसे शराब और ड्रग्स के अड्डे में बदल देते हैं। जुआ, क्रिमिनल एक्टिविटी और मरे हुए जानवरों को दफनाने से इलाके की सोशल सिक्योरिटी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक कॉन्ट्रैक्टर का नीला लोहे का कंटेनर भी एंटीसोशल एक्टिविटी का अड्डा बन गया है, जहाँ अक्सर ड्रग्स का इस्तेमाल और चोरी होती है।

तालाब के सूखने का एक बड़ा कारण उन नालों और सीवर पर कब्जा है जो बारिश का पानी और कॉलोनी का पानी तालाब में ले जाते थे। पहले, इन पानी के रास्तों से मानसून के मौसम में पानी नहीं भरता था, लेकिन अब कंक्रीट के स्ट्रक्चर ने पानी का बहाव रोक दिया है, जिससे तालाब सूख गया है और आस-पास के इलाकों में पानी का संकट और बढ़ गया है। तालाब को फिर से ज़िंदा करने के लिए पहले करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन कुछ ही समय बाद हालात फिर से बिगड़ गए। मछली पालन की एक स्कीम भी शुरू की गई थी, लेकिन मंदिर समुदाय और पार्षद के विरोध और दूसरी वजहों से उसे बंद कर दिया गया। तालाब की मॉनिटरिंग और सफाई लगभग बंद हो गई। आज, मंदिर का सारा कचरा कंक्रीट के तालाब की दीवारों के अंदर फेंका जाता है। यह एक अजीब अजीब बात है, लेकिन कॉर्पोरेशन को लोगों का सपोर्ट न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

इसका एक कारण यह भी है कि तालाब के रखरखाव की ज़िम्मेदारी लेने वाली और समय-समय पर सफाई सुनिश्चित करने वाली कंपनी, द पॉन्ड अडॉप्टेड बाय फेरोलाइट जॉइन लिमिटेड, कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के साथ ही बंद हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के प्रशासन को अब एक ऐसा पूरा प्लान बनाना चाहिए जिसमें पानी बचाना, पर्यावरण की सुरक्षा और कमाई शामिल हो। एक्सपर्ट्स का सुझाव है कि तालाब में पानी का बहाव ठीक किया जाए, आस-पास के कब्जे हटाए जाएं और इसे बारिश के पानी को जमा करने का एक मॉडल बनाया जाए। नगर निगम तालाब के कॉम्प्लेक्स को ग्रीन एरिया, फूलों के बगीचे या प्रोफेशनल नर्सरी में बदलकर भी कमाई बढ़ा सकता है। इसके अलावा, CSR, NGO या कॉन्ट्रैक्ट मॉडल के जरिए सस्टेनेबल मेंटेनेंस पक्का किया जा सकता है और ज्यादा मॉनिटरिंग से समाज विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सकती है।

पक्का तालाब को फिर से ज़िंदा करना न सिर्फ. एक पानी की जगह को बचाने की कोशिश होगी, बल्कि यह गाजियाबाद की पर्यावरण सुरक्षा, सांस्कृतिक विरासत और आने वाली पीढ़ियों के पानी के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। स्थानीय लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि प्रशासन कब तक लोगों की इस आवाज को नजरअंदाज करेगा या इसे शहर को फिर से ज़िंदा करने के मौके में बदलेगा।

रिपोर्टः रवींद्र आर्य

# रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं ने मांगा मिलने का समय, समस्याओं पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली। रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए समय देने की मांग करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन का कहना है कि उन्होंने कई बार ईमेल और डाक के माध्यम से मिलने का अनुरोध भेजा, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पथ विक्रेताओं के हितों की रक्षा के लिए पथ विक्रेता अधिनियम और संबंधित नियमावली लागू की गई थी, जिसका उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की आजीविका सुरक्षित करना और उन्हें निर्धारित वेंडिंग जोन में स्थान उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद नोएडा प्राधिकरण सहित कई नगर निकाय इन प्रावधानों का सही पालन नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि पटरी दुकानदारों का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। उनकी ठेलियां जब्त की जा रही हैं, सामान नष्ट किया जा रहा है और बिना उचित प्रक्रिया के उन्हें हटाया जा रहा है। संगठन का कहना है कि इससे हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि वे सरकार के विरोध में नहीं हैं, बल्कि अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि उन्हें शीघ्र मिलने का समय दिया जाए ताकि वे अपनी समस्याएं सीधे रख सकें। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वे मजबूर होकर अपनी बात अन्य वैधानिक मंचों पर उठाएंगे।

# साहित्य अकादेमी में प्रज्ञानविश्वम का लोकार्पण

समाज जागरण

नई दिल्ली - 14 फरवरी, बहुराष्ट्रीय साहित्यिक पत्रिका प्रज्ञान विश्वम्‌ का प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. सुनीति रावत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित विशेषांक का साहित्य अकादेमी सभा कक्ष, रबीन्द्र भवन में भव्य लोकार्पण किया गया। व्यास पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रकांता ने जहाँ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की वहीं मुख्य अतिथि जर्मनी के मैक्समूलर सम्मान से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार पंडित सुरेश नीरव रहे। प्रसिद्ध पत्रकार पद्मश्री शीला झुनझुनवाला, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी, दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी रहे पत्रकार-साहित्यकार अमर नाथ अमर तथा पत्रकार साहित्यकार डॉ अनीता वर्मा ने इस अवसर पर डॉ. सुनीति रावत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। पत्रिका के प्रधान संपादक पंडित सुरेश नीरव ने सुनीति रावत को सृजन की जीवंत गंगा बताते हुए एक ऐसी रचनाकार बताया जहाँ शब्द मानवीय मूल्यों की उंगली पकड़कर लोक यात्रा करते दिखाई पड़ते हैं और जहाँ हवाएँ स्वस्तिगान गाती और लहरें



मंजीरे बजाती सी प्रतीत होती हैं। वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी जी ने प्रज्ञान विश्वम्‌ पत्रिका के हर एक अंक को किसी भी रचनाकार के समग्र साहित्य लोक का एक शोध संदर्भ बताया। डॉ अनीता वर्मा ने प्रज्ञान विश्वम्‌ के पिछले कई अंकों की प्रशंसा करते हुए डॉ सुनीति रावत के व्यक्तित्व को सहजता की प्रतिमूर्ति और समग्र कृतित्व को समय सापेक्ष संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज बताया। पद्मश्री शीला झुनझुनवाला ने डॉ. सुनीति रावत को समर्पित भाव से साहित्य की सेवा करनेवाली एक सहज और सरल साधिका बताया। डॉ अमर नाथ अमर ने हिंदी पत्रकारिता के आदिकाल से आज तक के दौर की पत्रकारिता का उन्हें सजग विद्वान बताया। समारोह अध्यक्ष सुप्रसिद्ध कथाकार चंद्रकांता ने डॉ. सुनीति रावत को अपनी प्रिय पड़ोसन बताते हुए उनके साहित्य के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ करनेवाली लोकप्रिय कवयित्री मधु मिश्रा ने अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति की ओर से शॉल पहनाकर डॉ सुनीति रावत का सारस्वत अभिनंदन किया। प्रतिष्ठित व्यंग्यकार निशा भार्गव ने समारोह का सफल एवं सरस संचालन किया। इस अवसर पर मशहूर शायर विनय कुमार, प्रतिष्ठित पत्रकार कुमार सुबोध, डॉ, रंजना अग्रवाल, सतीश भार्गव, जया रावत सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# भारत विकास परिषद द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 250 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

समाज जागरण

समाज जागरण नोएडा। भारत विकास परिषद नोएडा महानगर शाखा द्वारा नोएडा डायबिटिक फोरम के सहयोग से सेक्टर-25 स्थित कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परामर्श एवं निराकरण कराया।

शिविर सचिव संतोष गुप्ता ने बताया कि नोएडा में प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को नियमित रूप से ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर डॉ. विनोद (फिजिशियन), डॉ. अमोल (सर्जन), डॉ. एस. पी. यादव (दंत चिकित्सक), डॉ. ए. एन. कौशिक (फिजिशियन), डॉ. (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. एच. एस. दानू (मेडिसिन) तथा डॉ. राज चंद्र वंशी (फिजिशियन) सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



कैम्प संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि शिविर में हड्डी, लिवर, खून, हृदय, थायरॉइड, फेफड़े तथा आंखों की जांच सफलतापूर्वक की गई।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य 'सम्पर्क' एवं शाखा संरक्षक राजीव अजमानी भी उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, महासचिव उमेश कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी चिकित्सकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, स्वामी दीपांकर ने दिया एकता का मंत्र

समाज जागरण

समाज जागरण नोएडा। छजारसी और चोटपुर कॉलोनी की संयुक्त समिति द्वारा सेक्टर-63 नोएडा में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया।

मुख्य वक्ता स्वामी दीपांकर जी महाराज ने समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। वहीं संयुक्त प्रचार प्रमुख कृपा शंकर ने ह्यपंच परिवर्तनह्न विषय पर बौद्धिक प्रस्तुत किया। महामंडलेश्वर साध्वी कृष्ण जी ने बहन-बेटियों की सुरक्षा और स्वावलंबन पर प्रभावी मार्गदर्शन दिया। पूर्व प्रचारक सुरेंद्र कुमार ने देवों के देव महादेव तथा हिंदू समाज की वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इनमें न्यू परिवर्तन स्कूल, आरएस इंटरनेशनल स्कूल, रिवर वैली पब्लिक स्कूल, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल, एच. एल. पब्लिक स्कूल तथा साधना निवृत्ति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।






मंच का सफल संचालन हरि किशोर कुमार ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज उपाध्याय एवं व्यवस्था प्रमुख बलवंत सिंह रहे। अतिथि परिचय जितेंद्र सिंह तथा 'हिंदू भूमिका' की प्रस्तुति भरत सिंह द्वारा दी गई।

समिति एवं व्यवस्था देख रहे हरि किशोर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में तीन प्रमुख क्षेत्रों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतर सिंह कॉलोनी से योगेंद्र शर्मा, पुनीत झा, राजेश राय, रमन, कमलेश गुप्ता, प्रमोद पाठक, विवेक शुक्ला, अनिल शर्मा और अवकाश भारती का योगदान रहा। चोटपुर से एस. एन. झा, मुकेश, डॉ. पवन, प्रेम, रोहित ठाकुर, राहुल ठाकुर, बी. के. सिंह, द्वारिका पांडेय, आनंद, सियावर ओझा, कमलेश मिश्रा, सावर, मनोज सिंह और हरे राम सक्रिय रहे। छजारसी से अजीत कुमार बंटी, राजेश विद्यार्थी, निखिल, उमेश महतो, रोहित बेनीवाल, टुनटुन, राजवीर, मोनू, सत्य, लाल बाबू चौधरी, रतन, के. पी. सिंह, बबन सिंह एवं पंडित जी ने योगदान दिया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, संघचालक डॉ. निर्दोष सिंह, दीपक शर्मा, अनिमेष, हिमांशु, विजेंद्र राय, मनीष तिवारी, सतपाल बिष्ट, ज्योति श्रीवास्तव, रामगोपाल शर्मा, देवेंद्र शर्मा और राकेश सहित अनेक गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंदू श्री फाउंडेशन ने 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन, मंदिर स्वायत्तता और सनातन कल्याण पर जोर

समाज जागरण

संवाददाता नई दिल्ली, 18 फरवरी 2026। हिंदू श्री फाउंडेशन ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित बैठक के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया। इस अवसर पर संगठन ने मंदिरों की स्वतंत्रता, प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार तथा हिंदू समाज के समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक का औपचारिक उद्घाटन संस्थापक-संयोजक डॉ. कौशल कांत मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फाउंडेशन का मूल उद्देश्य सनातन विरासत की रक्षा, प्राचीन मंदिरों का संरक्षण और सामुदायिक संस्थाओं को सशक्त बनाना है, ताकि समाज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को पुनर्स्थापित किया जा सके।

घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में लक्ष्मी गोयल, डॉ. भूरेलाल और जस्टिस शिव कीर्ति सिंह को शामिल किया गया है। मार्गदर्शक मंडल में रामभद्राचार्य, कोच्चि के पूज्यनीय शंकराचार्य विजेंद्र सरस्वती जी, सुभाष कश्यप, श्री माखनलाल जी, आमोद कंठ और टी. आर. रमेश को स्थान दिया गया है।

देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिव चौधरी को अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार मनोज गिरोला और वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनय गोयल को महासचिव तथा डॉ. चितरंजन खेतान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए प्रतिबद्धता व्यक्त की।



बैठक में मंदिर स्वायत्तता की पहल, प्राचीन मंदिरों के सुनियोजित जीर्णोद्धार तथा हिंदू समाज के व्यापक कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के संरक्षक लक्ष्मी गोयल ने सनातन परिवार को एकजुट रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए वनवासी क्षेत्रों में संचालित ह्यएकल विद्यालयह्न के कार्यों की सराहना की। उन्होंने हिंदू श्री फाउंडेशन और एकल विद्यालय के प्रयासों को एकीकृत कर दूरस्थ क्षेत्रों में व्यापक विस्तार की घोषणा की।

अध्यक्ष डॉ. शिव चौधरी ने फाउंडेशन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को सनातन दर्शन का जिम्मेदार और प्रामाणिक प्रतिनिधित्व करना चाहिए। वहीं कोषाध्यक्ष डॉ. चितरंजन खेतान ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नियमों में नीति-स्तरीय बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐतिहासिक रूप से मंदिर समाज के सामाजिक केंद्र रहे हैं, किंतु राजनीतिक हस्तक्षेप और सामाजिक उपेक्षा के कारण आज वे केवल अनुष्ठान केंद्र तक सीमित हो गए हैं। उन्होंने कॉरपोरेट क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक का समापन अध्यक्ष डॉ. शिव चौधरी द्वारा सभी सदस्यों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 8 करोड़ की ठगी, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

पीलीभीत। रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर करीब 8 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड अभियुक्त को पीलीभीत पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी वर्ष 2021 से अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विभिन्न शहरों में लोगों को नौकरी का प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

जांच में सामने आया है कि अभियुक्त ने लगभग 60 लोगों को निशाना बनाकर उनसे करोड़ों रुपये की ठगी की। ठगी से प्राप्त धनराशि को आरोपी ने अपने और परिजनों के बैंक खातों में जमा कराया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। साथ ही कार्रवाई के तहत कुल 14 बैंक खातों में संदिग्ध धनराशि को होल्ड कराया गया है।

# अश्वनी कुमार विराट हिंदू सम्मेलन में बोले भारत में रहने वाले तमाम सनातनी सभी हिंदू है

(तमाम सनातनी हिंदू आपस में भेदभाव करना बंद करें तभी हिंदू राष्ट्र बनेगा भारत अधिवक्ता लाजपत राय सरकार से हिंदू)

समाज जागरण

जम्मू 16 फरवरी / नई दिल्ली के करोल बाग देवनगर के बापा नगर राम मंदिर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य सामरिक प्रमुख अश्वनी कुमार, एवं अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचारि महंत, गुरुजी राजू चंदेल, बापा नगर के मार्केट एसोसिएशन के प्रमुख सुरेश कुमार एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी लाजपत राय, इसके अलावा क्षेत्र के गण मान्य व्यक्ति जिनमें प्रमुख रिपपू धवन, हेमंत धनवटीया अधिवक्ता राजेश उदित सिंह सहित सैकड़ो हिंदू कार्यकर्ता क्षेत्र नागरिक उपस्थित थे

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामरिक कार्य प्रमुख श्री अश्वनी कुमार ने बोलते हुए कहा कि तमाम हिंदुओं को जाती पार्टी में ना बैठकर एक होने की आवश्यकता है और हमें मिलकर के नव समाज का निर्माण करते हुए हिंदू जाति को मजबूत करना है तमाम हिंदुओं को संघ की राह पकड़ते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अधिवक्ता लाजपत राय ने विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तमाम सनातनी हिंदुओं को मिलकर के चलना होगा तभी हम अखंड भारत का निर्माण कर सकेंगे और भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा

इस मौके पर वाल्मीकि अखाड़ा परिषद के प्राचारि महंत गुरुजी राजू चंदेल ने बोलते हुए कहा कि तमाम सनातनी हिंदू जाति के लोगों को एक होने का समय आ गया है जिस प्रकार मुगल शासको ने अखंड भारत के टुकड़े-टुकड़े कर छोटे-छोटे देशों में विभाजित कर दिया





अखंड खंड भारत के निर्माण के लिए जरूरी है की तमाम हिंदू जाति के लोग एक होकर अपने आप को हिंदू लिखना वह हिंदू मनाना शुरू कर दें अन्यथा कट्टरपंथी जिहादी लोग इस देश को इस्लामी मुल्क बनाने में देर नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने पहले ही गजवा ए हिंद का जो नारा दिया है उसके चलते आज सनातन हिंदू जाति में बढ़कर कमजोर हो चुका है अब समय आ चुका है कि हमें तमाम जातियां को समाप्त कर एक ही जाती होनी चाहिए वह हिंदू और जिस प्रकार कट्टरपंथियों ने गजवा ए हिंद का नारा दिया है उसका जवाब मैं बड़े होश आवास में और जिम्मेवारी के साथ कहना चाहता हूं कि तमाम हिंदू जाति के लोग अब दो बच्चे नहीं चार चार बच्चे पैदा करने चाहिए और मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि हिंदू मैरिज एक्ट के तहत संशोधन किया जाना चाहिए और हिंदू व्यक्ति को भी कट्टरपंथियों की तरह कई शादी करने की इजाजत दी जाए

अन्यथा वह है दिन दूर नहीं जब यह कट्टरपंथी जिहादी लोग संख्या बल पर इस भारत देश पर कब्जा कर लेंगे और हिंदू अल्पसंख्यक बनकर रह जाएगा आज भी भारत के कई राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक बनकर रह गया है जैसे कि जम्मू कश्मीर केरल साउथ कर्नाटक आंध्र प्रदेश मणिपुर कोलकाता आदि देश के राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक बनकर रह गया है

# जल भराव की समस्या को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

चंदौसी। सीकरी गेट में नाला निर्माण होने की वजह से सीकरी गेट में सड़क पर पानी के जल भराव की वजह से व्यापारियों व आम जनता का जीना दुश्वार हुआ हफ्ते भर से कोई भी व्यापारी ने पानी के जल भराव की वजह से दुकान नहीं खोली जिससे रोजी-रोटी का संकट आ गया था इसको लेकर आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सीकरी गेट पर धरना प्रदर्शन कर ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की धरने पर मौजूद युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कई बार मौखिक और लिखित रूप से पालिका के अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया की व्यापारियों की लगभग 50 दुकान जल भराव की वजह से 12 दिन से बंद है व्यापार चौपट हो गया पानी के निकासी की व्यवस्था की जाए युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा इस रोड पर चार से पांच स्कूल हैं जिसमें तकरीबन 2000 बच्चे पढ़ते हैं जल भराव की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे जबकि परीक्षाएं नजदीक हैं इसके अलावा पानी के जल भराव की वजह से लोगों के घरों और दुकानों में पानी जा रहा है मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अधिशासी अधिकारी को धरना स्थल पर बुलाकर शीघ्र ही पानी के निकासी की व्यवस्था करने को कहा और ठेकेदार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ठेकेदार को नगर पालिका की ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे धरना स्थल पर युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय असीम अगरवाल पंकज अग्रवाल विकास बंसल मोहम्मद इरफान जुबेर कुरेशी डॉ मोहनलाल पाल उमेर शमसी फहीम शमसी मोहित सक्सेना सोनू बल्ली प्यारे शमसी आबाद कुरैशी अमन कुरेशी

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर एनआरएलएम एवं उपायुक्त उद्योग को रैंक में सुधार लाने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर 16 फरवरी, 2026:- जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे सभागार में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग विभाग तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुरक्षित करें। उन्होंने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि वन विभाग बिना अनुमति के हरे भरे पेड़ों एवं बागो को काटने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है। अतः सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत संपादित करें क्योंकि भविष्य में सभी शासकीय कार्य इसी प्रणाली के अंतर्गत संपादित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जी०एस०टी० विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# बीमार युवती को सड़क किनारे छोड़ भागा परिवार, समाजसेवी डॉक्टर ने कराया भर्ती

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर धामपुर में मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। गंभीर बीमारी से जूझ रही 21 वर्षीय युवती को उसके परिजन सड़क किनारे नाले के पास बेसहारा छोड़कर चले गए। बाद में सूचना मिलने पर एक समाजसेवी चिकित्सक ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्योहारा क्षेत्र के गांव मंडोरी निवासी नीशु, पुत्री भूरे, पिछले करीब एक साल से टीबी और खून की कमी से पीड़ित है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसका ठीक से इलाज नहीं हो पा रहा था। उसके पिता धामपुर के एक निजी अस्पताल में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन उपचार का खर्च उठा पाना संभव नहीं हो सका। पीड़िता के अनुसार, उसका भाई नशे का आदी है। शनिवार को वह इलाज कराने के बहाने उसे घर से लाया और धामपुर में सड़क किनारे नाले के पास छोड़कर चला गया। काफी देर तक युवती वहीं पड़ी रही। राहगीरों की भीड़ तो जुटी, पर तुरंत मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना समाजसेवी चिकित्सक एन.पी. सिंह को दी। वे मौके पर पहुंचे और युवती को अपने वाहन से नगीना मार्ग स्थित श्रीराम सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर है, हालांकि अब स्थिर बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलने पर स्मृति मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए पीड़िता को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। तहसील स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है और युवती के उपचार व पुनर्वास को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

# नगीना में वायरल वीडियो पर पुलिस की सफाई, कांवड़ खंडित करने के आरोप से इनकार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नगीना क्षेत्र से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो नगीनाझ्रबूंदकी रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास का बताया जा रहा है, जिसमें कांवड़ियों और पेट्रोल पंप संचालक के बीच कहासुनी और मारपीट होती दिखाई दे रही है। साथ ही कुछ लोगों द्वारा कांवड़ खंडित करने के प्रयास का आरोप भी लगाया गया, जिसे पुलिस ने गलत बताया है। अंजनी कुमार चतुवेर्दी, क्षेत्राधिकारी नगीना, ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। उनके अनुसार, घटना करीब पांच दिन पुरानी है और बूंदकी रोड स्थित चौधरी पेट्रोल पंप पर संचालक व कांवड़ियों के बीच हुए विवाद से जुड़ी है। पुलिस जांच में कांवड़ को नुकसान पहुंचाने की बात सामने नहीं आई। पुलिस के मुताबिक, कुछ कांवड़िये पेट्रोल पंप परिसर में अपनी कांवड़ के पास धूप-बत्ती जला रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से संचालक ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर पहले बहस हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों को समझाकर शांत कराया गया और कांवड़ियों को सुरक्षित आगे रवाना कर दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि स्थिति उसी समय नियंत्रण में ले ली गई थी और वर्तमान में क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी भ्रामक या पुराने वीडियो को बिना पुष्टि के साझा न करें, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

# नूरपुर-मुरादाबाद हाईवे पर दर्दनाक हादसा, रेलवे कर्मचारी की मौत, साथी गंभीर घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नूरपुर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में रेलवे कर्मचारी आकाश (पुत्र रस्तोगी) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी लक्षित (पुत्र अरविंद) गंभीर रूप से घायल हो गया। आकाश रेलवे में कार्यरत था और दो दिन पहले ही बहन की शादी के सिलसिले में घर आया था। दोनों युवक गोहावर जैत गांव के रहने वाले बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, आकाश और लक्षित सैदपुर भट्टे पर अपने मामा से मिलकर बाइक से वापस लौट रहे थे। पूरनपुर नंगला के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आकाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि लक्षित उर्फ गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल लक्षित को उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।




# ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का मण्डल आयुक्त महोदय ने किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण व ससमय कार्य के दिए निर्देश

## आयुक्त आगरा मण्डल आगरा ने कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण, समीक्षा बैठक में लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की साउंड क्वालिटी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि कार्यक्रमों के दौरान स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर लाइट और साउंड व्यवस्था होने पर ही इस ऑडिटोरियम की असली उपयोगिता सिद्ध हो सकेगी। ऑडिटोरियम की रूफ ट्रस पर उच्च गुणवत्ता की व मानकों के अनुसार ही रूफ शीट लगाए जाने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात आयुक्त महोदय ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की सुचिता और व्यवस्था परखने के लिए अभिलेखागार एवं प्रशासनिक अधिकारिक कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कक्ष, नजारत अनुभाग, चकबंदी एवं भूलेख विभाग का जायजा लिया।

सुरक्षा मानकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए आयुक्त महोदय ने परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए, साथ ही अग्निशमन यंत्रों को चलाने में निपुण कर्मचारियों की भी नियुक्ति होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके।

इस दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी श्री रमेश रंजन के साथ समस्त अपर जिलाधिकारियों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ आयुक्त महोदय ने एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि न्यायालयों और कार्यालयों में लंबित वादों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यवाही को अनावश्यक रूप से न लटकाया जाए। एक नोटिस देकर कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर निरीक्षण समस्याओं के समाधान में सबसे कारगर हथियार हैं, अधिकारी फील्ड विजिट और कार्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें।

मत्स्य पट्टों के आवंटन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटन नियमानुसार तालाब पर ही हो रहा है, न की खेत पर। इसकी मौके पर जांच अनिवार्य है। राजस्व की ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण अधिकारी स्वयं देखकर सुनिश्चित करें, साथ ही ऑफिस की पत्रावलियों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से किया जाए।

आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों का कोई भी देय या सेवा संबंधी मामला लंबित न रहें, इसे तत्काल निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन संबंधी मामले लंबित न रहे। इसी के साथ उन्होंने राजस्व परिषद की लंबित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त, अपर आयुक्त आगरा उपस्थित रहें।

# चांदपुर क्षेत्र के जाफरपुर कोट में गैस रिसाव से भीषण आग, पिता-पुत्री 60% से अधिक झुलसे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर थाना क्षेत्र के जाफरपुर कोट गांव में खाना बनाते समय गैस लीक होने से रसोईघर में अचानक आग लग गई। हादसे में 28 वर्षीय अमित कुमार और उनकी चार साल की बेटी नैना गंभीर रूप से झुलस गए। घटना रविवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, पत्नी के मायके जाने के बाद अमित बच्चों के लिए खाना तैयार कर रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर से गैस का रिसाव हुआ और देखते ही देखते रसोई में आग भड़क उठी। आग की चपेट में पिता और पास में मौजूद मासूम बेटी आ गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर सरकारी एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नूरपुर ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के मुताबिक, पिता-पुत्री 60 प्रतिशत से अधिक झुलसे हैं और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# बिजनौर में स्वास्थ्य विभाग में बड़ा बदलाव, डॉ राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को मिली अहम जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह ने ने स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है इस ही क्रम में डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह ने सीएमओ कार्यालय में कार्यरत अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए डॉक्टर के के राहुल को हटा कर डॉ राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को पीसीपीएनडीटी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, डॉक्टर विश्वकर्मा की गिनती स्वास्थ्य विभाग के तेज तर्रार अधिकारी के रूप में की जाती है डॉ विश्वकर्मा अपनी साफ छवि और कुशल कार्य नेतृत्व के रूप में जाने जाते हैं।

# फिरोजाबाद के कमला नेहरू चन्द्र कुमारी जैन इंटर कॉलेज में अश्वनी जैन का हुआ सम्मान!

**समाज जागरण**



फिरोजाबादः- जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

अश्वनी कुमार जैन के सम्मान समारोह का आयोजन कमला नेहरू चन्द्र कुमारी जैन इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित विद्यार्थी के संयोजन में किया गया।अमित विद्यार्थी ने बताया कि अश्वनी जैन ने जनपद फिरोजाबाद के नाम को रोशन किया है, वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है।

अश्वनी कुमार जैन ने अमित विद्यार्थी के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। इस अवसर पर कमला नेहरू टीचर्स क्लब के अध्यक्ष अक्षय कुमार उपाध्याय योगेंद्र सिंह यादव आकाश जैन जितेंद्र जैन सुमित कुमार जैन विनोद कुमार कृष्णवीर यादव अमर सिंह सर्वेश कुमार सेन श्रीमती हीरामणि जैन सनी जैन तृप्ति जैन मयंक जैन शुभम उपाध्याय आदि सम्मिलित रहे।

# प्रेरणा दिवस पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में 19 एवं 20 फरवरी 2026 को दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज में प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व० श्री एस. के. अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित प्रेरणा दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में खेलकूद प्रतियोगिता, वाद-



विवाद चित्रकला प्रदर्शिनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में रस्साकसी, कैरम तथा बास्केट बॉल की प्रतिस्पर्धा में छात्राएं अपने जोश के साथ मैदान में उतरेंगी। कार्यक्रम की रूपरेखा चार चरणों में संपन्न की जाएगी। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कुलसचिव प्रो० आशू रानी एवं नगर महापौर श्रीमती कामिनी राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय ज्वलंत एवं कौतुहल से परिपूर्ण "कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक समाज के लिए आवश्यक है" रहेगा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा ने वार्ता के दौरान यह भी बताया की छात्राओं द्वारा चित्रकला तथा गृहविज्ञान विभाग द्वारा हस्तकला प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान प्राचार्या जी के अतिरिक्त कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर विनीता गुप्ता,प्रो० विनीता यादव, श्रीमती संध्या चतुर्वेदी, डा०माधवी सिंह, डॉ अंजू गोयल, डॉ नम्रता निश्चल त्रिपाठी, डॉ नूतन राजपाल एवं डॉ निधि गुप्ता मौजूद रहीं।

# दाऊ दयाल स्पोर्टस स्टेडियम में मण्डलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! आयुक्त आगरा मण्डल नागेन्द्र प्रताप सोमवार को दाऊ दयाल स्पोर्टस स्टेडियम में 40वीं मण्डलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया

इस अवसर पर उनके साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहें।

इस दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक और बदलते परिवेश में खेलों का महत्व काफी बढ़ गया है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में इस तरह की प्रतियोगिताऐं बच्चों को आभासी दुनिया से बाहर निकालकर उनके शारिरीक और मानसिक कौशल को निखारने का कार्य करती है, खेल में हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण प्रतिभाग करना होता है, उन्होने आगे कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ्य रखते है। बल्कि एक स्वच्छ मन और संतुलित व्यक्तित्व के विकास में भी सहायक होते है। आयुक्त नागेंद्र प्रताप ने भी सफल और विशिष्ट आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। और उन्हे धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य और खेल भावना के लिए शुभकामनाऐं दी।

उद्धघाटन समारोह के दौरान नन्हे खिलाडियों ने अतिथियों के समक्ष अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मनमोह लिया, इस मण्डलीय प्रतियोगिता मे आगरा मण्डल के चार जिलों की टीमें अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिभाग कर रहीं है। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ी खो-खो, कबड्डी एवं एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाऐंगे,

इस दौरान उन्होंने 400 मी0 दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झण्डी भी दिखाई, कार्यक्रम की शुरूआत आयुक्त साथ साथ सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे मोहन लाल गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट, बीएसए, क्रीडा अधिकारी सहित आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# जर्जर बिल्डिंग का छज्जा गिरने से बाइक सवार बाबा नाती घायल

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। कोटला रोड स्थित मटका वाली बिल्डिंग के समीप सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। शास्त्री मार्केट जा रहे बाइक सवार दादा-पोते के ऊपर अचानक एक मकान का छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई।

थाना रामगढ़ क्षेत्र के ठारपूठा निवासी 58 वर्षीय दलवीर सिंह अपनी पत्नी किरन देवी और नाती शौर्य के साथ बाइक से शास्त्री मार्केट जा रहे थे। जैसे ही वे कोटला रोड पर मटका वाली बिल्डिंग के पास पहुंचे, तभी एक मकान का छज्जा अचानक टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। छज्जा गिरते ही दलवीर सिंह और उनका नाती शौर्य उसकी चपेट में आ गए, जबकि पत्नी बाल-बाल बच गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को संभाला और शिवाजी मार्ग स्थित एक चिकित्सक के यहां उपचार के लिए पहुंचाया। चिकित्सक के अनुसार दोनों के सिर में गंभीर चोट आई है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तर अंजीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों में जर्जर भवनों को लेकर चिंता व्याप्त है।

# नरेन्द्र मोदी 17 फरवरी को मुंबई में इमैनुएल मैक्रों से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 फरवरी 2026 को मुंबई दौरे पर जाएंगे, जहां वे फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत के औपचारिक दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर हो रहे इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे और मुंबई में प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह राष्ट्रपति मैक्रों का भारत का चौथा तथा मुंबई का पहला दौरा होगा।

17 फरवरी को लगभग दोपहर 3:15 बजे दोनों नेता मुंबई के लोक भवन में द्विपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे। इन बैठकों में भारतझ्रफ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही साझेदारी को मजबूत करने और नए तथा उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

# शराब के नशे में भाई पर जानलेवा हमला,अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण कांधला।**



थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में घरेलू विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के चलते दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर मेडिकल परीक्षण किया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अमित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई विकास शराब पीने का आदी है। नशे की हालत में वह अक्सर घर में झगड़ा करता रहता है और परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। सोमवार को भी विकास शराब पीकर घर पहुंचा और परिजनों से विवाद करने लगा। जब उसे शराब पीने से रोका और समझाने का प्रयास किया, तो वह गुस्से में आ गया।आरोप है कि इसी दौरान विकास ने पास रखे धारदार हथियार से अमित पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।परिजनों ने घायल को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे,और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके पश्चात पीड़ित ने थाने में पहुंचकर आरोपी भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जायगा ।

# कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर में 12वीं का छात्र गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के एलम-कनियान मार्ग पर कार व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 12वीं कक्षा का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बिराल निवासी अभिषेक पुत्र ब्रह्मपाल 12वीं कक्षा का छात्र है। वह कस्बा एलम स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने के लिए रोजाना बाइक से आता-जाता है। सोमवार को कोचिंग से छुट्टी होने के बाद वह अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह कनियान पुलिया के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायल को जिला अस्पताल ले गए।गबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# विवाहिता की मौत, पोस्टमार्टम के बाद किया गया सपुर्द ए खाक

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने महिला की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में महिला को कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी वकील की पुत्री मुशकरा की शादी कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव खुरगान निवासी सलमान के साथ हुई थी। विवाहिता अपने ससुर और दो वर्षीय बेटे के साथ घर पर रहती थी, जबकि उसका पति रोजगार के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में रह रहा था।रविवार को मुशकरा का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। महिला के शरीर पर चोट के निशान पाए जाने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद गमगीन माहौल में महिला को सपुर्द ए खाक कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वच्छता व स्वास्थ्य पर दिया गया संदेश

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग )**




नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरूआत स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रार्थना , योगाभ्यास एवं लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गान से की गई।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल स्थित शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत विषय पर गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. नयना शर्मा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और स्वास्थ्य का स्वच्छता से गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण डायरिया, प्लेग, हैजा जैसी अनेक बीमारियां फैलती हैं, जो शरीर को कमजोर बना देती हैं।डॉ. शर्मा ने दूषित जल, प्रदूषित वायु एवं मिलावटी खाद्य सामग्री को आज की प्रमुख समस्याएं बताते हुए इनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# एसआईआर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**समाज जागरण**



कैराना। एसडीएम ने सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान एसआईआर के तहत कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। सोमवार को एसडीएम निधि भारद्वाज ने विधानसभा क्षेत्र के सभी 10 सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के एसआईआर के तहत नोटिसों के समाधान के लिए प्राप्त डाटा को निर्वाचन आयोग की साइट पर जल्द से जल्द अपलोड कर दें। इसके अलावा एसआईआर के जिन नोटिसों का अभी तक समाधान नहीं हुआ, उन मतदाताओं को बुलाकर अथवा उनके नजदीकी स्थान पर कैंप लगाकर नोटिस का समाधान कराया जाए। इसके अलावा एसडीएम ने नगरपालिका के वार्ड सभासदों के साथ भी बैठक की। बैठक में एसडीएम ने वार्ड सभासदों को कहा कि अपने–अपने वार्ड के मतदाताओं के नोटिस से समाधान के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके।

# लंबित गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में चिंता का माहौल, किरणपाल कश्यप

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) प्रदेश में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर एमएलसी किरणपाल कश्यन ने विधान परिषद में मुददा उठाया है। उन्होने बताया कि किसानों में गन्ना भुगतान समय से न होने पर भारी रोष व्याप्त है। विशेष रूप से कुछ चीनी मिलों पर लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर किसानों में चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है। विधान परिषद में बोले एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि जब किसानों ने समय पर अपनी फसल मिलों को सौंप दी, तो उनका भुगतान समय पर क्यों नहीं किया जा रहा है। प्रदेश की विभिन्न चीनी मिलों पर गन्ना मूल्य का भुगतान डेढ़ से दो वर्ष तक लंबित बताया जा रहा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसान कर्ज लेकर खेती करता है, खाद-बीज खरीदता है और मजदूरी का भुगतान करता है, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से परिवार के भरण-पोषण तक की समस्या खड़ी हो रही है।

एमएलसी कहा कि किसानों अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए गन्ना आपूर्ति की, लेकिन मिलों द्वारा भुगतान में लगातार देरी की जा रही है, जो चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिन भी चीनी मिलों पर किसानों का बकाया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और निर्धारित समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

# दीवारों पर आपत्तिजनक बातें लिखकर महिला को किया बदनाम

## -पैसे की उगाही व अवैध संबंध का दबाव बनाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जनपद बागपत के गांव मुकारी निवासी युवक पर मानसिक, सामाजिक व आर्थिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता का आरोप है कि गांव मुकारी, जनपद बागपत निवासी संजय गुप्ता, जो विद्युत विभाग में कार्यरत बताया गया है, बीते कुछ समय से उसे जानबूझकर प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि युवक बार-बार उसके ससुराल पहुंचकर घर की दीवारों पर आपत्तिजनक व अश्लील बातें लिख देता है और भड़काऊ पोस्टर चिपका जाता है। इससे न केवल परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है, बल्कि गांव में तरह-तरह की चचाएँ भी हो रही हैं। महिला ने तहरीर में कहा है कि आरोपी का उद्देश्य उसे और उसके परिवार को बदनाम करना है। आरोप है कि युवक धमकी देकर पैसे की उगाही करने का प्रयास कर रहा है और रुपये न देने पर आपत्तिजनक बातें फैलाने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उस पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। घटना के बाद से पीड़िता व उसका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। परिजनों का कहना है कि आरोपी की हरकतों से परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है और वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वोटर लिस्ट से नाम कटवाने का आरोप

## -सपा जिलाध्यक्ष ने थाने में दी तहरीर, बीएलओ व सुपरवाइजर पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

क्षेत्र में फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची से नाम कटवाने के कथित फजीवाड़े का मामला सामने आने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने थाने में बीएलओ, सुपरवाइजर व एक नामजद व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि समाजवादी पार्टी के चिन्हित मतदाताओं के नाम सुनियोजित तरीके से मतदाता सूची से हटाने की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जावेद जंग ने बताया कि पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए तैय्यब ने सूचना दी कि कांधला के बूथ संख्या 330 पर 347 फार्म-7, बूथ संख्या 331 पर 451 फार्म-7 तथा बूथ संख्या 334 पर 205 फार्म-7 प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि बीएलओ द्वारा फार्म वितरित किए जाने के बाद जब संबंधित मतदाताओं को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराई, तो सुपरवाइजर द्वारा बीएलओ को उक्त फार्म वापस करने के निर्देश दिए गए। पार्टी बीएलए का दावा है कि सभी फार्म-7 एक ही नाम से भरे गए हैं। सपा पदाधिकारियों के अनुसार, फार्म-7 जमा करने वाले राजवीर सिंह ने फोन पर स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई फार्म-7 नहीं भरा है। आरोप यह भी है कि शामली विधानसभा के अन्य बूथों पर भी इसी प्रकार नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरे जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर पंवार ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी के मतदाताओं के नाम कटवाने की बड़ी साजिश चल रही है। उन्होंने दावा किया कि जिन मतदाताओं के नाम काटने के लिए फार्म-7 भरे गए हैं, उनमें मतदाता का नाम टाइप किया हुआ है, जबकि फार्म भरने वाले का नाम पेन से लिखा गया है, जिससे फजीवाड़े की आशंका प्रबल होती है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुराना पालिका भवन बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

## -उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम से की पालिका बाजार विकसित करने की मांग

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग )**



कस्बे के पुराने पालिका भवन की दुर्दशा को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कन्सल ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार को पत्र भेजकर पुराने पालिका भवन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित कर पालिका बाजार बनाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि कस्बे में स्थित पुराना पालिका भवन कई वर्ष पूर्व ध्वस्त कर दिया गया था। उसके स्थान पर केवल कुछ दुकानें और पीछे की ओर असंगत ढंग से कुछ दुकाननुमा ढांचे बना दिए गए। वर्तमान में बाहरी दुकानों के अतिरिक्त अंदर का अधिकांश हिस्सा बंद पड़ा रहता है, जो असामाजिक तत्वों और आवारा पशुओं की शरणस्थली बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह स्थान कस्बे के सर्वाधिक कीमती और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। यहां पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था संभव है, जिससे बाजार आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों को सुविधा मिल सकती है। वर्तमान स्थिति में यह बहुमूल्य भूमि अनुपयोगी पड़ी है, जिससे न तो पालिका को राजस्व मिल रहा है और न ही कस्बे का समुचित विकास हो पा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि यदि उक्त स्थान को सुव्यवस्थित योजना के तहत आधुनिक पालिका बाजार के रूप में विकसित किया जाए तो इससे पालिका को स्थायी आय का बड़ा स्रोत प्राप्त हो सकता है। साथ ही स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर इस स्थल का सर्वे कराया जाए और शीघ्र ही विकास योजना तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कस्बे की इस महत्वपूर्ण संपत्ति का सदुपयोग हो सके।

# सांसद इकरा हसन के समर्थकों पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। सांसद इकरा हसन के विकास कार्यों में उपेक्षा पर प्रश्न से आहत होकर अशोभनीय टिप्पणी करने और धमकी देने के आरोप में दो समर्थकों के नामजद व अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मोहल्ला आलकलां निवासी हिना नाज सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र भेजा था। इसके बाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह एक पत्रकार है। उसने कैराना की वर्तमान सांसद इकरा हसन के क्षेत्रीय विकास कार्यों में की गई उपेक्षा को लेकर एक चैनल पर प्रश्न किए थे। आरोप है कि इसी से आहत होकर उस पर समर्थकों द्वारा निरंतर अशोभनीय टिप्पणी और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसके मोबाइल नंबर पर गांव बराला कुकरहेड़ी निवासी नदीम द्वारा स्वयं व साथियों के माध्यम से वाट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी जाती है। अश्लील गालियां भी दी जाती है। इसके अलावा महिला गरिमा विरोधी आपत्तिजनक सामग्री भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट की जा रही है।

इसके अलावा मोहल्ला आलकलां निवासी शाद द्वारा भी अश्लील गलियों से युक्त वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगातार पोस्ट की जा रही है। इसी को लेकर वह भयभीत व मानसिक रूप से प्रताड़ित है। मामले में पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग ) भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को समझौते से बाहर रखने की मांग की है। आशंका जताई कि प्रस्तावित ट्रेड डील से देश के किसानों और पशुपालकों के हित प्रभावित हो सकते हैं। सोमवार को दिए ज्ञापन में कहा है कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री ने किसानों के हितों से समझौता न करने का



आश्वासन दिया था। किसान संगठनों का कहना है कि अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते में यदि कृषि और दुग्ध उत्पादों को शामिल किया गया तो देश के छोटे और सीमांत किसानों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आशंका जताई गई है कि यदि विदेशी दुग्ध उत्पाद या पाउडर मिल्क भारतीय बाजार में आता है तो देश के पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय प्रभावित हो सकती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि देश में बड़ी संख्या में किसान पशुपालन पर निर्भर हैं और वर्तमान में भी दूध के दाम कई स्थानों पर कम हैं। किसान संगठनों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को शामिल न किया जाए और किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में किसानों की आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप फौजी, विक्रम सिंह, धनप्रकाश, नाथूराम, रमेश, जनेश्वर, विनोद, धीरजपाल आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम सम्पन्न

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग ) राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की जिला गंगा समितियों में कार्यरत जिला परियोजना अधि कारियों के लिए छोटी नदियों के पुनरोद्धार एवं सामुदायिक सहभागिता विषय पर तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम 13 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध जल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने डॉ राजेन्द्र सिंह से जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन तथा समुदाय आधारित प्रयासों के महत्व पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही राजस्थान के करौली एवं धौलपुर क्षेत्रों में छोटी नदियों के सफल पुनर्जीवन से जुड़े व्यवहारिक एवं सामुदायिक मॉडलों का प्रत्यक्ष अध्ययन भी किया गया, जिससे भविष्य में प्रदेश की छोटी नदियों के संरक्षण एवं पुनरोद्धार कार्यों में सहायता मिल सके। एक्सपोजर विजिट का संचालन जल संरक्षण योद्धा रणवीर सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 35 जनपदों के जिला परियोजना अधि कारियों ने सोनालिका सिंह, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, लखनऊ के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। जनपद शामली से जिला परियोजना अधि कारी डॉ सोनू कुमार ने भी इस एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग कर जल संरक्षण से जुड़े अनुभव प्राप्त किए।

# मनरेगा बचाओ आंदोलन एवं विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस अलर्ट

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग ) उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी को प्रस्तावित मनरेगा बचाओ आंदोलन एवं विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर जनपद में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। कार्यक्रम के तहत जनपद से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं के सुबह लखनऊ जाने की सूचना पर पुलिस ने सोमवार सुबह ही कई नेताओं को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया, जबकि कुछ कार्यकताओं को पुलिस चौकियों पर बैठाया गया। शहर के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, झिंझाना थाना क्षेत्र के कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा को नजरबंद किया गया। इसके अलावा युवा जिला उपाध्यक्ष नासिर चौधरी एवं जिला महासचिव मंगल कोहली को अहमदगढ़ पुलिस चौकी तथा जिला महासचिव अजीत शर्मा को चोसाना चौकी पर बैठाया गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष वीशू शर्मा को कंडेला चौकी प्रभारी राजकुमार बघेल द्वारा उनके आवास पर नजरबंद किया गया। कांग्रेस नेता ओमप्रकाश शर्मा ने पुलिस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि मनरेगा योजना गरीब परिवारों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से लागू की गई थी, लेकिन वर्तमान सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसान और मजदूर वर्ग के अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

# जमीयत उलेमा के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों को लेकर उत्पन्न स्थिति के संबंध में जमीयत उलेमा के पदाधिकारियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। बताया कि मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं, इसके बावजूद कुछ स्थानों पर पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर उतरवाए जा रहे है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पत्र में मांग की गई है कि यदि मस्जिदों में लाउडस्पीकर निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं तो इमामों एवं जिम्मेदार लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही कहा गया है कि जमीयत उलेमा के पदाधिकारी स्वयं भी संबंधित मस्जिदों के जिम्मेदारों को निर्धारित ध्वनि सीमा में लाउडस्पीकर चलाने के निर्देश देते रहे हैं और किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर प्रशासन को सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा संगठन ने आगामी 19 फरवरी से शुरू हो रहे पवित्र रमजान माह को देखते हुए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में साफ-सफाई, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था कराने की भी मांग की है। पत्र में कहा गया है कि रमजान के दौरान लोगों की धार्मिक गतिविधियां अधिक रहती हैं, इसलिए प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है ताकि क्षेत्र में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे। जमीयत उलेमा ने मांग की है कि जिन स्थानों पर मस्जिदों के लाउडस्पीकर हटाए गए हैं, वहां गाइडलाइन के अनुसार अनुमति प्रदान की जाए, जिससे रमजान माह में धार्मिक कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला सदर मोलाना साजिद कासमी, जनरल सेक्रेटरी मौलाना अय्युब, मौलाना शौकीन, मौलाना नजाकत अली आदि मौजूद रहे।



# लोहरीपुर में 544 फार्म -7 को लेकर विवाद, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग )**

कांधला थाना क्षेत्र के गांव लोहरीपुर में 544 फार्म-7 को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि 14 फरवरी को एक सुपरवाइजर द्वारा 544 फार्म-7 गांव में लाकर मुकेश देवी को दिए गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित फार्म गांव में चर्चा का विषय बन गए, क्योंकि जिन लोगों के नाम पर फार्म बताए जा रहे हैं, वे सभी गांव में ही निवास करते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उक्त फार्मों पर खंदरावली निवासी वेदपाल के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि 15 फरवरी की रात करीब 8 बजे मुकेश देवी और सुपरवाइजर स्कूल से फार्म निकालकर पास के ईख के खेत की ओर जाते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और फार्म सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में पुलिस के माध्यम से उन्हें थाना कांधला पहुंचाया गया।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। डीएम ने एडीएम सत्येन्द्र सिंह को मामले में जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर केसर, कुरबान, अनवर, जमील प्रधान, हाजी नाहिद, जुल्फान, शकील, शादाब, इमरान, फुरकान, फरान आदि मौजूद रहे।

# हरियाखेड़ा शिवमहापुराण कथा में पहुंचे दिल्ली के डिप्टी स्पीकर मोहनसिंह बिष्ट

**समाज जागरण**

बागपत। हरियाखेड़ा गांव में 10 फरवरी से चल रही शिवमहापुराण कथा का भव्य समापन हो गया। समापन अवसर पर दिल्ली विधान सभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य वेद प्रकाश वृन्दावन वालों ने भगवान शिवजी की महिमा से श्रद्धालुओं को अवगत कराया और भगवान का गुणगान किया। कथा के आयोजक धीरज यादव ने कथा में आये सभी अति थियों का माला, पटका व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कथा के सफल आयोजन के लिए कथा वाचक, उनकी समस्त टीम, श्रद्धा



लुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। धीरज यादव ने बताया कि 17 फरवरी को यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में यज्ञ व भंडारे में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महिपाल यादव व रवि बैंसला, जोधा यादव, चेतराम यादव, ताराचंद यादव, भुरू यादव, रामभूल यादव, पिरथी महाराज कैराड़ा वाले सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हिंदू समाज की एकता, संस्कृति एवं राष्ट्रधर्म को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

अग्रवाल मंडी टटीरी के तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगला चरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन का मंच संचा लन अभिमन्यु गुप्ता द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता आचार्य राधा कृष्ण मनोडी ने हिंदू संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर भैया दास महाराज ने हिंदू समाज को संगठित रहने, संस्कारों की रक्षा करने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश




दिया। सभा में उपस्थित संत-महापुरुषों एवं वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया। अंतर राष्ट्रीय कवयित्री तुषा शर्मा की काव्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में भंवर सिंह वैद्य (पूर्व जिल संघचालक) ने हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का सफल एवं अनुशासित आयोजन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। अंत में समाजहित एवं राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद भोजन की व्यवस्था की गई।

# न्याय न मिलने से आहत परिवार ने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह करने कोशिश की

**दुष्कर्म मामले में कार्रवाई न होने पर परिवार ने उठाया आत्मघाती कदम**
**पुलिस पर आरोपों के बीच कलेक्ट्रेट में आत्मदाह प्रयास से हड़कंप मचा**



**समाज जागरण बागपत।**

दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न होने से आक्रोशित और निराश एक परिवार ने सोमवार को जिला अधि कारी कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह का प्रयास किया, जिससे पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। थाना सिंघावली क्षेत्र के एक गांव से आए परिवार के पांच सदस्यों ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और न्याय न मिलने पर सामूहिक रूप से जान देने की चेतावनी दी। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों और पुलिसकर्मियों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए सभी को काबू में लिया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें आत्मघाती कदम उठाने से रोका गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने प्रभाव में आकर आरोपी को छोड़ दिया। उनका कहना है कि कई बार थाने और उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि महिला आयोग में भी गुहार लगाने के बाद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिससे मजबूर होकर परिवार को यह कदम उठाना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशास निक अधिकारियों में हलचल मच गई। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच तथा सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

# रेणुकूट में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भगवान भूतनाथ की भव्य महाबारात का पूर्व चेयरमैन निशा सिंह ने किया जोरदार स्वागत

**उपेन्द्र तिवारी तहसील संवाददाता/ समाज जागरण**

रेणुकूट/ सोनभद्र। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर औद्योगिक नगरी रेणुकूट पूरी तरह शिवमय नजर आई। देवाधिदेव महादेव की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने भगवान भूतनाथ की एक विकराल महाबारात निकाली, जिसका नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। इस क्रम में नगर पंचायत रेणुकूट की पूर्व चेयरमैन निशा सिंह के आवास पर महाबारात का अभूतपूर्व स्वागत किया गया, जहाँ उन्होंने सपरिवार भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हर वर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की बारात अत्यंत भव्य और आकर्षक ढंग से निकाली गई। बारात में शामिल। शिव-पार्वती के प्रसंगों पर आधारित सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भूत-पिशाच, देवी-देवता और संतों की वेशभूषा में सजे कलाकारों ने जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया। डमरू दल और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इन दृश्यों को देखने के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का अभिनंदन किया। जैसे ही महाबारात पूर्व चेयरमैन निशा सिंह के आवास के समीप पहुँची, वहाँ का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। निशा बबलू सिंह ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शिव के स्वरूप का स्वागत किया। उन्होंने सपरिवार भगवान भूतनाथ की आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते



हुए कहा भगवान शिव की इस अलौकिक महाबारात का हिस्सा बनना और भोलेनाथ का पूजन करने का सौभाग्य मिलना मेरे लिए अत्यंत गौरव की बात है। बाबा भूतनाथ नगरवासियों पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें और सभी का जीवन खुशहाली व समृद्धि से भरा रहे, यही मेरी प्रार्थना है। पूर्व चेयरमैन की टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवा और समर्पण के भाव से दिन-रात एक कर दिया था। बारात के स्वागत के लिए आवास पर श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए जलपान एवं शीतल जल की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बारात मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि शिवभक्त सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुँच सकें। पुलिस बल और स्वयंसेवकों की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था संभालने में जुटी रही।

# मंडल आयुक्त ने ग्राम पंचायत पकरी में लगाई चौपाल, सरकार के योजनाओं की जानी हकीकत

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। आज ग्राम पंचायत पकरी में मण्डला आयुक्त ने चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण) एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे सवांद की, उन्होंने लाभार्थियों से पूछा कि उन्हें आवास, शौचालय एवं पेंशन की धनराशि समय से प्राप्त हो रही है या नहीं तथा किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। ग्रामीणों ने योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी दी, जिस पर मंडल आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभान्वित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंडल आयुक्त ने



ग्रामीणों से जलापूर्ति की नियमितता, पाइपलाइन की कार्यस्थिति एवं बिजली आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए निरंतर निगरानी एवं जनसंवाद आवश्यक है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# कॉरिडोर के निर्माण में अनियमितताओं को लेकर डीएम से मिले किसान

**समाज जागरण**

बागपत। दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर के निर्माण में अनि यमि तताओं के कारण जिले भर के पीड़ित किसान अपर जिला धिकारी एवं जिलाधिकारी से जाकर मिले और अपनी समस्याओं को रखा इस विषय में मास्टर सहेंद्र ने कहा कि हमारा आर्बिट्रेशन 4 साल से जिला धिकारी के यहां लंबित है। कोई भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहा है। योगेंद्र राठी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि कमिश्नर ने जिलाधिकारी को एक



कमेटी बनाने के निर्देश दिए थे। जिला अधिकारी ने अपर जिला धिकारी बागपत के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई थी, जिसको 15 दिन में रिपोर्ट देनी थी, किंतु 7 महीने बीत जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जानबूझकर रिपोर्ट को लंबित किया जा रहा है। नीरज राजपूत टटीरी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि हमारी रिपोर्ट तुरंत भेजने की कृपा करें, ताकि हम अग्रिम कार्रवाई कर सकें। कहा कि अगर सोमवार तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो मजबूरन किसानों को आंदोलन करना पड़ेगा। मनोज कुमार आर्य एडवोकेट में जिलाधिकारी से निवेदन किया कि दिल्ली-देहरादून इको नामिक कॉरिडोर का उद्घाटन होने से पहले हमारी समस्या का निवारण कर दें। कॉरिडोर के निर्माण के बाद किसानों को अंदेशा है कि उनके साथ न्याय नहीं होगा। जिलाधिकारी ने जल्दी प्रतिकार का निवारण करने का आश्वासन दिया। किसानों के प्रतिनिधि मंडल में सौरभ राठी, विकास राठी, योगेश कुमार, प्रमोद कुमार रण सिंह विनय कुमार,सुनील कुमार, ऋषिपाल, प्रेम सिंह, प्रहलाद सिंह, आशीष कुमार श्रीपाल आदि उपस्थित रहे।

# स्वाभिमान सम्मेलन को सफल बनाने के लिये किया जनसंपर्क

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत 18 फरवरी को वाले स्वाभिमान सम्मेलन के प्रचार के लिए ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने खेकड़ा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। खेकड़ा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने 18 फरवरी को अमर बैंक्विट हॉल बड़ौत में होने वाले सेवा- एकता- संगठन स्वा भिमान सम्मेलन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांव में संपर्क कर लोगों को निमंत्रण दिए और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन समाज



की दिशा का निर्धारण करेगा। इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण बधुओं को पहुंचकर सहयोग करना है। ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कौशिक ने कहा कि यह सम्मेलन ब्राह्मण समाज की एकता और अखंडता को जागृत करने में मील का पत्थर साबित होगा। चौधरी उमेश शर्मा खेकड़ा 360 ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मेलन समाज की एकता के साथ प्रदेश एवं देश की राजनीति को भी प्रभावित करेगा। जनसंपर्क अभियान में राकेश शर्मा जिला अध्यक्ष, रविदत्त शर्मा अध्यक्ष बागपत, राजेंद्र शर्मा बड़ौत, सोनू पंडित बिजरोल, सतीश कौशिक ब्लॉक अध्यक्ष खेकड़ा, ब्रह्मपाल शर्मा उपाध्यक्ष, सतपाल शर्मा दरोगा, देवेंद्र शर्मा विधानसभा प्रभारी, सुशील शर्मा मवीकला उपाध्यक्ष, रविंद्र शर्मा बसी, कमलकांत शर्मा बसी, रामकुमार शर्मा बसी युवा जिला अध्यक्ष, दिनेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, ओमदत्त शर्मा, कविंद्र शर्मा बसी, चौधरी उमेश शर्मा ब्राह्मण समाज खेकड़ा 360 पवन शास्त्री गोना, महेश शर्मा फखरपुर धन प्रकाश नगला बड़ी, मनोज पहलवान घिटोरा, धनकेश शर्मा लहचौड़ा, सुनील शर्मा,चंद्रपाल ललियाना, ने क्षेत्र के बसी, सुन्हैडा, गौणा, ललि याना खेकड़ा, फखरपुर, घिटौरा, लहचौड़ा आदि गांव में जनसंपर्क कर लोगों को निमंत्रण दिए और 18 फरवरी बड़ौत समारोह में पहुंचने की अपील की।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में विमर्श सागर जी महाराज का भव्य स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में भावलिंगी संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज का रात्रि विश्राम के दौरान आगमन हुआ, जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। महाराज श्री के पधारने से विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य एवं उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स ने महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से पुष्प अर्पित कर, सम्मानपूर्वक चरण वंदना की गई तथा गुरुकुल परिवार ने उनके चरणों




में नतमस्तक होकर मंगलकामनाएं प्रकट की। महाराज श्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से धर्म, संस्कार, संयम एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरणादायी संदेशों से उपस्थित श्रद्धालु एवं छात्र-छात्राएं भावविभोर हो गए और सभी ने स्वयं को कृतार्थ महसूस किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने महाराज श्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विद्यालय में महाराज श्री के आगमन को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी क्षण बताया गया। इस मौके पर मदन जैन, श्रवण जैन, नीरज जैन, महेश जैन, प्रमोद जैन प्रवीण जैन आदि उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में प्री कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। आगामी 22 फरवरी को शहर के दिल्ली रोड स्थित सिटी ग्रीन में आयोजित होने वाले विधिक सेवा शिविर के मेगा कैम्प की तैयारियों के दृष्टिगत सोमवार को विकास भवन सभागार में प्री-कैम्प का आयोजन किया गया। प्री-कैम्प की अध्यक्षता एडीएम न्यायिक सोहन लाल ने की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की उपस्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित न होने पर एडीएम न्यायिक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि 22 फरवरी को आयोजित मेगा कैम्प



में संबंधित विभाग अपने-अपने लाभार्थियों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। प्री-कैम्प में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ लगभग 200 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि मेगा कैम्प में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभा न्वित किया जाए तथा शिविर को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

## एग्रीकल्चर के छात्रों का 21 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण**

बड़ौत। कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री बाजिदपुर में जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर के 7वें सेमेस्टर के 40 छात्रों ने 21 दिन तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सोमवार को डायरेक्टर राजसिंह प्रधान द्वारा सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डायरेक्टर राजसिंह प्रधान ने कहा कि



यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री छात्रों को प्रैक्टिकल ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी किया जाएगा। जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल ने भी छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों को अपने करियर में सफल होने के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य अधिकारी और शिक्षक भी उपस्थित थे। कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री बाजिदपुर बागपत के अधिकारियों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## बीएलओ ओर बेटे के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण झिंझाना**

एस आई आर नोटिस तामील कराने गई बीएलओ ओर बेटे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गुलाब को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गयी है। रविवार को क्षेत्र के गांव जैनपुर में बीएलओ बबीता अपने पुत्र के साथ गांव में ही गुलाब से एस आई आर नोटिस को तामिल कराने उसके घर पहुंची थी। जहां पर बबीता के साथ गुलाब ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करने लगा।जब बबीता के पुत्र ने इसका विरोध किया तो गुलाब ने बीएलओ के पुत्र पर हमला कर दिया था। जिसमें वह घायल हो गया था। मामले में बीएलओ बबीता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार की देर रात आरोपी गुलाब को गिरफ्तार किया है। सोमवार को गुलाब सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया बीएलओ के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी गुलाब को गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई की गयी है।

# कैराना बाईपास पर ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का भव्य शुभारंभ

## -पचास विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश की घोषणा, क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई पहल

**समाज जागरण**
**कैराना।(फुरकान जंग )**

बाईपास स्थित ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के बीच विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, अभिभावक, समाजसेवी एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे उद्घाटन समारोह में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि हरी ग्रुप के प्रबंधक सुभाष चौधरी रहे। उन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट



अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुफियान चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कैराना क्षेत्र के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग सिस्टम, अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति तथा आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनु शासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास भी आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण के साथ विद्यालय में सह-पाठ्यक्रम गति विधियों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, व्यक्तित्व विकास कार्य शालाओं एवं करियर मार्गदर्शन सत्रों को भी समान महत्व दिया जाएगा। मुख्य अतिथि सुभाष चौधरी ने विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और नई पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करें। उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की गई। इस घोषणा से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को विशेष लाभ मिलेगा। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जाएगी। घोषणा के साथ ही उपस्थित अभिभावकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को विद्यालय परिसर का निरीक्षण कराया गया। आधुनिक कक्षाएं, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं खेल सुविधाओं को देखकर अतिथियों ने संतोष व्यक्त किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# लखनऊ कूच को लेकर पुलिस अलर्ट, कांग्रेस नेताओ को किया गया हाउस अरेस्ट

**समाज जागरण झिंझाना।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा 17 फरवरी को मनरेगा बचाओ आंदोलन को लेकर विधान सभा घेराव कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद से बडी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को मंगलवार सुबह लखनऊ पहुंचना था। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन अलर्ट मूड मे नजर आया जिसके लिए कई कांग्रेस नेताओ को सोमवार सुबह ही उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया तथा कुछ कार्यकर्ताओ को पुलिस चौकी पर भी बैठाया गया।

मंगलवार को लखनऊ में कांग्रेस के मनरेगा को लेकर विधान सभा घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस अलर्ट नजर आयी। जिसको लेकर सोमवार को ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव सींगरा निवासी कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा को अहमदगढ चौकी प्रभारी अजयपाल सिंह के नेतृत्व मे जाट फार्म स्थित उनके आवास पर ही नजरबंद किया गया। अश्वनी शर्मा ने बताया उनकी टीम के कार्यकर्ता युवा जिला उपाध्यक्ष नासिर चौधरी, जिला महासचिव मंगल कोहली को अहमद पुलिस चौकी व जिला महासचिव अजीत शर्मा ऊदपुर को चौसाना चौकी पर बैठाया गया। जिलाउपाध्यक्ष वीशू शर्मा ऐरटी को कंडेला चोंकी प्रभारी राजकुमार बघेल के द्वारा उनके आवास नजरबंद किया गया। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही को लोकतंत्र की हत्या बताया। उन्होने कहा कि यूपीए सरकार द्वारा लाई गई मनरेगा योजना मे प्रत्येक पंजीकृत गरीब परिवार को 100 दिन के रोजगार की लिखित गारंटी दी जाती थी। वर्तमान सरकार देश के किसान मजदूर वर्ग से उनके अधिकार छीनने का काम कर रही है। वर्तमान सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के उद्देश्य से प्रशासनिक अमले का दुरुपयोग कर रही है। जिला उपाध्यक्ष वीशू शर्मा एवं नासिर चौधरी ने बताया कि कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा के नेतृत्व मे यूथ कांग्रेस की टीम को लखनऊ जाना था लेकिन सरकार के इशारे पर जबरदस्ती जाने से रोकने का काम किया गया जोकि अत्यंत निंदनीय है। जिला महासचिव मंगल कोहली व अजीत शर्मा ने कहा कि सरकार का रवैया गरीब किसान, मजदूर को दबाना वाला है। भाजपा सरकार मे उधोगपतियों की चांदी कट रही है।

# पितृत्व लाभ योजना: पंजीकृत श्रमिकों को दी जा रही 21 हजार की आर्थिक मदद, तीन बेटियों तक दिया जा रहा पितृत्व लाभ

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 16 फरवरी (सुरेश जोरासिया) श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितार्थ अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी श्रंखला में पंजीकृत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और उनके परिवार की सहायता के लिए 'पितृत्व लाभ योजना' संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रमिक के घर में बच्चे के जन्म के समय होने वाले खर्चों में आर्थिक मदद पहुंचाना है। योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिक को कुल 21,000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है, जिसे दो भागों में बांटा गया है। इसमें 15,000 रुपये मुख्य पितृत्व लाभ के रूप में और 6,000 रुपये श्रमिक की पत्नी के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था हेतु दिए जाते हैं।

योजना का लाभ उठाने के लिए नियम और शर्तें

इच्छुक श्रमिक को लाभ प्राप्त करने के लिए 'क्लेम फॉर्म 11' भरना अनिवार्य है और इसके साथ बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। यह लाभ श्रमिक को केवल दो बच्चों तक ही दिया जाता है। यदि किसी श्रमिक के घर तीन लड़कियों का जन्म होता है, तो बच्चों के क्रम को न देखते हुए तीनों लड़कियों के जन्म पर यह लाभ दिया जाएगा।

**योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण जरूरी**

हरियाणा में कामगारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। विशेष रूप से निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक है, तभी वे विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। श्रम विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहायता योजनाओं से जोड़ना है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके।

योजना की एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि यदि श्रमिक की पत्नी किसी भी अन्य सरकारी विभाग, बोर्ड या निगम से मातृत्व लाभ प्राप्त कर रही है, तो ऐसी स्थिति में पति को यह पितृत्व लाभ नहीं मिलेगा। यह योजना श्रमिक परिवारों को बच्चे के जन्म के समय आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।

# बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित वातावरण देना समाज की जिम्मेदारी है : महंत चरणदास महाराज

- सात दिवसीय बेटी उत्सव 2026 के तहत अनूठा संदेश देगी भिवानी की नन्हीं बेटी आरोही
- हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर हैं आरोही व नव्या भारद्वाज



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल)**

भिवानी, 16 फरवरी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों को संस्कारवान बनाओ 2026 अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश देते हुए सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने अपनी 10 वर्षीय पुत्री आरोही का जन्मोत्सव सात दिवसीय बेटी उत्सव, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण अभियान 2026 के रूप में मनाया।

अभियान की शुरूआत हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में पौधारोपण के साथ की गई, जहां भारतीय संस्कृति के अनुरूप पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जन्मोत्सव के अवसर पर नन्हीं आरोही ने केक काटने की परंपरा से हटकर फलदार पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर माता अंजु भारद्वाज, पिता अशोक भारद्वाज, बड़ी बहन नव्या तथा सहेलियों ने पौधे भेंट कर उसे प्रोत्साहित किया। उपस्थित लोगों से भी अपील की गई कि वे बेटियों के नाम पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण में योगदान दें।

महंत चरणदास महाराज ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित वातावरण देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार भी आवश्यक हैं। वहीं विवेकानंद हाई स्कूल भिवानी की संचालिका सावित्री यादव एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कामना कौशिक ने भी बेटियों को शिक्षित व संस्कारित बनाने पर बल दिया।

अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि वे वर्ष 2012 से एक बेटी एक पेड़ मिशन चला रहे हैं। इस वर्ष अभियान को वन महोत्सव और प्लांट्स फॉर द मदर जैसी थीम से जोड़ा गया है। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज अपने जन्मोत्सव के चौथे दिन एनएच मार्ग पर अनूठा संदेश देकर 10वां जन्मदिन मनाएंगी। उल्लेखनीय है कि आरोही और उनकी बड़ी बहन नव्या भारद्वाज पूर्व में भी अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर प्रेरक संदेश देती रही है।

# भिवानी में ट्रैक्टर अनुदान के लिए 18 फरवरी को ऑनलाइन ड्रॉ, एससी किसानों को मिलेगा 3 लाख सब्सिडी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- लोहारू/सिवानी,16 फरवरी। उप कृषि निदेशक डॉ विनोद फोगाट व सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि जिला भिवानी में राज्य योजना एसबी.89 वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को 45 एचपी एवं उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर तीन लाख रुपए प्रति इकाई अनुदान प्रदान किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उपायुक्त-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ ऑफ लॉट्स (लॉटरी प्रणाली) के माध्यम से 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को 45 एचपी एवं उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर तीन लाख रुपए प्रति इकाई अनुदान प्रदान किए जाने हेतु विभागीय पोर्टल पर 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस योजना के अंतर्गत कुल 1209 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि विभाग को 84 ट्रैक्टरों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की संख्या लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उपायुक्त-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ ऑफ लॉट्स (लॉटरी प्रणाली) के माध्यम से 18 फरवरी 2026 को पंचायत भवन में किया जाएगा।

उन्होंने सभी पात्र एवं इच्छुक आवेदक किसानों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लें।

# पिछड़ा वर्ग परिवारों को मुख्यमंत्री विवाह शगुन के तहत दिए जा रहे हैं 51 हजार रुपये : एसडीएम मनोज दलाल

## सरकार ने कई श्रेणियों में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में की 10 हजार की बढ़ोतरी

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- लोहारू/सिवानी,16 फरवरी। प्रदेश सरकार ने कई श्रेणियों में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी की गई है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी। किसी भी वर्ग से सम्बंधित महिला खिलाड़ी की स्वयं की शादी की शगुन राशि भी दस हजार बढाकर 51 हजार कर दी गई है।

एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में शगुन के रूप में सहायता प्रदान करना है।

इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ी को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों में से पति या पत्नी में से कोई एक दिव्यांग होने पर भी अब 51 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत उपरोक्त के अलावा अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है।

वहीं, समाज के सभी वर्गों की विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि, पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक shadi.edisha.gov.in पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मनोज दलाल ने बताया कि डॉ० बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना स्कीम का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सभी वर्गों के व्यक्तियों को मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की राशि दिए जाने का प्रावधान है। बशर्ते कि आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए और जिस रिहायशी मकान की मरम्मत की जानी है। यह रिहायशी मकान आवेदक के नाम होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि समाज मे अस्पृश्यता दूर करने के लिए डिबेट एवं सेमिनार का आयोजन किया जाता है। जिसमें भाषण एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। जिला मुख्यालय या कॉलेजों में सभाओं/गोष्ठियों के लिए इस स्कीम के तहत प्रत्येक सेमिनार के लिए 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

एसडीएम ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अन्तर्गत सभी वर्गों के छात्र/छात्राओं में उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए मैट्रिकोत्तर कक्षाओं में कक्षावार प्रतिशतता के आधार पर 8 हजार रुपए से लेकर 12 हजार रुपए तक दिए जाने का प्रावधान है। यह योजना सामान्य व पिछड़े वर्ग के छात्रों को 10वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशतता के आधार पर दी जाती है तथा अनुसूचित जाति एवं विमुक्त जाति, घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु जाति छात्रओं को मैट्रिकोत्तर कक्षाओं में दाखिला लेने पर 10वी, बाहरवीं, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन कक्षाओं में परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर दिए जाते हैं।

# बहल में श्री अलख बाबा फागुन महोत्सव पर कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का किया शुभारंभ

- "राम नाम अति मीठा है" भजन पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और जय श्रीराम के नारों से पंडाल हुआ गुंजायमान
- भक्तिमय माहौल में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, 22 फरवरी तक चलेगा कथा वाचन



बहल में कथा प्रारंभ होने से पूर्व सोमवार सुबह दस बजे कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 फरवरी। बहल में श्री अलख बाबा के फागुन वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अलख आश्रम बहल में श्री राम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व सोमवार सुबह दस बजे कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए भाग लिया।

महंत विकास गिरी महाराज ने श्री राम कथा को सिर पर धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कलश यात्रा श्री अलख आश्रम से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा पुनः आश्रम परिसर में संपन्न हुई।

कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक महंत पारुल भगत जी ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, परंतु उनकी कृपा सच्चे और एकाग्र मन से स्मरण करने वालों पर ही होती है। उन्होंने बताया कि यदि मन एकाग्र न हो तो घंटों की पूजा भी व्यर्थ है, जबकि पांच मिनट का सच्चे मन से किया गया स्मरण भी जीवन की चिंताओं को दूर कर सकता है।

कथा के दौरान राम नाम अति मीठा है भजन पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और जय श्रीराम के नारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। महंत विकास गिरी महाराज ने जानकारी दी कि यह श्री राम कथा 16 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।

# एन एस एस विशेष शिविर में निकली "जल बचाओ" जागरूकता रैली

## डॉ. एन. पी. गौड़ ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 फरवरी । सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के अंतर्गत 16 फरवरी 2026 को कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित



किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एन. पी. गौड़ उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया तथा स्वयंसेवकों ने अनुशासन व उत्साह के साथ भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जल बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता रैली रही। रैली को प्राचार्य श्री कुलदीप एवं मुख्य अतिथि डॉ. गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण, वृक्षारोपण और प्रकृति संतुलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। स्वयंसेवकों ने नारों के जरिए आमजन को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। युवाओं की जागरूकता ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने एन एस एस स्वयंसेवकों के सामाजिक कार्यों की सराहना की। प्राचार्य ने कुलदीप पंघाल ने भी विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि एन एस एस नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त मंच है।

कार्यक्रम में एन एस एस अधिकारी, महाविद्यालय स्टाफ, स्वयंसेवक व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर की आगामी गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रमानुसार जारी रहेंगी।

# मण्ढोली कलां में जुआ खेलते 8 व्यक्ति गिरफ्तार, 1.27 लाख बरामद

**समाज जागरण, जिला संवाददाता, भिवानी।**

बहल। स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने गांव मण्ढोली कलां में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए 8 व्यक्तियों को काबू किया। पुलिस ने मौके से 1,27,400 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई अपनी टीम के साथ गोपालवास चौक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मीनारायण पुत्र मोहर सिंह के मकान के घेर में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर मौके पर दबिश दी।

छापेमारी के दौरान 8 व्यक्ति ताश पर रुपए दांव लगाते हुए पाए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके पर काबू कर तलाशी ली, जिसमें कुल 1,27,400 रुपये की नकदी (500, 200, 100 व 50 रुपये के नोट) तथा 52 ताश के पत्ते बरामद हुए।

# मोदी और शाह किसानों के रक्षक व्यापार समझौतों पर झूठ बेनकाब राहुल की भय राजनीति अस्वीकार: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

लुधियाना,16 फरवरी :राष्ट्रीय भाजपा नेता एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व वाले नरेंद्र मोदी और मजबूत राष्ट्रवादी संकल्प वाले अमित शाह पर गहरे सम्मान हार्दिक श्रद्धा और अटूट विश्वास के साथ मैं भारत के व्यापार समझौतों और राष्ट्रीय आर्थिक प्रगति से संबंधित उनकी ईमानदार पारदर्शी और किसान हितैषी नीतियों का पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व हमेशा किसानों गरीब मजदूरों मछुआरों युवाओं और हर मेहनतकश नागरिक के कल्याण को शासन के केंद्र में रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि हर अंतरराष्ट्रीय समझौता भारत की कृषि डेयरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शक्ति सुरक्षा और सम्मान प्रदान करे।आज यहां जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों पर राहुल गांधी द्वारा लगाए गए निराधार आरोप और राजनीतिक उद्देश्य से उठाए गए प्रश्न भ्रामक दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रीय हित के विरुद्ध हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के स्पष्ट और तथ्यपूर्ण रुख का दृढ़ समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने झूठे नैरेटिव को बेनकाब किया और देश को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए हर समझौते ने किसानों पशुपालकों और मछुआरों के हितों की पूर्ण रक्षा की है तथा भारत की कृषि और डेयरी क्षेत्र को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अतीत भ्रम गलत सूचना और किसानों को कमजोर करने वाली नीतियों से भरा रहा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 के बाद उन हानिकारक प्रावधानों को



सुधारकर भारतीय कृषि को नई शक्ति आत्मविश्वास और वैश्विक सम्मान दिलाया।ग्रेवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों को लेकर किसानों में भय पैदा करने के राहुल गांधी के बार बार प्रयास गैर जिम्मेदाराना और भ्रामक हैं क्योंकि भारत सरकार ने एमएसपी खरीद खाद्य सुरक्षा और किसान आय की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि पर विदेशी नियंत्रण जैसे काल्पनिक डर फैलाना ग्रामीण समाज में घबराहट और राजनीतिक भ्रम पैदा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारतीय किसानों के लिए वैश्विक बाजार खोले निर्यात को मजबूत किया ग्रामीण समृद्धि बढ़ाई और यह सुनिश्चित किया कि भारत हर वार्ता में शक्ति गर्व और राष्ट्रीय हित के साथ आगे बढ़े।ग्रेवाल ने कहा कि मैं अमित शाह के उस सशक्त उत्तर का पूर्ण समर्थन करता हूं जिसमें उन्होंने कहा कि जिन्होंने दशकों तक देश को गुमराह किया वही अब व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हर संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा की है और कोई भी समझौता भारत के किसानों डेयरी उद्योग या ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कभी नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रम फैलाने के बजाय विपक्ष को भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों को स्वीकार करना चाहिए जिसने कृषि को मजबूत किया किसानों को सशक्त बनाया और राष्ट्रीय आर्थिक संप्रभुता की रक्षा की।ग्रेवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईमानदार निर्णायक और किसान हितैषी नेतृत्व तथा गृह मंत्री अमित शाह की मजबूत राष्ट्रवादी प्रतिबद्धता में भारत आर्थिक शक्ति वैश्विक सम्मान किसान समृद्धि और राष्ट्रीय एकता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में एक मजबूत आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए अपना अटूट समर्थन समर्पण और प्रतिबद्धता दोहराई जहां किसान मजदूर युवा और हर नागरिक आत्मविश्वास सुरक्षा और गर्व के साथ आगे बढ़े।

# मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025: दूसरे चरण की तैयारी, 29 विभाग शामिल

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025 के तहत तबादला अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत करने जा रही है। इस चरण में 29 विभागों और बोर्डों के कुल 271 कैडरों को शामिल किया जाएगा। सरकार ने सभी संबंधित कर्मचारियों से समय रहते अपनी प्रोफाइल का सत्यापन और अद्यतन सुनिश्चित करने की अपील की है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, दूसरे चरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से तबादले किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य तबादला प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाना है।

सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र कर्मचारी मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025 तथा इसके संशोधनों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। साथ ही उन्हें 20 फरवरी, 2026 तक अपनी सेवा संबंधी प्रोफाइल का सत्यापन और आवश्यक अपडेट अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा, ताकि आगे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सूत्रों के मुताबिक, निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रोफाइल अपडेट नहीं करने वाले कर्मचारियों को तबादला प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे कर्मचारियों को समय पर मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएं।

सरकार का मानना है कि इस ऑनलाइन तबादला नीति से व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और कर्मचारी हितैषी बनेगी।

# कुरुक्षेत्र में होगा सांग महोत्सव-2026, धनपत सिंह सांगी पुरस्कार की घोषणा

**समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र। हरियाणा की समृद्ध लोक परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांग महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव 23 से 27 फरवरी तक हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला सभागार में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार महोत्सव के दौरान प्रदेश की प्रसिद्ध लोकनाट्य परंपरा ह्यसांगह्न से जुड़े कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक लोक संस्कृति, संगीत और रंगमंच की झलक देखने को मिलेगी, जिससे नई पीढ़ी को हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर हरियाणा के विख्यात सांगी धनपत सिंह के लोक संस्कृति में अमूल्य योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठित धनपत सिंह सांगी पुरस्कार की घोषणा भी की जाएगी। यह सम्मान सांग कला के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाएगा। संस्कृति प्रेमियों और कलाकारों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है, ताकि हरियाणा की लोक परंपराओं को व्यापक मंच मिल सके।

# अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2027 की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूचना के अनुसार हरियाणा के छह जिलों–अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर और पंचकूला–तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की महिला अभ्यर्थियां भी इस भर्ती प्रक्रिया में आवेदन कर सकती हैं।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रभावी हो चुकी है।

अधिकारियों ने बताया कि सभी इच्छुक और पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण पूरा करना होगा। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आयु और अन्य पात्रता शर्तों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संचालित की जाएगी। उम्मीदवारों से अपील की गई है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ही आवेदन करें और किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार से सावधान रहें। युवा अभ्यर्थियों के लिए यह भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा का सुनहरा अवसर माना जा रहा है।

# खाद्य सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को 53.21 करोड़ मंजूर

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा बुनियादी ढांचे को बेहतर करने के लिए 53.21 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस फैसले से प्रदेश में खाद्य जांच प्रणाली को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में मदद मिलेगी।

सरकारी जानकारी के अनुसार स्वीकृत राशि से 28 मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वैन स्थापित की जाएंगी, जिससे विभिन्न जिलों में मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच संभव हो सकेगी। इसके अलावा करनाल स्थित जिला खाद्य प्रयोगशाला का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा, ताकि परीक्षण क्षमता और गुणवत्ता में सुधार हो।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग Sumita Misra ने कहा कि यह पहल नागरिकों के लिए तेज, वैज्ञानिक और सुलभ खाद्य परीक्षण सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था से मिलावट और असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर निगरानी और अधिक प्रभावी होगी।

सरकार का मानना है कि मोबाइल लैब व आधुनिक प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा और आम उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा।

# बोर्ड परीक्षाएं आत्मविश्वास और अनुशासन की भी परीक्षा: महिपाल ढांडा

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री ट्रंस्त्र' उँर्ल्ला ने कहा है कि बोर्ड परीक्षाएं केवल पुस्तकों से अर्जित ज्ञान का आकलन नहीं होतीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम, अनुशासन और साहस की भी सच्ची परीक्षा होती हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी शांत, संयमित और सकारात्मक मन से परीक्षा दें। कठिन प्रश्नों से घबराने के बजाय अपनी तैयारी पर भरोसा रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें।

शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और नियमित अध्ययन से परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

महिपाल ढांडा ने सभी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि परिश्रम और अनुशासन के बल पर विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# भव्य समापन के साथ सम्पन्न हुआ 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला

**समाज जागरण**

फरीदाबाद। शिल्प और परंपरा की अनूठी छटा बिखेरने के बाद 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला भव्य रूप से सम्पन्न हो गया। मेले के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में शिल्पकारों, बुनकरों और कला प्रेमियों की मौजूदगी रही। समापन समारोह में राज्यपाल प्रो. Asim Ghosh ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिल्पकारों व बुनकरों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह मेला देश की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को वैश्विक मंच प्रदान करता है और कारीगरों को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिल्पकारों के कौशल और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न की भावना को भी मजबूती मिलती है। मेले के दौरान देश-विदेश से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक कला और उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

आयोजकों के अनुसार इस वर्ष मेले में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे और हस्तशिल्प उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई, जिससे कारीगरों को आर्थिक लाभ भी मिला।

# महाशिवरात्रि पर रामेश्वर महादेव मंदिर में रोहनिया विधायक ने किया दुग्धाभिषेक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार देर रात्रि विधायक रोहनिया डॉ. सुनील पटेल ने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजन ,जलाभिषेक सहित दुग्धाभिषेक किया। वहीं अन्य देवालयों में मत्था टेककर मंगल कामना सहित आशीर्वाद प्राप्त किया।डॉ.सुनील पटेल ने पूजनोपरांत कहा कि काशी खण्ड के तीसरे तीर्थ पड़ाव रामेश्वर महादेव धाम में भगवान श्री राम ने शिव का पूजन कर इस स्थल को पवित्र तीर्थ बना दिया जहाँ हर मंगल कामना की सिद्धि प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि पर विधान सभा के सर्वांगीण विकास और सुख शान्ति के लिए पूजन कर पूरे क्षेत्र की मंगल कामना के लिए बाबा भोले नाथ से प्रार्थना किया। सविधि पूजन का कार्य पीठाधीश्वर आचार्य प. अनूप तिवारी ने सम्पन्न कराया।



# चक्का में अज्ञात हमलावरों ने मारकर किया घायल।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत एस चक्का गांव के निवासी रामवली गिरी के घर में घुसकर दो अज्ञात हमलावरों ने उन्हें और उनकी पुत्र वधू भाग्यश्री सहित रिस्तेदारी में आयी एक लड़की को मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों का उपचार स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। इस वारदात की सूचना मिलने पर एक तरफ जहां ग्रामीणों में आक्रोश है वहीं एक तरह से दहशत व्याप्त है।

अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

# जैविक किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान, ली अच्छी उपज की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीखड़ विकासखंड के सुरसी गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया। विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत में अधिक



उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि के बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। किसानों को जैविक विधि से टमाटर,मिर्च,गोभी इत्यादि की हाईटेक नर्सरी डालने की विधि बताई गई। डॉ सुरेश ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन ओमकार यादव ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र यादव, कमलेश यादव, राजेश्वर यादव, प्रमोद यादव सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# टीएलएम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद सिद्धार्थनगर। जिला बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आकांक्षी ब्लॉक परिवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड खेसरहा के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों/ शिक्षिकाओं, एकेडमिक संसाधन व्यक्ति एवं राज्य संसाधन समूह हेतु शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं बाल-केंद्रित बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, स्थानीय संसाधनों से टीएलएम निर्माण, भाषा एवं गणित विषय में नवाचार तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रतिभागी शिक्षकों को समूहों में विभाजित कर स्वयं टीएलएम तैयार करने का अभ्यास कराया गया। इस दौरान शिक्षकों ने चार्ट, फ्लैश कार्ड, मॉडल आदि बनाकर अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे कक्षा शिक्षण में नई ऊर्जा एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने भी विद्यालय स्तर पर सीखी गई विधियों को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया।

यह प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारतीय एआई और गेमिंग स्टार्टअप्स ने प्रमुख भूमिका निभाई

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रमुख वैश्विक सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 विभिन्न उद्योगों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव का पता लगाने के लिए सरकारों, प्रौद्योगिकी दिग्गजों, स्टार्टअप्स, निवेशकों, शोधकर्ताओं और नीति निमार्ताओं को एक साथ लाने के लिए तैयार है। वास्तविक दुनिया में एआई अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में स्थापित यह शिखर सम्मेलन, एआई-संचालित नवाचार के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में भारत के उदय को मजबूत करता है। गेमिंग और इंटरैक्टिव टेक्नोलॉजी श्रेणी के तहत, पांच अग्रणी भारतीय स्टार्टअप यसग्नोम, मेटास्पोर्ट्स (हिटविकेट), कोयोजो, यूथ बज (ऑर्केडियम) और इविव अत्याधुनिक एआई-संचालित समाधानों का प्रदर्शन करेंगे, जो एआई, गेमिंग, इमर्सिव मीडिया और एंटरप्राइज ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में भारत के बढ़ते नेतृत्व को उजागर करेंगे।

यसग्नोम गेम स्टूडियो और क्रिएटिव टीमों के लिए निर्मित अपने एआई-संचालित आर्ट क्रिएशन प्लेटफॉर्म स्केचली एआई को प्रस्तुत करेगा। यह प्लेटफॉर्म कैरेक्टर डिजाइन, वातावरण, यूआई एलिमेंट्स, स्टोरीबोर्ड और एनिमेशन घटक सहित प्रोडक्शन के लिए तैयार गेम एसेट्स को गति, एकरूपता और शैलीगत नियंत्रण के साथ तैयार करने में सक्षम बनाता है।

# महाशिवरात्रि पर अखण्ड रामायण संपन्न, देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकाल मंदिर प्रांगण, बहादुरपुर,चौबेपूर में आयोजित दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ सोमवार को विधिवत हवन-पूजन के साथ संपन्न हो गया। रविवार प्रातः शुरू हुआ अखण्ड रामायण पाठ सोमवार प्रातः पूर्ण हुआ, जिसके उपरांत मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य श्रृंगार किया गया।



सोमवार को महाप्रसाद वितरण/भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर अखण्ड रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजनी चौबे (आतेश), गोलू सेठ, अजय कुमार गुप्ता एवं समस्त क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।

पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# हजरत गुलाम रसूल शहीद बाबा का उर्स धूमधाम से मनी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ स्थानीय विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा हरहुआ में सोमवार को हजरत गुलाम रसूल शहीद बाबा का उर्स बड़े ही धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह फजर की नमाज के बाद उर्स की रस्मों की शुरूआत हुई। सबसे पहले बस (कुरआनखानी) कराई गई, जिसके बाद दूर-दराज से आए हकीकत मंदों ने मजार शरीफ पर पहुंचकर गुस्ल की रस्म में हिस्सा लिया।



दोपहर होते-होते पूरे मजार परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से भव्य रूप से सजाया गया। सजावट ऐसी थी कि शाम ढलते ही पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा। मगरिब की नमाज के बाद हजरत गुलाम रसूल शहीद बाबा की मजार पर गुलपोशी और चादरपोशी की रस्म अदा की गई। अकीदतमंदों ने फूल और चादर पेश कर फातिहा पढ़ी तथा मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

उर्स में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर हाफिज मोहम्मद बिलाल खान, मेराज अहमद, इकबाल खान, साबिर कुरैशी, बदरुद्दीन खान, आफताब शाह, बदरुद्दीन हाशमी, मुस्तफा शाह, नसीम शाह समेत गांव के तमाम बुजुर्ग और जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। सभी ने मजार पर हाजिरी लगाकर फातिहा पढ़ी।

फातिहा के बाद कमेटी की ओर से लंगर का व्यापक इंतजाम किया गया था। उपस्थित सभी अकीदतमंदों के बीच तबर्रुक तकसीम किया गया। देर रात तक लोग मजार पर पहुंचते रहे और चादर चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगते नजर आए।

झालरों और रंगीन लाइटों से सजे मजार परिसर का नजारा देखते ही बन रहा था। पूरे इलाके में एक अलग ही रौनक दिखाई दे रही थी। उर्स के आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्ति रथ को बहराइच के सांसद द्वारा हरी झंडी

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच भारत सरकार एवं जस्ट राइट्स इंडिया गठबंधन के अंतर्गत संचालित बाल विवाह मुक्त भारत सौ दिवसीय अभियान के तहत देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में आज बाल विवाह के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बहराइच के माननीय सांसद श्री आनंद कुमार ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर विकास भवन से जिला प्रशासन की उपस्थिति में रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री मुकेश चन्द्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री विनोद राय, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं ए०एच०टी०यू० बहराइच मौजूद रहे। श्री आनंद कुमार ने बताया की इस कुरीति को रोकने के लिए शादी से जुड़े सभी हितधारकों को जिला प्रशासन से एक पत्र जारी किया जाए, इन हितधारकों में प्रिंटिंग प्रेस, केटरिंग, टेंट हाउस, धर्म गुरु, इत्यादि शामिल हैं। ये सभी हितधारक यह सुनिश्चित करें की जिस भी शादी में इनके द्वारा काम लिया गया है वह बालिग हो और उसका प्रमाण भी हो।




मुख्य विकास अधिकारी श्री मुकेश चन्द्र ने कहा की इन हितधारकों को जिला प्रशासन चिह्नित कर के एक पत्र भेजेगा और इनकी विकास भवन में एक बैठक भी कराई जाएगी।

इस अभियान का उद्देश्य देश से बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना तथा समाज में जागरूकता फैलाना है। बाल विवाह मुक्ति रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को कानून, अधिकारों एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करेगा। यह सघन अभियान 20 जनवरी से शुरू किया गया है और इसका समापन 08 मार्च 2026 को होगा। इस अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा की जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगो (धर्म गुरु, टेंट वाले, मिठाई विक्रेता, नाई, केटरिंग, आदि) तक पहुँच बनाकर उनको बाल विवाह के प्रति जागरूक किया जा सके।

इस अवसर पर देहात संस्था से मो० इमरान, रचना मिश्रा, विंध्यावासिनी, अमरेश राणा, देवेश तिवारी, अदनान अंसार एवं चाइल्ड हेल्प लाइन से अरुण कुमार चौधरी (नामित बाल विवाह निषेध अधिकारी), AVA (Association for Voluntary Action) से सूरज तिवारी, एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जगत प्रकाश नड्डा करेंगे स्वास्थ्य एआई से जुड़ी दो राष्ट्रीय पहलों का शुभारंभ

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई समिट में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल – स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की रणनीति (एसएएचआई) और स्वास्थ्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म (बीओडीएच) – का शुभारंभ करेंगे।

एसएएचआई भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित, नैतिक, साक्ष्य-आधारित और समावेशी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार राष्ट्रीय मार्गदर्शन ढांचा है। इसका उद्देश्य एआई समाधानों के संचालन, डेटा प्रबंधन, सत्यापन, अनुप्रयोग और निगरानी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करना है। साथ ही यह राज्यों और संस्थानों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जिम्मेदारीपूर्वक अपनाने में सहायता करेगा।

बीओडीएच प्लेटफॉर्म को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से विकसित किया है। यह एक गोपनीयता-सुरक्षित मानक प्लेटफॉर्म है, जो मूल डेटासेट साझा किए बिना वास्तविक स्वास्थ्य डेटा के आधार पर एआई मॉडल के सटीक मूल्यांकन को संभव बनाता है।

# हरहुआ डीह मार्ग पर सीवर जाम, महीनों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा हरहुआ डीह स्थित पुरानी सब्जी मंडी से हरहुआ डीह की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर महीनों से सीवर जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। सीवर जाम होने के कारण सड़क के बीचों-बीच गंदा नाले का पानी लगातार बह रहा है, जिससे क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



यह मार्ग केवल हरहुआ डीह के लिए ही नहीं, बल्कि रामसिंहपुर, धनेसरी, देवनाथपुर, बिरापट्टी, वाजिदपुर, चंदीपट्टी, वार, सहित आसपास के कई गांवों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से किसान और व्यापारी सब्जी खरीदने और बेचने के लिए प्रतिदिन पुरानी सब्जी मंडी आते-जाते हैं। सड़क पर बहते गंदे पानी के कारण राहगीरों, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के किनारे कई निमार्णाधीन मकान हैं, जहां गिट्टी, बालू, सीमेंट लाने के लिए भारी वाहनों का आवागमन लगातार हो रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलते सीवर का चैंबर टूट गया और पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे सीवर जाम की स्थिति पैदा हो गई। इसके अलावा निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी और कचरा सड़क पर फैलने से फिसलन बढ़ गई है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे न केवल उन्हें चोट लग रही है बल्कि उनकी सब्जियां भी खराब हो जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार इस नाली में एक अपार्टमेंट की नाली का कनेक्शन भी जोड़ दिया गया है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। स्थानीय ग्रामीण साजिद खान, गुलशेर खान, दीपक पांण्डेय, सोनू मिश्रा, गोलू मिश्रा, नसीम अहमद, आमिर खान सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह नाली अक्सर जाम रहती है और कई बार शिकायत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान से शिकायत की गई। ग्राम प्रधान मौके पर भी आए और निर्माण कराने वालों ने जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में ग्राम प्रधान अनवर हाशमी ने बताया कि नाली जाम नहीं है, बल्कि सड़क के बगल में बन रहे गोदाम व अन्य निमार्णाधीन मकानों के कारण ओवरलोड वाहनों से चैंबर का ढक्कन और पाइप टूट गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कराने वालों को जल्द मरम्मत कराने के लिए कहा गया है। यदि दो दिन के भीतर चैंबर का निर्माण नहीं कराया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ बड़ागांव थाने में शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयंसेवकों ने सघन अभियान चलाकर किया सफाई, बौद्धिक परिचर्चा में लिया अनुशासन का संकल्प

वाराणसी।जीवन मे अनुशासित रहकर भारतीय संस्कृति व संस्कार में बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

सोमवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय के राजा तालाब परिसर में वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।




स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया। इस कार्यक्रम में दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। दोपहर को जलपान के उपरांत बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के अनुशासन अधिकारी तथा खेल प्रभारी अंगद प्रसाद यादव ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का शैक्षिक जीवन में कितना महत्व है इस पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अखिला नन्द सिंह तथा डॉक्टर अर्चना सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ तसलीमा ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से प्रारंभ किया अंत में राष्ट्रगान से समापन हुआ।

# चिली से वापस घर लौटने पर हाकी खिलाड़ी पूर्णिमा यादव का हुआ जोरदार स्वागत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चिली में हुए जूनियर वर्ल्ड कप में भाग लेकर वापस घर लौटने पर भारतीय जूनियर महिला हॉकी विश्वकप वर्ष 25-26






हाकी खिलाड़ी पूर्णिमा यादव का घर चक्का पहुंचने पर आरती उतारते घर के परिजन व ग्रामीण,उपस्थित क्षेत्रीय ग्राम प्रधान ,जनप्रतिनिधि जन।

में प्रतिनिधित्व करने के उपरांत प्रथम काशी गृह चक्का आगमन पर पूर्णिमा यादव का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया।

बाबतपुर हवाई अड्डे से जनप्रतिनिधियों ,परिजनों व खेल प्रेमियों ने रिसीव कर खुले वाहन में जब पूर्णिमा यादव का काफिला गुजर रहा था तो जगह-जगह माल्यार्पण कर हर हर महादेव के जयघोष के साथ स्वागत किया गया। आरटीओ ,काजीसराय, हरहुआ , विवेक एकेडमी ,करोमा गेट पंचक्रोशी मार्ग पर जोरदार स्वागत ग्रामीणों ने किया। पूर्णिमा जब अपने घर के पहले स्थित शहीद तिलकधारी यादव शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया।

घर पहुंचने पर माँ अमरावती देवी ,बड़ी माता हरदेई देवी,लक्ष्मी देवी बहन स्मृति यादव ने तिलक लगाकर आरती उतारी।पूर्णिमा भावुक होकर सबके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। घर पर पूरा जश्न ,खुशी का माहौल था।

फॉरवर्ड पॉजिशन पर खेलने वाली डोजिंग स्किल की माहिर खिलाड़ी पूर्णिमा यादव ने बताया कि स्पेन, जर्मनी,उरुग्वे,आयरलैंड टीम से कड़ी मुकाबला में उरुग्वे व आयरलैंड को शिकस्त दिया। 26 देशों के खिलाड़ी टीम शामिल रही जिसमे 4 पुल में खेलने का अवसर मिला। सबके आशीर्वाद से मुकाबला पूरे मन और कला से किया।

एयरपोर्ट से घर तक स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से पिता कौशलेंद्र यादव, प्रधान संघ के जिलामहामंत्री व चक्का प्रधान मधुवन यादव, शम्भू यादव ,मूलचंद यादव (जिला पँचायत सदस्य) वरिष्ठ पत्रकार के0एल0 पथिक,मोदी यादव,अवधेश यादव ,प्रधान गण दीपक चौहान ,कैलाश यादव,आशीष राजभर, प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल, भगत यादव,बांकेलाल कन्नौजिया, बंशराज यादव समेत सैकड़ों खेल प्रेमी शामिल रहे।

# अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज 2026 के लिए प्रतिनियुक्त व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हज 2026 के लिए हज प्रतिनिधियों के लिए अभिविन्यास-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने किया, जो हज 2026 की तैयारियों की औपचारिक शुरूआत का प्रतीक है, जिसमें करीब 1.75 लाख भारतीय तीर्थयात्री तीर्थयात्रा करेंगे। प्रतिनिधियों को सऊदी अरब में ढाई महीने की अवधि के लिए सीजीआई की देखरेख में तैनात किया जाएगा, ताकि तीर्थयात्रियों को जरुरी प्रशासनिक और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके। प्रतिनिधियों का चयन विभिन्न सरकारी संगठनों से किया गया है, जो सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल और सहानुभूतिपूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के समन्वित राष्ट्रीय प्रयास को दशार्ता है। अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर जोर दिया कि हज प्रबंधन विदेशों में भारत द्वारा किए जाने वाले सबसे बड़े और सबसे जटिल रसद अभियानों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्रियों की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और वे वास्तव में सऊदी अरब में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मंत्री जी ने हाल के सालों में शुरू किए गए प्रमुख कल्याणकारी उपायों और सुधारों पर प्रकाश डाला, जिनमें बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के लिए विशेष सुविधाएँ और उनके साथ यात्रा करने वालों के लिए व्यवस्था, साथ ही बिना मेहरम के यात्रा करने वाली महिला तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ शामिल हैं। श्री कुरियन ने गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय जैसे अन्य मंत्रालयों को शामिल करते हुए समग्र सरकारी दृष्टिकोण के तहत मंत्रालय के मजबूत समन्वय और हज 2026 के लिए लगभग 600 सरकारी अधिकारियों की तैनाती पर भी बल दिया।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. सी.एस. कुमार ने अपने संबोधन में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत विश्व स्तर पर हज यात्रियों के सबसे बड़े योगदानकताओं में से एक है, इस साल करीब 1.75 लाख तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि हज 2026 की तैयारियों को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया गया है। उन्होंने समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने में विदेश मंत्रालय, सऊदी अधिकारियों, जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास और अन्य हितधारकों के सहयोग की सराहना की।

डॉ. कुमार ने जमीनी हकीकतों से अवगत कराने के लिए चरणबद्ध और व्यवस्थित प्रशिक्षण और प्रतिनिधियों को परिचालन प्रक्रियाओं से बेहतर ढंग से परिचित कराने के लिए ऑडियो-विजुअल मॉड्यूल के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म और एआई-सक्षम प्रणालियों सहित प्रौद्योगिकी के अधिक एकीकरण, फील्ड अधिकारियों से प्राप्त फीडबैक के जरिए लगातार सुधार और विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते समय प्रतिनिधियों द्वारा सांस्कृतिक संवेदनशीलता, अनुशासन और गरिमापूर्ण आचरण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री असीम महाजन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार हज को सर्वोच्च महत्व देती है और इसके लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ-साथ अन्य हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय की जरुरत है। उन्होंने हज व्यवस्थाओं के समग्र समन्वय में जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास और रियाद स्थित भारतीय दूतावास की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सऊदी अरब और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों के साथ भारत के मजबूत और बहुआयामी संबंधों का भी उल्लेख किया, जिन्हें इस क्षेत्र में लगभग 10 मिलियन भारतीय प्रवासियों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें से लगभग 2.7 मिलियन सऊदी अरब में रहते हैं। उन्होंने भारत और जीसीसी क्षेत्र के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सलाह दी कि वे इस बात का ध्यान रखें कि वे एक दूसरे देश में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें स्थानीय कानूनों, रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने शारीरिक फिटनेस, लंबे समय तक ड्यूटी के लिए तत्परता, सौंपे गए कार्यों का पालन और शिकायतों के निवारण में तत्परता पर भी बल दिया।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री राम सिंह ने हज 2026 के लिए किए गए परिचालन संबंधी बदलावों पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि सऊदी अरब के अद्यतन दिशा-निर्देशों और प्रक्रियात्मक सुधारों को देखते हुए यह अभिविन्यास कार्यक्रम जरुरी है। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा, ट्रैकिंग और सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए हज सुविधा ऐप और स्मार्ट पहनने योग्य डिवाइस सहित नई तकनीकी व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रतिनिधियों को नए परिचालन प्रोटोकॉल से परिचित होना चाहिए और जमीनी स्तर पर सुचारू समन्वय सुनिश्चित करना चाहिए। इस सत्र के बाद सऊदी अरब में हज प्रबंधन का अवलोकन और तीर्थयात्रियों से जुड़े मुद्दे, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की भूमिकाएँ और कर्तव्य, अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य मुद्दे और सऊदी अरब में हज के लिए स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था, तीर्थयात्री प्रबंधन (क्या करें और क्या न करें), एचएमआईएस पोर्टल और हज सुविधा ऐप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए, जिसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। कार्यक्रम का समापन मंत्रालय के अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसके बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में निदेशक (हज) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# *अमलाई में माफियाओं पर 'भूपेंद्रमणी पांडे' का प्रहार

## नए थाना प्रभारी की एंट्री से रेत और पत्थर माफियाओं में हड़कंप*

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी अमलाई।**

अमलाई थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं के लिए अब बुरे दिन शुरू हो गए हैं। नवागत थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने पदभार ग्रहण करते ही साफ कर दिया है कि उनके क्षेत्र में अपराध और अवैध धंधे कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए प्रभारी ने कमान संभालते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। खबर मिलते ही एक्शन मोड में 'पांडे'जैसे ही थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे को क्षेत्र में अवैध उत्खनन की गुप्त सूचना मिली, उन्होंने बिना वक्त गंवाए अपनी टीम के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस की इस अचानक और आक्रामक कार्रवाई से माफियाओं में अफरा-तफरी मच गई। दबंग थाना प्रभारी के कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया है कि अमलाई की धरती पर अवैध उत्खनन के जरिए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। "अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे"थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने कड़े लहजे में चेतावनी दी है कि अमलाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अवैध गतिविधियों को जड़ से खत्म करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दो टूक कहा, "अपराध और अपराधी, चाहे वो कितने भी रसूखदार क्यों न हों, कानून से ऊपर नहीं हैं। अवैध उत्खनन पर हमारी नजर है और जो भी इसमें संलिप्त पाया जाएगा, उसे जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।"

**क्षेत्र की जनता ने जताया भरोसा**

भूपेंद्रमणि पांडे की इस कार्यशैली और दबंग अंदाज को देखकर क्षेत्र की जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोगों का कहना है कि एक ईमानदार और सख्त अधिकारी के आने से क्षेत्र में पनप रहे अवैध कारोबारों पर लगाम लगेगी।

# किसानों को अब मात्र 5 रुपये में मिलेगा पांच हॉर्स पॉवर तक का स्थाई कृषि विद्युत कनेक्शन.

**समाज जागरण**

कटनी।मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी किसानों को पाँच हॉर्स पॉवर तक के ऑनलाइन स्थाई कृषि विद्युत कनेक्शन ढाई हजार रुपये के स्थान पर मात्र पाँच रुपये में रुपये में देगी। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने किसानों को पाँच हॉर्स पॉवर तक स्थाई कृषि संयोजन के लिये आवेदन शुल्क को मात्र 5 रुपये निर्धारित किया है।

यह सुविधा उन मामलों में दी जाएगी, जहां विद्युत लाइन विस्तार की आवश्यकता नहीं होगी। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ने बताया है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया है। अब तक प्रचलित व्यवस्था में किसानों से ऑनलाइन आवेदन के लिए 2 हजार 500 रुपये पंजीयन शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही थी।

नवीन निर्णय के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया है कि उपभोक्ता द्वारा स्थापित सर्विस लाइन की सुरक्षा नियमों की जांच के उपरांत मात्र 5 रुपये शुल्क में आवेदन स्वीकार किया जाएगा, जबकि शेष सुरक्षा निधि की राशि प्रथम विद्युत बिल में समायोजित की जाएगी।

कार्यपालन अभियंता मुकेश महोबे ने बताया कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत सुविधा सरल, सुलभ एवं किफायती बनाना है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऑनलाइन स्थाई कृषि पंप संयोजन जारी करने की कार्यवाही नियमानुसार शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर पुलिस की कार्यवाही, दो डग्गी वाहन जप्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत गश्त भ्रमण के दौरान रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चाका कोयलहरी घाट नदी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन कर डग्गी वाहनों में लोड कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी भूपेन्द्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में अमलाई पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस दल को देखकर डग्गी वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें हमराह स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से दो डग्गी वाहन क्रमांक - एमपी 18 जीए 5033 एवं एमपी 18 जीए 5101 को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए जप्त किया गया। दोनों डग्गी वाहनों की अनुमानित कीमत लगभग ₹7, 00,000/-(सात-सात लाख रुपये) प्रति वाहन, कुल ₹14,00,000/- (चौदह लाख रुपये) आंकी गई है। वाहन चालकों के नाम अंजनी उपाध्याय पिता स्व. दादूराम उपाध्याय, उम्र 32 वर्ष, निवासी विक्रमपुर थाना अमलाई, जिला शहडोल (म.प्र.) वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5033, जो बृजेश यादव द्वारा चलवाया जाना बताया, महिपाल सिंह पिता नयन सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम नेमूहा थाना बुढ़ार, जिला शहडोल (म.प्र.) वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5101, जो रामदयाल साहू उर्फ मुन्ना साहू द्वारा चलवाया जाना बताया।

जप्तशुदा डग्गी वाहनों को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया एवं उक्त कृत्य पर अमलाई पुलिस द्वारा बी.एन.एस. एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# मास्टरकार्ड और वीजा कार्डधारकों को ओटीपी की जगह बायोमेट्रिक पेमेंट की सुविधा मिलेगी, जल्द लागू होगा पासकी सिस्टम

इससे भारत में पहली बार बड़े पैमाने पर बिना ओटीपी सत्यापन के उपयोगकताओं को क्रेडिट और डेबिट कार्ड के लेनदेन को पूरा करने की सुविधा मिलेगी अब मास्टरकार्ड और वीजा कार्डधारकों को भुगतान के लिए वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) की जरूरत नहीं होगी और वे बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिये लेनदेन पूरा कर सकेंगे।

वैश्विक कार्ड नेटवर्क मास्टरकार्ड और वीजा कार्ड लेनदेन के लिए पासकी व्यवस्था लाने जा रहे हैं जिससे उपयोगकर्ता अपने चेहरे के स्कैन या फिंगरप्रिंट जैसे बायोमेट्रिक से भुगतान को प्रमाणित कर सकेंगे। मामले से अवगत लोगों ने इसकी जानकारी दी। इससे भारत में पहली बार बड़े पैमाने पर बिना ओटीपी सत्यापन के उपयोगकताओं को क्रेडिट और डेबिट कार्ड के लेनदेन को पूरा करने की सुविधा मिलेगी।

मास्टरकार्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (कस्टमर सॉल्यूशंस) रवि दातला ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, हमने अपने जिन ग्राहकों को पासकी चुनने का विकल्प दिया है उनमें से 30 फीसदी इसे अपना रहे हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अक्सर कार्ड के जरिये लेनदेन करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के पास पासकी को चुनने या थोड़े समय के लिए ओटीपी के साथ जारी रखने का विकल्प होगा।

पासकी आधारित भुगतान में उपयोग कर्ता का बायोमेट्रिक डिवाइस पर सुरक्षित रूप से संग्रहीत प्राइवेट की को अनलॉक किया जाता है। इसके बदले में, जारी करने वाले की तरफ से एक बार का चैलेंज साइन होता है, जिसमें बैंक कार्ड पेमेंट को मंजूरी देने से पहले पब्लिक की का इस्तेमाल करके जवाब को वेरिफाई करता है।

वीजा के उपाध्यक्ष, प्रोडक्ट्स ऐंड सॉल्यूशंस प्रमुख (भारत एवं दक्षिण एशिया) रामाकृष्णन गोपालन ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, हम ओटीपी से आगे बढ़ने के भारतीय रिजर्व बैंक के प्रगतिशील कदम का स्वागत करते हैं। अपने सहयोगियों के साथ, हम वीजा से भुगतान के लिए पासकी शुरू कर रहे हैं ताकि सभी भारतीयों को डिवाइस आधारित बायोमेट्रिक, पिन और पैटर्न का उपयोग करके तेज, सुरक्षित और अधिक समावेशी सत्यापन की सुविधा मिल सके।

पासकी से धोखाधड़ी पर अंकुश लगने की उम्मीद है क्योंकि डिजिटल धोखाधड़ी करने वाले ओटीपी या पिन का पता कर खाते में सेंध लगा लेते हैं। लेनदेन की सफलता दर में भी सुधार होगा और एसएमएस आधारित प्रमाणीकरण में होने वाली परेशानी भी खत्म होगी। पासकी की सुविधा ऐस समय में शुरू की जा रही है जब भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल दिशानिर्देश जारी कर कहा था कि प्रमाणीकरण के दो कारकों में से कम से कम एक डायनमिक कोड तरीके से सृजित या साबित हो। इससे ही बायोमेट्रिक सत्यापन का रास्ता खुला है। वित्त वर्ष 2021-22 से सितंबर 2025 के बीच क्रेडिट कार्ड से संबंधित धोखाधड़ी के कुल 2.44 लाख मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें कुल 1,447.27 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल थी। डेबिट और एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी के कुल 94,991 मामले सामने आए जिनका मूल्य 401.17 करोड़ रुपये था।

# बिरासनी जवारा जुलुस की भव्यता बढाने बैठक

### पंडितों से शुल्क लेने पर उभरे मतभेद

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --- चैत्र बंसतीय नवरात्रि की भव्यता बढाने के लिए आज तहसील परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मीनाक्षी इंगले की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बिरासनी जवारा जुलुस की भव्यता बढाने पर जोर दिया गया। दर असल में एक लंबे समय से माता के दरबार में श्रद्धालु जवारा कलश बोते तो है, लेकिन उठाने नहीं आते, जिससे धीरे धीरे बिरासनी जवारा जुलुस का अस्तित्व ही संकट मे पडता जा रहा है, इसलिए सभी श्रद्धालुओं को कलश उठाने के लिए प्रेरित किया जाये। इसके लिए सबसे प्रेरणा के लिए अनुविभागीय अधिकारी मीनाक्षी इंगले ने खुद कलश लेकर चलने की बात कही गयी जिसकी बैठक के सभी सदस्यों ने स्वागत किया, साथ ही पाली नगर की सभी महिला मंडल, रामायण मंडलियों की महिलाओं से भी बैठक कर कलश उठाने के लिए प्रेरित करने की कोशिश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने स्वयं उठायी।

बिरासनी मंदिर में पंडितों से बैठकी वसूली पर लेकर जबर्दस्त बहस हुई और नगर के बहु प्रतिष्ठित व्यवसायी और व्यापारी संघ के संरक्षक गोपाल अग्रवाल ने इस बात का कडा विरोध जताते हुए कहा कि इस जरा सी आमदनी के लिए विवाद की स्थिति बनती है।अगर पंडितों से बैठकी वसूली जाती है, तो सभी लोगों से शुल्क लिया जाना चाहिए , चाहे वह रक्षा सूत्र बांधने वाला हो, सभी से वसूल किया जाये। बैठक में तीखी बहस के कारण पंडितों से वसूली जाने वाली राशि 1100.00 से घटाकर पांच सौ रुपए लिये जाने का निर्णय लिया गया। विदित होवे की पिछली बार भी बैठक में पांच सौ रुपए का निर्णय पारित किया गया था, लेकिन 1100.00 रुपए वसूल किया गया था। इस बात को भी प्रमुखता से रखा गया। बैठक में क्रय होने वाली सामग्री बांडेड कंपनी को ही निविदा में रखा जाये, घी कलश के मूल्य वृद्धि पर भी बैठक में दर न बढाने का निर्णय लिया गया। जानकर सूत्रों ने बताया कि घी कलशो में कहीं कोई नुकसान नहीं है तो मुनाफा कमाने के लिए दरो में वृद्धि नहीं की जानी चाहिए। इस प्रकार बैठक में उठाये गये सभी मुद्दों में तार्किक और विधिवत समीक्षात्मक चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मीनाक्षी इंगले, तहसील दार नीलेश सिंह धुर्वे, लक्ष्मी कांत शर्मा, संतोष चौधरी , मुख्य कार्य पालन अधिकारी कन्हाई कुंअर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र सिंह पेन्द्रो,नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान , जनपद अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला विकास सलाह कार समिति सदस्य सरजू अग्रवाल, व्यापारी संघ संरक्षक गोपाल कृष्ण अग्रवाल, समाज सेवी नवल पालीवाल, पार्षद भरत प्रजापति, पूर्व पार्षद बलराम प्रजापति, एस डी एम रीडर निखलेश सिंह , ललित नारायण मिश्रा बिरासनी मंदिर के पंडा गोपाल विश्वकर्मा की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## कलेक्टर ने लापरवाही पूर्वक कामर्शियल वाहन चलाने वाले चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस निरस्त करने के दिये निर्देश

### टू-व्हीलर वाहन डीलर क्रेता को हेलमेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें

**समाज जागरण**

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर कलेक्टर द्वारा विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाहीपूर्वक कमर्शियल वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने तथा बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने परिवहन एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा। बैठक में दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने सभी टू-व्हीलर वाहन डीलरों को निर्देशित किया कि वाहन विक्रय के समय क्रेता को अनिवार्य रूप से हेलमेट उपलब्ध कराया जाए तथा बिना हेलमेट वाहन सुपुर्द न किया जाए। कलेक्टर ने गोल्डन ऑवर में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षा करने वाले लोगों को राहवीर योजना अंतर्गत 25 हजार रूपए के नगद पुरूस्कार हेतु प्रस्ताव भेजने तथा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में सुरक्षित यातायात के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार कार्य कराने, प्रमुख चौराहों पर संकेतक बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर लगाने और रात्रि में रिफ्लेक्टर व रोड मार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घनाग्रस्त व्यक्ति को मौत से बचाने प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। आपने जिले के उच्च धनत्व वाले मार्गों, क्रिटिकल जंक्सन एवं हाई रिस्क जोन में जिले के सड़कों को विभाजित कर संयुक्त दल द्वारा भ्रमण करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। आपने कहा कि जिले में ब्यौहारी जयसिंहनगर, खन्नौधी, गोहपारू, शहडोल एवं बुढ़ार में नगर से मार्ग गुजरते हैं। जहां यातायात का अत्याधिक दबाव रहता है। इन स्थानों में जेब्रा क्रासिंग बनाए जाएं। यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि जिले में कुछ स्पॉट ऐसे है। जहां दुर्घटना होने पर सीरियश एन्जुरी होती है को चिन्हित कर आवश्यक सुधार एवं ऐतिहात बरतने की कार्यवाही की जाएगी। शहडोल नगर के गांधी चौराहा को स्क्वायर चौराहा के रूप में विकसित कर यातायात व्यवस्थित किए जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आमजन यातायात नियमों का पालन करें, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करें तथा सुरक्षित वाहन संचालन को अपनी आदत बनाएं, तभी सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकेगी।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, कार्यलान यंत्री लोक निर्माण विभाग, केएस, इनवाती, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आरटीओ श्रीमती अनपा खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल श्रीमती आशा भण्डारी, यातायात प्रभारी संजय जायसवाल तथा एनआईसी से ओम जायसवाल उपस्थित रहे।

# कानपुर में बेटे और पत्नी को गोली से उढ़ा रिटायर्ड फौजी ने की आत्महत्या : जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। आज यहां सोमवार को सेन पश्चिम पारा में बेटे और पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद रिटायर्ड फौजी ने रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या कर ली। जहां घटना से इलाके में सनसनी है। वहीं पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है। सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी तब मिली जब आज सोमवार की सुबह 7:30 बजे ग्राम कठोगर इमलीपुर रेलवे अंडर पास के करीब डीएफसीसी रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मालगाड़ी के सामने आकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। पुलिस को मृतक के पास मिले आधार कार्ड और मोटर साइकिल नंबर के आधार पर चेत राम पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी आराजी 331 तुलसीयापुर उम्र करीब 51 वर्ष के रूप में पहचान की।

पुलिस के अनुसार इसके बाद जब वह मृतक के घर सूचना देने पहुंची तब घर पर एक महिला उम्र करीब 40 वर्ष और एक किशोर का शव उम्र करीब 16 वर्ष पड़ा मिला। इस दौरान जब पुलिस ने आसपास जानकारी करने पर महिला का नाम सुनीता वर्मा एवं बालक का नाम दीप की जानकारी हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक मूल रूप से ग्राम बखेरिया घाटमपुर का रहने वाला बताया गया। पास में दो नाली बन्दूक पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया पति चेतराम के द्वारा पत्नी व बच्चे की हत्या कर स्वयं रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या करना पाया गया है ,जिसकी संभावित वजह अवैध संबंध और आर्थिक तंगी से संबंधित पारिवारिक कलह भी हो सकती है। फिलहाल घटना की सही वजह जानने के लिए जांच में लगातार जारी है।

# बृजेश बने मंडल अध्यक्ष

**समाज जागरण**

अनूपपुर। लंबी प्रतीक्षा के बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी संगठन ने अनूपपुर नगर मंडल के अध्यक्ष पद की घोषणा कर दी और नगर मंडल का अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी को बनाया गया। बृजेश चतुर्वेदी के मंडल अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई मामले में परिजनों की तहरीर पर सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस वाहन संख्या के आधार पर चालक की तलाश में जुटी है।जानकारी के अनुसार घटना बीते गुरुवार को सुदौली मोड़ के पास हुई। पीड़ित उदयराज पुत्र बचोले, निवासी 758 पड़ई आंशिक अमोहरी जनपद उन्नाव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बड़े भाई देशराज निगोहां से पड़ई की ओर जा रहे थे इसी दौरान पीछे से आ रहे वाहन UP32RT0595 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में देशराज गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी बछरावां में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। केजीएमयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सोमवार को मुकदमा सुसंगत धाराओं में अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज किया गया है। वाहन चालक का नाम-पता अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस वाहन संख्या के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 दिवसीय एआई इम्पैक्ट एक्सपो का किया शुभांरभ, दुनिया के एआई दिग्गज होंगे शामिल

मोदी एक्सपो सेंटर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में अपने नवीनतम नवाचार को प्रदर्शित कर रहे कई स्टार्टअप और कंपनियों के स्टॉलों पर भी गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुए 5 दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन एक्सपो सेंटर में प्रदर्शित स्टॉल का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की मेजबानी में हो रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आगाज किया। आज शाम को प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उद्घाटन किया। इस 5 दिवसीय वैश्विक सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जा रहा है। मोदी एक्सपो सेंटर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में अपने नवीनतम नवाचार को प्रदर्शित कर रहे कई स्टार्टअप और कंपनियों के स्टॉलों पर भी गए। प्रधानमंत्री सर्वम के स्टॉल भी गए जो भारत का पहला स्वदेशी लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) बनाने के लिए 10,372 करोड़ रुपये के इंडिया एआई मिशन के तहत चुने गए स्टार्टअप में से एक है। सर्वम के अलावा मोदी ने एचसीएलटेक और रिलायंस जियो जैसी दूसरी कंपनियों की प्रदर्शनी भी देखी, साथ ही भारतजेन, शोध एआई, ज्ञानी डॉट एआई, सॉकेट, मिको, एडवर्ब और वाधवानी एआई जैसे स्टार्टअप के स्टॉल का भी मुआयना किया।

## झारखंड

# पातकुम में नव कुंज महायज्ञ का विधायक सविता महतो व राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोनार पातकुम परगना सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित पातकुम ईचागढ़ में श्री श्री नवकुंज महायज्ञ का उद्घाटन सोमवार को विधायक सविता महतो व राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। पंचम वर्षीय नव कुंज नाम महायज्ञ का उद्घाटन के बाद शुभारंभ किया गया। उद्घाटन में ईचागढ़ के प्रखंड बिकास पदाधिकारी एकता वर्मा, ईचागढ़ के अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, थाना प्रभारी बजरंग महतो, मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा, डा भूषण मुर्मू उपस्थित थे। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि पातकुम, ईचागढ़, गौरांगकोचा सहित आस पास के गांवों के सामुहिक प्रयास से इतना बड़ा आयोजन किया गया है, इस तरह का आयोजन से लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी एकता और सात्विकता बढ़ता है। नव कुंज में 54 संकीर्तन दल भाग लिया है, जो विभिन्न नौ मंदिरों में लगातार नौ दिन रात अखंड हरी नाम संकीर्तन चलते रहेगा। 9 दिवसीय नव कुंज का 24 फरवरी को समापन होगा।

नव कुंज महायज्ञ में झारखंड , बंगाल, उड़ीसा क्षेत्र से प्रतिवर्ष लगभग लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और हरी नाम श्रवण करते हैं। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव अमर नाथ यादव, कोषाध्यक्ष राखोहरि सिंह मुंडा, कालीदास आदित्य देव, सुभाष दत्ता, सपन आदित्यदेव, पूर्व प्राचार्य जी पी राजवाड़, रंजीत टुडू, मनोरंजन महतो, शंभुनाथ महतो, सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# आदित्यपुर नगर निगम चुनाव वार्ड 06, 07 और 08 में सोमवार को महापौर प्रत्याशी बास्को बेसरा का जारी है जनसंपर्क

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 16 फरवरी 2026: आदित्यपुर नगर निगम चुनाव वार्ड 06, 07 और 08 में सोमवार को जनसंपर्क का माहौल उस समय गर्म हो गया, जब महापौर प्रत्याशी बास्को बेसरा ने पदयात्रा कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांगा।जिसमें स्थानीय लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिला।पदयात्रा के दौरान समर्थकों के बीच एक ही नारा गूंजता रहा –घर-घर गूंजे एक ही बात– छड़ी छाप जीते, बदले हालात! जनसंपर्क के दौरान बास्को बेसरा ने कहा कि वे वर्षों से इस क्षेत्र के लिए अग्रसर रहे हैं। उनका उद्देश्य आदित्यपुर नगर निगम के सर्वांगीण विकास को गति देना है। उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, पानी, स्वच्छता, महिला सम्मान एवं स्वरोजगार और युवाओं के लिए रोजगार के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

स्थानीय निवासियों ने भी पदयात्रा में शामिल होकर समर्थन जताया और क्षेत्र के विकास के लिए इस बार छड़ी छाप को अपना वोट देकर बास्को बेसरा को विजयी दिलाने की बात कही।

पदयात्रा के अंत में समर्थकों ने विश्वास जताया कि आगामी नगर निगम चुनाव में वास्को बेसरा छड़ी छाप को भारी जनसमर्थन मिलेगा और क्षेत्र के हालात बदलेंगे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में "सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के लिए एआई का विस्तार: सार्वजनिक-निजी भागीदारी" विषय पर एक उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया

**- पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर परस्पर संचालित डिजिटल इकोसिस्टम में विकसित हुई है: केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव**

**- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने परस्पर संचालित डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम को मजबूत किया; ई-संजीवनी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में विश्व के सबसे बड़े टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म के रूप में उभरी;**

**- एआई स्वास्थ्य सेवा कार्यबल के बोझ को कम करते हुए चिकित्सक-रोगी संबंधों को मजबूत करेगा; मधुनेत्रएआई, सीए-टीबी और एआई-आधारित निगरानी प्रणालियों ने जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाया: श्रीमती पुण्या सलीला श्रीवास्तव**

**- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत एआई इम्पैक्ट एक्सपो-2026, भारत मंडपम में एआई-संचालित सीडीएसएस, बीओडीएच प्लेटफॉर्म, वॉयस-टू-टेक्स्ट प्रिस्क्रिप्शन और एआई-आधारित मीडिया निगरानी का प्रदर्शन किया**

**समाज जागरण**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के अंतर्गत "सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के लिए एआई का विस्तारः सार्वजनिक-निजी भागीदारी" विषय पर एक उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया।

भारत सरकार 16 से 20 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 की मेजबानी कर रही है। यह वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं, नीति निमार्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों एक साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसमें समावेशी और सतत विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा।

एक प्रमुख भागीदार मंत्रालय के रूप में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एक उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा, प्रमुख पहलों के शुभारंभ और अपने समर्पित प्रदर्शनी स्टॉल पर एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा समाधानों के प्रदर्शन के माध्यम से शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली ने अभिलेखों के बुनियादी डिजिटलीकरण और बेहतर डेटा रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर परस्पर सुगम डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने याद दिलाया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति ने सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण के उच्चतम संभव मानक को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य ब्लूप्रिंट के माध्यम से खुले मानकों, परस्पर सुगमता, गोपनीयता-आधारित डिजाइन और जनरेटिव एआई सहित उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देकर और कार्यान्वित किया गया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें 859 मिलियन से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट खाते 878 मिलियन से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड से जुड़े हुए हैं। देश भर में 1.80 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा स्तर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म को एकीकृत किया जा रहा है। एआई-सहायता प्राप्त क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम द्वारा संचालित ई-संजीवनी ने 2.2 लाख से अधिक पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 449 मिलियन से अधिक टेलीकंसल्टेशन को सक्षम बनाया है, जिससे यह प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में विश्व की सबसे बड़ी टेलीमेडिसिन पहल बन गई है।




उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणालियां सूचना के संग्रहण और प्रसारण को सक्षम बनाती हैं जबकि एआई इसकी बुद्धिमत्तापूर्ण व्याख्या और कार्रवाई को संभव बनाता है। उन्होंने कहा कि एआई में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों पर बोझ कम करने और चिकित्सक-रोगी संबंध को मजबूत करने की क्षमता है, न कि उसे प्रतिस्थापित करने की।

उदाहरण देते हुए, उन्होंने एआई-आधारित डायबिटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग के लिए मधुनेत्रएआई, तपेदिक का पता लगाने के लिए एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे और कफ अगेंस्ट टीबी (सीए-टीबी) जैसे ध्वनिक स्क्रीनिंग उपकरणों और तेजी से महामारी संबंधी अलर्ट के लिए एआई-एकीकृत निगरानी प्रणालियों का उल्लेख किया। उन्होंने एम्स दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और एम्स ऋषिकेश में स्वास्थ्य सेवा में एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना पर भी प्रकाश डाला।

सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने उद्योग और राज्य प्रतिनिधियों को सरकारी प्रणालियों के साथ काम करने, खरीद और डेटा ढांचे में सुधार करने और जमीनी स्तर पर सबसे उपयोगी एआई समाधानों की पहचान करने के अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समावेश और समानता के साधन के रूप में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत का जोर, विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, डिजिटल स्वास्थ्य और एआई के क्षेत्र में भारत की प्रगति का मार्गदर्शन करता रहेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) स्वास्थ्य सेवा वितरण में दक्षता को काफी हद तक बढ़ा सकती है और विशेष रूप से बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में त्वरित, डेटा-आधारित निर्णय लेने में सक्षम बना सकती है। उन्होंने कहा कि एआई-संचालित विश्लेषण लाभार्थियों की पहचान को मजबूत कर सकता है, दावों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित कर सकता है, धोखाधड़ी का पता लगा सकता है और सेवा उपयोग की निगरानी कर सकता है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और समग्र प्रणाली प्रदर्शन में सुधार होगा।

उन्होंने एआई समाधानों के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत डेटा प्रबंधन और गोपनीयता सुरक्षा उपायों द्वारा समर्थित अंतरसंचालनीय डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के व्यापक और जटिल स्वरूप को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि संसाधनों के बेहतर आवंटन, सेवाओं के बेहतर लक्ष्यीकरण और देश भर में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचार आवश्यक हैं।

इस पैनल में सरकार, उद्योग, बहुपक्षीय संगठनों और स्टार्टअप इकोसिस्टम के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने के लिए एआई नवाचारों को व्यापक स्तर पर लागू करने पर विचार-विमर्श किया जा सके। चचाओं में भविष्यसूचक विश्लेषण, प्रारंभिक रोग पहचान, टेलीमेडिसिन, स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वास्तविक समय की निगरानी के लिए एआई का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

मंत्रालय भारत मंडपम के हॉल 1 में स्टॉल संख्या 1.63 और 1.64 पर इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो-2026 में अपनी डिजिटल स्वास्थ्य और एआई पहलों का प्रदर्शन भी कर रहा है। इनमें एआई-संचालित क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (सीडीएसएस) शामिल है, जो रोगी सहायता फॉर्म के माध्यम से संरचित, बहुभाषी लक्षण संग्रह को सक्षम बनाता है और सटीक, विश्वसनीय और डेटा-आधारित नैदानिक निर्णय लेने में सहायता करता है।

इस प्रदर्शनी में आईआईटी कानपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से विकसित बोध (स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म) भी शामिल है, जो जनसंख्या स्तर पर तैनाती से पहले विभिन्न वास्तविक डेटासेट पर एआई मॉडल के मूल्यांकन को सक्षम बनाता है, जिससे स्वास्थ्य एआई में विश्वसनीय और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा मिलता है। इस प्लेटफॉर्म का औपचारिक शुभारंभ कल 17 फरवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा किया जाएगा।

प्रदर्शित की गई अन्य पहलों में एक वॉयस-टू-टेक्स्ट एआई मॉडल शामिल है जो डॉक्टर की आवाज को डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन में परिवर्तित करता है जिसे मौजूदा एचएमआईएस वर्कफ़्लो में सहजता से एकीकृत किया गया है और एक एआई-संचालित मीडिया निगरानी प्रणाली है जिसे बीमारी के प्रकोप के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेत उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया गया है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 से सहयोगात्मक कार्रवाई और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है जिससे सार्वजनिक हित के लिए एआई का उपयोग करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों के बीच साझेदारी संभव हो सकेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय इस शिखर सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और सभी के लिए सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में मिशन कर्मयोगी द्वारा सिविल सेवकों की एआई-सक्षम क्षमता निर्माण प्रदर्शित

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, मिशन कर्मयोगी डिजिटल और आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस-सक्षम शिक्षा द्वारा सरकार के हर क्षेत्र में क्षमता निर्माण मजबूत कर सिविल सेवा सुधार को व्यापक तौर पर आगे बढ़ा रहा है।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी 2026 तक आयोजित हो रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, सार्वजनिक हित में परिवर्तनकारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से अवगत कराने के लिए एक विशेष स्टॉल पर मिशन कर्मयोगी एआई-संचालित शिक्षण और शासन समाधान प्रदर्शित कर रहा है।

क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) और कर्मयोगी भारत (केबी) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित इस स्टॉल में आईजीओटी कर्मयोगी में शामिल किये गये एआई-सक्षम शिक्षण उपकरणों की नई पीढ़ी की जानकारी दी गयी है। ये उपकरण भूमिका-आधारित जानने-सीखने, व्यक्तिगत, बहुभाषी और दैनिक शासन कार्यों में समाहित करने के लिए तैयार किए गए हैं।




**प्रदर्शित की जा रही प्रमुख एआई-संचालित विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:**

एआई-संचालित क्षमता निर्माण योजनाएं (एआई-सीबीपी): यह ऐसा उपकरण है, जो भूमिकाओं और आधिकारिक मसौदों का विश्लेषण करता है, दक्षताओं का आकलन करता है, क्षमता में कमी की पहचान करता है और मंत्रालयों और विभागों के लिए भूमिका-विशिष्ट शिक्षण सामग्री तैयार करता है, जिससे तीव्र और डेटा-संचालित क्षमता नियोजन संभव होता है। एआई सारथीः यह संवादात्मक एआई लर्निंग गाइड है, जो अधिकारियों को उनकी भूमिका, दायित्वों और वास्तविक समय कार्य आवश्यकता अनुरूप प्रासंगिक पाठ्यक्रम और संसाधन का पता लगाने में सहायता करता है।

एआई ट्यूटरः यह इन-कोर्स सहायक है, जो जटिल अवधारणाओं को सरल बनाता है, प्रश्नों के उत्तर देता है और पाठ्यक्रम मॉड्यूल के भीतर प्रासंगिक स्पष्टीकरण और सारांश प्रदान करता है।

एआई-सक्षम प्रतिलेखन और बहुभाषी उपशीर्षकः सीखने को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने हेतु कई भारतीय भाषाओं में स्वचालित रूप से प्रतिलेख और उपशीर्षक तैयार करने में सहायक है।

एआई रिकमेंडेशन इंजनः सीखने वालों की प्रोफाइल, भूमिका और पिछले जानने-सीखने के व्यवहार आधारित वैयक्तिकृत पाठ्यक्रम सुझाव देकर निरंतर और लक्षित कौशल विकास को सक्षम बनाता है।

मिशन कर्मयोगी स्टॉल पर इस प्लेटफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रमों की विस्तारित सूची प्रदर्शित की गई है, जिनका उद्देश्य सरकार में एआई साक्षरता और व्यावहारिक एआई क्षमता निर्मित करना है। पाठ्यक्रमों में एआई के मूल सिद्धांत, शासन में एआई अनुप्रयोग, संगठनात्मक एआई रणनीति और उभरती प्रौद्योगिकी से जुड़े जोखिम और अवसर शामिल किये गये हैं।

शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में, 20 फरवरी 2026 को "विकसित भारत के लिए एआईः क्षमता निर्माण की अनिवार्यता" विषय पर एक पैनल परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसमें पारिस्थितिकी तंत्र के दिग्गज और विशेषज्ञ विमर्श करेंगे कि एआई-सक्षम शिक्षण प्रणालियां शासन परिणामों और संस्थागत क्षमता को कैसे गति प्रदान कर सकती हैं।

इससे पहले, विज्ञान भवन में "क्षमता निर्माण में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसः शासन में बदलाव" विषय पर सम्मेलन पूर्व कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें एआई पहल और सार्वजनिक क्षेत्र के क्षमता विकास में गहन संबंध पर संदर्भ तैयार हुआ।

मिशन कर्मयोगी विश्व का सबसे बड़ा सिविल सेवा क्षमता निर्माण सुधार पहल है, जिसका उद्देश्य शासन प्रणाली को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित व्यवस्था में परिवर्तित करना है। इस सुधार का मूल आधार आई गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म है, जो सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण के लिए भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा है। अभी इस प्लेटफॉर्म से केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.4 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता जुड़े हुए हैं, जिन्हें निरंतर अधिगम और व्यावसायिक विकास में सहयोग देने के 4,300 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

शिखर सम्मेलन में मिशन कर्मयोगी स्टॉल भारत सरकार की सार्वजनिक सेवा क्षमता मजबूत करने और शासन परिणामों में सुधार के लिए दायित्वपूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# इस्पात मंत्रालय ने मंडी गोविंदगढ़ में चिंतन शिविर का आयोजन किया जिसमें द्वितीयक इस्पात क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए हरित इस्पात पर विचार-विमर्श किया गया

## सरकार, औद्योगिक उद्यम और उद्योगपतियों द्वितीयक इस्पात के लिए हरित इस्पात उत्पादन के महत्व, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए

**समाज जागरण**

मंडी गोबिंदगढ़ स्थित राष्ट्रीय द्वितीयक इस्पात प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएसएसटी) में एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही देश में हरित इस्पात उत्पादन पर विचार-विमर्श की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन इस्पात मंत्रालय के सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने किया। अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, संयुक्त सचिव और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ औद्योगिक उद्यमों, तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग संघों और द्वितीयक इस्पात क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।




इस्पात सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने अपने संबोधन में द्वितीयक इस्पात क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला, जो देश में कुल इस्पात उत्पादन का लगभग 47 प्रतिशत योगदान देता है। भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां उत्पादन, खपत और स्थापित क्षमता में प्रतिवर्ष 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उन्होंने द्वितीयक इस्पात क्षेत्र के विकास में एनआईएसएसटी की भूमिका की सराहना की। उन्होंने सभा को सूचित किया कि एनआईएसएसटी देश के विभिन्न इस्पात समूहों में महीने में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके अपने उद्देश्यों को पूरा कर रहा है। एनआईएसएसटी को हरित इस्पात प्रमाणन के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है और इसने अब तक 76 उद्योगों (10.98 मीट्रिक टन) को हरित इस्पात प्रमाणपत्र जारी किए हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को सूचित किया कि इस्पात मंत्रालय प्रौद्योगिकी सुधार और परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए द्वितीयक इस्पात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रोत्साहन योजना पर काम कर रहा है। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव और एनआईएसएसटी के अध्यक्ष श्री दया निधान पांडे ने भी द्वितीयक इस्पात क्षेत्र की क्षमता निर्माण में एनआईएसएसटी की भूमिका पर प्रकाश डाला। चिंतन शिविर-2026 में इस्पात क्षेत्र में उभरती कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित विचार-विमर्श किया गया जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ब्लास्ट फर्नेस में हरित हाइड्रोजन का उपयोग और रोटरी भट्टी आधारित लौह निर्माण में हाइड्रोजन का उपयोग शामिल है। सत्रों में ग्रिड पर निर्भरता कम करने और ऑफ-पीक नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए द्वितीयक इस्पात क्षेत्र में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की तैनाती पर भी चर्चा हुई। चचाओं में जल गैस को अपचायक के रूप में उपयोग करके ऊर्ध्वाधर शाफ्ट आधारित डीआरआई उत्पादन पर प्रकाश डाला गया जिससे कम उत्सर्जन के साथ ईंधन और कच्चे माल में लचीलापन संभव हो पाता है। मिश्र धातु इस्पात उत्पादों के निर्यात अवसरों की समीक्षा की गई, साथ ही कार्बन सीमा समायोजन तंत्र से उत्पन्न चुनौतियों पर भी विचार किया गया।

चचाओं में हरित इस्पात की आगामी प्रौद्योगिकियों, नई उपलब्धियों और हरित इस्पात उत्पादन की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। विचार-विमर्श में नीति निमार्ताओं, उद्योगपतियों और तकनीकी विशेषज्ञों के दृष्टिकोणों को एक साथ लाया गया जिसका उद्देश्य हरित इस्पात उत्पादन और सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ना था।

# रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के गैस टरबाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान में स्वदेशी सैन्य गैस टरबाइन इंजन विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 6 फरवरी, 2026 को बेंगलुरु स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के गैस टरबाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) का दौरा किया और स्वदेशी सैन्य गैस टरबाइन इंजन विकास से सम्बंधित परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। रक्षा मंत्री को प्रतिष्ठान की निमार्णाधीन परियोजनाओं, भारतीय उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ हुए संवाद और रक्षा बलों को प्रदान किए जा रहे समर्थन के बारे में जानकारी भी दी गई। उन्होंने विभिन्न स्वदेशी इंजनों और उनके पुर्जों की प्रदर्शनी का भी दौरा किया और कावेरी इंजन के पूर्ण आफ्टरबर्नर परीक्षण को देखा।

रक्षा मंत्री ने वैज्ञानिकों और अधिकारियों से बातचीत करते हुए आत्मनिर्भरता से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के लिए जीटीआरई की सराहना की और डीआरडीओ को देश की रणनीतिक क्षमता का आधार बताया। उन्होंने वर्तमान तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एयरो इंजन प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया और कहा कि देश में एयरो इंजनों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में परिवर्तन आ रहा हैं और नए इकोसिस्टम विकसित हो रहे हैं। स्वदेशी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों वाले राष्ट्र सुरक्षित, संरक्षित और आत्मनिर्भर बने रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

जीटीआरई के महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र में हुए प्रयासों के बारे में श्री राजनाथ सिंह ने प्रयोगशाला से आग्रह किया कि वह एक राष्ट्रव्यापी मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करते हुए अगली पीढ़ी के इंजनों पर ध्यान केंद्रित करे और साथ ही एयरो इंजनों में आत्मनिर्भरता हासिल करे। उन्होंने यह भी कहा कि हम उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के डिजाइन और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने अतीत में एयरो इंजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के कई प्रयास किए हैं। अब उन प्रयासों को पूरा करने का समय आ गया है। हम खुद को केवल पांचवीं पीढ़ी के इंजनों तक सीमित नहीं रख सकते । हमें जल्द से जल्द छठी पीढ़ी की उन्नत तकनीकों का विकास शुरू करना होगा। इन पर शोध समय की मांग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और नई सामग्रियों का उपयोग बढ़ रहा है। हमें इस क्षेत्र में अग्रणी बने रहना होगा।

रक्षा मंत्री ने एयरो इंजन के विकास को एक अत्यंत जटिल कार्य बताया। इसमें ऊष्मागतिकी, पदार्थ विज्ञान, द्रव यांत्रिकी और उन्नत यांत्रिक अभियांत्रिकी का समावेश होता है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को भी अगली पीढ़ी के इंजन विकसित करने में अक्सर 25-30 साल लग जाते हैं, और उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों से देश की रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समयसीमा को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें यह मानकर चलना होगा कि 20 साल बीत चुके हैं और अब हमारे पास केवल 5-7 साल बचे हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप कार्रवाई का आह्वान बताया। ऑपरेशन सिंदूर की बात करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान रक्षा बलों ने रक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि संचार प्रणाली हो, निगरानी उपकरण हों या आक्रमण हथियार, सब कुछ स्वदेशी था। इससे हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा और नागरिकों में गर्व की भावना पैदा हुई। बदलती चुनौतियों को देखते हुए, स्वदेशी पद्धतियों पर अधिक ध्यान देना और अपनी सेनाओं को विश्व स्तरीय प्रणालियां और उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

रक्षा मंत्री ने एयरो इंजन विकास के लिए ब्रिटेन के साथ संयुक्त अध्ययन की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एयरो इंजन मिशन के तहत फ्रांस के साथ भी एयरो इंजन के लिए यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्रांस और ब्रिटेन दोनों ही एयरो इंजन प्रौद्योगिकी में काफी उन्नत हैं। ये सहयोग न केवल हमें नई प्रौद्योगिकियों को सीखने का अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि पिछले दशकों में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में भी मदद करेंगे।

श्री राजनाथ सिंह ने ऐसी जटिल प्रौद्योगिकियों की दोहरे उपयोग की क्षमता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि जीटीआरई उच्च तापमान वाले कंपोजिट बना रही है। इससे भविष्य में नागरिक उड्डयन, बिजली उत्पादन और अंतरिक्ष क्षेत्रों को काफी लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का पवेलियन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई-केंद्रित पैनल और सत्रों की मेजबानी करेगा

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एमआईबी पवेलियन में पैनल चर्चा, मास्टरक्लास और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन होंगे जो मीडिया और मनोरंजन पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव का पता लगाएंगे। इनमें एआई-संचालित प्रोडक्शन वर्कफ़्लो, बहुभाषी वॉयस टेक्नोलॉजी, गेमिंग इनोवेशन, कंटेंट मोनेटाइजेशन और जिम्मेदार एआई फ्रेमवर्क शामिल हैं। मुख्य आकर्षणों में इंटरैक्टिव एआई माइक्रो-ड्रामा स्टोरीटेलिंग, एडोब के साथ साझेदारी में बनी कथावतार एआई-जनरेटेड लघु फिल्में और फिल्म निर्माण तथा सांस्कृतिक प्रामाणिकता के विकास की जांच करते हुए एआई-संचालित स्टोरीटेलिंग पर शेखर कपूर का मास्टरक्लास शामिल हैं। सत्रों में एलटीएम ब्लूवर्स, एडब्ल्यूएस, गूगल विद एवरजेंट, सोनी रिसर्च इंडिया, पर्पलटॉक, डैशवर्स, पॉकेट एफएम, कुकू एफएम और लुमिकाई के नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा, जो ज्ञान के आदान-प्रदान, नीतिगत संवाद और जिम्मेदार एआई रचनात्मक सेवाओं में भारत के नेतृत्व को बढ़ावा देंगे।




**51 स्टार्टअप एआई नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे**

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में, भारत के एवीजीसी-एक्सआर और मीडिया टेक सेक्टर के 51 स्टार्टअप वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर में एआई-संचालित नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। यह प्लेटफॉर्म इमर्सिव स्टोरीटेलिंग, गेमिंग, वर्चुअल प्रोडक्शन और अगली पीढ़ी की कंटेंट टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करता है। मुख्य आकर्षणों में जीरो-टच ऑटोनॉमस न्यूजरूम, बहुभाषी डबिंग और एआई साइन लैंग्वेज अवतारों के साथ भाषा-वॉल, संवाद सेतु और द डायरेक्टर्स चेयर जैसे इंटरैक्टिव अनुभव, एक एआई पॉडकास्ट स्टूडियो, संवादात्मक ह्यूमनॉइड रोबोट और वॉयस क्लोनिंग शामिल हैं। भाषासेतु और कलासेतु चैलेंज के विजेता सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भाषाई पहुंच को बढ़ाने वाले एआई-संचालित टूल भी प्रस्तुत करेंगे, जो भारत के रचनात्मक तकनीकी नेतृत्व को प्रदर्शित करते हैं।

भारत के एआई-सक्षम रचनात्मक इकोसिस्टम को उजागर करने के लिए एमआईबी और एडोब ने साझेदारी की

एडोब, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान एमआईबी पवेलियन, वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर में एआई-संचालित रचनात्मक पहलों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करेगा। इस सहयोग के तहत, एडोब भारतीय लोककथाओं से प्रेरित पांच मेड-इन-इंडिया एआई लघु फिल्मों का एक विशेष प्रदर्शन 'कथावतार' प्रस्तुत करेगा। 'लैंग्वेज ऑफ बर्ड्स', 'मिगोई', 'उत्तरायण', 'द बार्बर्स सीक्रेट' और 'याप्पसौरस' नामक ये फिल्में वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर के एआई थिएटर में पूरे शिखर सम्मेलन के दौरान दिखाई जाएंगी। यह प्रदर्शन भारतीय फिल्म निमार्ताओं की नई पीढ़ी को उजागर करेगा जो कहानी कहने और सिनेमाई शिल्प में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। एडोब "फिल्म का भविष्यः एआई, रचनात्मकता और शिल्प" शीर्षक से एक विषयगत सत्र की मेजबानी भी करेगा, जो उभरती हुई एआई फिल्म निर्माण पद्धतियों और विकसित हो रहे रचनात्मक कार्यप्रवाहों पर केंद्रित होगा।

इसके अतिरिक्त, एडोब द्वारा संचालित कंटेंट क्रिएशन हब, आधुनिक कंटेंट क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किए गए एआई-आधारित वीडियो निर्माण कार्यकलाप का प्रदर्शन करेगा, जो तेज उत्पादन, बेहतर रचनात्मकता और परिमाण योग्य कंटेंट डेवलपमेंट को सक्षम बनाने वाले टूल के बारे में जानकारी प्रदान करेगा।

इन पहलों के माध्यम से, एडोब और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का उद्देश्य एआई-सक्षम रचनात्मकता में भारत के बढ़ते नेतृत्व को प्रदर्शित करना और मीडिया एवं मनोरंजन इकोसिस्टम में नवाचार को मजबूत करना है।

# 404 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

16 फरवरी। बिहार में वर्ष 2016 से लागू मद्य निषेध कानून के बावजूद जिले में शराब तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर लगातार नए-नए हथकंडे अपनाकर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि इस धंधे में नवयुवकों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत कोचाधामन थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। चारघरिया चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान किशनगंज की ओर से आ रही एक उजले रंग की XUV 500 (रजि० नं० BR01PG6164) को रोका गया। पूछताछ में चालक ने वाहन खाली होने की बात कही, लेकिन संदेह के आधार पर की गई तलाशी




में वाहन से कुल 404 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर उसमें मौजूद तीन मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिए।

इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड सं० 88/2026 के तहत धारा 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष राज (24 वर्ष), शिल कुमार (21 वर्ष) एवं आशीष कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों अलग-अलग जिलों के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है।

छापेमारी दल का नेतृत्व कोचाधामन थाना के थानाध्यक्ष पु०नि० रंजय कुमार सिंह ने किया। उनके साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# किशनगंज में तीन लाख चार हजार से अधिक महिलाओं के खाते में पहुँची राशि

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिले की तीन लाख चार हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में सहायता राशि अंतरण की गई। मेची सभागार, जिला परिषद किशनगंज में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह से जुड़कर इस अवसर को देखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यभर के 25 लाख लाभार्थियों के खातों में लगभग 2,500 करोड़ रुपये की राशि भेजी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 10 हजार रुपये की प्रारंभिक सहायता दी जा रही है, जिससे वे किराना दुकान, मनिहारी,




सब्जी बिक्री, सिलाई-कढ़ाई, चाय-नाश्ता स्टॉल, पशुपालन आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार शुरू कर सकें।

जिला पदाधिकारी विशाल राज ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त राशि का सदुपयोग कर अपने उद्यम को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने यह भी बताया कि उद्यम की प्रगति के मूल्यांकन के बाद आगे अधिकतम दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी।

जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक अनुराधा चंद्रा ने बताया कि जिले की महिलाएँ इस योजना से जुड़कर तेजी से स्वरोजगार की ओर बढ़ रही हैं। बहादुरगंज प्रखंड के गांगी पंचायत की कुलसुम बेगम ने चूड़ी बिक्री का व्यवसाय शुरू कर नियमित आय अर्जित करनी शुरू कर दी है। वहीं किशनगंज सदर प्रखंड के बेलवा पंचायत की लाडली बेगम ने चाट-चाउमीन की दुकान खोलकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा एवं नप मुख्य पार्षद इंद्रदेव पासवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएँ आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार की आय बढ़ाएँ। अधिकारियों ने कहा कि स्वरोजगार से न केवल आर्थिक स्थिति सुधरती है, बल्कि समाज में महिलाओं का सम्मान और आत्म विश्वास भी बढ़ता है।

जिले के सभी सात प्रखंड मुख्यालयों, संकुल संघों एवं ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ एवं अन्य महिलाएँ प्रोजेक्टर, टेलीविजन और टैब के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने यह सिद्ध किया है कि अवसर और संसाधन मिलने पर महिलाएँ आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर सकती हैं, जिससे परिवार और समाज दोनों सशक्त होते हैं।

# सिविल कोर्ट गेट एनएच- 27 पर ट्रैफिक सुरक्षा का गंभीर संकट, अधिवक्ता रविकांत ने मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज। शहर के सिविल कोर्ट मुख्य प्रवेश द्वार के समीप National Highway(एनएच-27)पर लगातार बनी ट्रैफिक अव्यवस्था को लेकर अधिवक्ता रविकांत ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में Patna High Court के माननीय मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर स्वतः संज्ञान लेने और जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में सुनवाई करने की मांग की है।



अपने पत्र में अधिवक्ता रविकांत ने उल्लेख किया है कि एनएच-27 पर कोर्ट गेट के पास न तो ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती है और न ही कोई ट्रैफिक सिग्नल या व्यवस्थित नियंत्रण व्यवस्था। तेज रफ्तार बसों और ट्रकों के बीच से प्रतिदिन सैकड़ों अधिवक्ता, वादी, न्यायालय कर्मचारी एवं आम नागरिकों को सड़क पार करनी पड़ती है। इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि किशनगंज जिला बार एसोसिएशन द्वारा पूर्व में जिला प्रशासन को लिखित शिकायत दी जा चुकी है, जिसमें व्यस्त समयावधि के दौरान ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और सिग्नल लगाने की मांग की गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सिविल कोर्ट के आसपास 500-700 मीटर के दायरे में कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय–जैसे बस स्टैंड, नगर परिषद, जिला पंजीकरण कार्यालय, परिवहन कार्यालय, डाकघर, डीएम एवं एसपी कार्यालय, थाना तथा मंडल कारा–स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों का इस क्षेत्र से आवागमन होता है, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांगजन भी शामिल हैं। ऐसे में पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

अधिवक्ता रविकांत ने अपने पत्र में कोर्ट गेट के पास तत्काल ट्रैफिक पुलिस की तैनाती, सिस्टेमेटिक ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना, स्पीड ब्रेकर एवं जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण तथा चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र न्यायिक हस्तक्षेप आवश्यक है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# हज यात्रा: इबादत से पहले एहतियात, स्वास्थ्य सुरक्षा बनी पहली शर्त

## किशनगंज में हज यात्रियों के लिए विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 फरवरी। इबादत की पवित्र राह पर कदम बढ़ाने से पहले एहतियात की तैयारी–इसी सोच के साथ किशनगंज में हज यात्रियों के लिए विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष जिले से 140 हज यात्री पवित्र यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। उनकी सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं।



सदर अस्पताल, किशनगंज में आयोजित इस विशेष शिविर में अब तक 80 यात्रियों को मैनिंजाइटिस और पोलियो के टीके लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि हज के दौरान लाखों लोगों की भीड़ एकत्रित होती है, ऐसे में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए टीकाकरण को अनिवार्य बनाया गया है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि यह पहल केवल यात्रियों की व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिवार और समाज को भी संभावित संक्रमण से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शेष यात्रियों का टीकाकरण भी शीघ्र पूरा कर प्रमाणपत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि मैनिंजाइटिस भीड़भाड़ वाले स्थानों में तेजी से फैलने वाला गंभीर संक्रमण है, जबकि पोलियो टीकाकरण अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए अनिवार्य है। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के यात्रियों को इन्फ्लूएंजा (फ्लू) का टीका भी लगाया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अनवर आलम ने बताया कि बुजुर्ग यात्रियों की प्रतिरक्षा क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है, इसलिए अतिरिक्त सुरक्षा के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

टीकाकरण के बाद यात्रियों के चेहरों पर संतोष और सुकून साफ झलक रहा था। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि अब वे पूरी निश्चिंतता और विश्वास के साथ हज यात्रा पर रवाना होंगे। जिला स्वास्थ्य विभाग का संदेश स्पष्ट है–आस्था के साथ सुरक्षा भी जरूरी है। हज की तैयारी अब पूरी है, और इबादत की इस पवित्र यात्रा में स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

# सूचना का अधिकार संविधान की आत्मा है – मोहम्मद अनसार खाँ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 फरवरी 2026 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत लंबित एक वाद में माननीय राज्य सूचना आयुक्त द्वारा पारित आदेश के बाद राष्ट्रीय आरटीआई एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अनसार खाँ ने कहा कि सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि भारतीय संविधान की आत्मा – पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक सशक्तिकरण – का जीवंत प्रतिबिंब है। यह वाद आचार्य नरेंद्र देव (एएनडी) कॉलेज, शाहपुर पटोरी के लोक सूचना पदाधिकारी सह तत्कालीन प्राचार्य के विरुद्ध दायर किया गया था। महाविद्यालय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से संबद्ध है।

दिनांक 16.02.2026 को हुई सुनवाई में माननीय राज्य सूचना आयुक्त ने सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. जय शंकर प्रसाद को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया। साथ ही यह स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया कि उन पर अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत जुमार्ना क्यों न लगाया जाए तथा विधिसम्मत कार्यवाही क्यों न की जाए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोहम्मद अनसार खाँ ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के अंतर्गत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार न्यायालयों की व्याख्या के अनुसार जानकारी प्राप्त करने के अधिकार को भी समाहित करता है। सूचना का अधिकार अधिनियम इसी संवैधानिक भावना का विधिक विस्तार है, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई सार्वजनिक प्राधिकरण सूचना देने में अनावश्यक विलंब करता है या अपने दायित्वों की उपेक्षा करता है, तो यह केवल अधिनियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि संविधान में निहित पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों की अवहेलना है।

राज्य सूचना आयोग के आदेश को लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्णय स्पष्ट करता है कि सूचना के अधिकार से जुड़े दायित्वों को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

खाँ ने स्पष्ट किया कि उनकी पहल किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता, सुशासन और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा, सूचना का अधिकार नागरिक और शासन के बीच विश्वास का सेतु है।

# सदर अस्पताल किशनगंज में लापरवाही से नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज शहर के मोती बाग निवासी कालू मंडल के नवजात शिशु की मौत के बाद सोमवार रात सदर अस्पताल किशनगंज में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी चिकित्सकों और कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, छह दिन पूर्व प्रसव के लिए कालू मंडल की पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जन्म के बाद नवजात को कमजोर बताते



हुए उसे स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (SNCU) में भर्ती किया गया। बताया गया कि बच्चे का इलाज चल रहा था, लेकिन देर रात अचानक उसकी मौत की सूचना दे दी गई। मृतक के पिता कालू मंडल का आरोप है कि घटना के समय वार्ड में कोई डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। उनका कहना है कि यदि समय पर चिकित्सकीय देखभाल मिलती तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने इसे अस्पताल की सीधी लापरवाही करार दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। अस्पताल परिसर में कुछ देर तक अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बनी रही। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा न्याय की मांग की है।

# 1.45 करोड़ में वीर कुंवर सिंह बस टर्मिनल की डाक, सुबीर कुमार को संचालन का अधिकार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 फरवरी,किशनगंज नगर परिषद परिसर में सोमवार को वीर कुंवर सिंह बस टर्मिनल की डाक प्रक्रिया पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कुल 1 करोड़ 45 लाख रुपये की सर्वोच्च बोली लगाकर सुबीर कुमार ने बस टर्मिनल संचालन का अधिकार प्राप्त किया।



नगर परिषद द्वारा आयोजित इस डाक प्रक्रिया में कई इच्छुक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप हुई बोली में प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंततः सर्वाधिक बोली लगाने वाले सुबीर कुमार के नाम ठेका तय किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बस पड़ाव की बंदोबस्ती 1 करोड़ 45 लाख रुपये में हुई है। इसके अतिरिक्त डे मार्केट मछली बाजार की बंदोबस्ती 3 लाख 66 हजार रुपये तथा माधव नगर सब्जी मंडी की बंदोबस्ती 11 लाख 29 हजार रुपये में संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की गई है। इससे नगर परिषद को राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे शहर में सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत एवं अन्य विकास कार्यों को गति मिलेगी।

नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि नई बंदोबस्ती के बाद बस टर्मिनल एवं बाजार क्षेत्रों में व्यवस्थाएं और बेहतर होंगी, जिससे आमजन को सुविधा होगी।

# पटना में मृत छात्रा के परिवार से मिलने पहुंचे राजद जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ में छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के निर्देश पर पार्टी का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकमूसा गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता के पिता से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।



इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राजद के पटना जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव ने किया। उनके साथ हरिनारायण यादव, दीपक मांझी, विक्की आनंद मेहता और वकील यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता भी गांव में उपस्थित रहे। दीनानाथ यादव ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग उठाई। उन्होंने राज्य सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रपति शासन लगाने पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल इस घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। वहीं स्थानीय लोगों में भी न्याय की मांग को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है।

# पटना जिले के पालीगंज में निकली भव्य शोभा यात्रा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार स्थित बड़ी काली मंदिर में गणेश के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।



जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज नगर पंचायत में ग्रामीणों की ओर से गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। जिसमे गणेश के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसके दौरान डीजे की धुन पर जय श्रीराम का नारेवाजी तथा जयघोष करते हुए सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालुओ ने सिर पर कलश लेकर चल रहे थे। यह यात्रा पालीगंज बाजार से होकर निरखपुर, फतेहपुर, सेहरा व चंदोस होते हुए मठिया गांव स्थित पुनपुन नदी पहुंचे। जहां पंडितों ने मंत्रोच्चार कर पूरे बिधि विधान के साथ श्रद्धालुओ को जलभरि कराया। जहां से श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर पुनः मंदिर परिसर में लौट गए। जहां पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रूप से पूजा पाठ की शुरूआत कराया।

# नबीनगर ब्लॉक के समीप अवंतिका टी हाउस का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर ब्लॉक के समीप स्थित अंकिता टी हाउस का उद्घाटन किया गया है। दुकानदार ने बताया कि यहाँ आधुनिक प्रणाली से पूरी तरह गुड़ से निर्मित चाय उपलब्ध है, जो ग्राहकों को काफी पसंद आएगी। गुड़ स्वास्थ्य के लिए भी ठीक है, इसलिए यहाँ की चाय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी है।अवंतिका टी हाउस का उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध और स्वादिष्ट चाय प्रदान करना है। यहाँ की चाय की विशेषता है कि इसमें गुड़ का उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। दुकानदार ने बताया कि ग्राहकों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है और वे यहाँ की चाय को पसंद कर रहे हैं।




# पटना के फुलवारी शरीफ में माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ में फर्जी मुकदमे और आजीवन कारावास के विरोध में माले की ओर से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि भोरे विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कॉमरेड जितेन्द्र पासवान को राजनीतिक द्वेष के कारण फर्जी मुकदमे में फंसाया गया है। मार्च में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2020 के चुनाव में उन्हें लगभग 400 वोट से हराया गया था। इसके बाद वर्ष 2025 के चुनाव में नामांकन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार उनकी लोकप्रियता से घबराई हुई है। भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने भगत सिंह चौक पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय की मांग करने वाले लोगों




को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर फुलवारी शरीफ में कोचिंग की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसे छत से फेंकने के बाद उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के विरोध में न्याय की मांग करने वाले फुलवारी शरीफ के पूर्व विधायक कॉमरेड गोपाल रविदास सहित पांच लोगों को नामजद किया गया तथा सैकड़ों लोगों को अज्ञात अभियुक्त बनाकर फंसाया गया है। इसे लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि फर्जी मुकदमों में फंसाकर न्याय की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। इतना ही नहीं पुलिस ने जिन लोगों को पकड़ा था उन्हें छोड़ दिया तो पुलिस को बताना चाहिए ना कि आखिर दोषी कौन है। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने किया। मार्च में साधु शरण प्रसाद, देवी लाल पासवान, मंटू साह, भोला चौधरी, शकुंतला देवी, रंजन दास, मो. गोरख सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# हर्षोल्लास के साथ निकली शिव बारात:छऊ नृत्य बना आकर्षण

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।महाशिवरात्रि पर रविवार शाम प्रखंड में भव्य शिव बारात निकाली गई ।विष्णुगढ़ थाना शिव मंदिर से निकाली गई बारात में छऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र बना ।बड़ी संख्या में शिव भक्त डीजे और ढोल-नगाड़ा की धुन पर नाचते गाते नजर आए ।नगर भ्रमण में निकले महादेव से श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की ।इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे ।मौके पर महाशिवरात्रि थाना परिसर संघ के अध्यक्ष सपन कुमार महथा,चंदन कुमार सिंह,दीपक कुमार सिंह,संत कुमार पाठक,रतन कुमार मंडल,ललित कुमार मिश्रा,विनोद सिंह,राहुल कुमार गुप्ता,शशि लाहकर,संजय कुमार ,दिनेश्वर साव,अजय साव,शैलेन्द्र कुमार सिंह,सुरेंद्र यादव,रणविजय,प्रिय रंजन,अनुज कुमार,रविंद्र कुमार वर्णवाल,दीपक कुमार,बिपिन कुमार,बसंत नारायण



सिंह,रवि पाण्डेय,रामचंद्र यादव,अमित विश्वकर्मा,सनी लाहकर,अजीत नायक,रूपलाल महतो,राहुल कुमार ,आलोक कुमार,आर्यन कुमार,समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विष्णुगढ़ थाना के पुलिस परिवार शामिल थे।

# नबीनगर में तीन घरों में चोरी , चोरो ने लाखों की नकदी और जेवरात उड़ाए

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत क्षेत्र के अनन्दुआ गांव में चोरी की बड़ी वारदात हुई है, जहां अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित मनोज ठाकुर, रामजन्म राम और मुन्ना राम के घरों से चोरी हुई संपत्ति की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है ।मनोज ठाकुर ने बताया कि चोरों ने उनके घर में रखे



बक्से को तोड़कर लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर, करीब 60 हजार रुपये के चांदी के गहने तथा 45 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। वहीं रामजन्म राम और मुन्ना राम द्वारा भी बताया कि उनके घरों से भी लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी हुई है। मामले में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़ितों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।